सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.2 न्यू | 22.0 अधि |
| धर्मशाला | 16.7 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,527 |
| निफ्टी | 23,622 |
| सोना 1,48,000 | चांदी 2,42,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 14 जून 2026 | 31 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 166, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### अरुणाचल प्रदेश: सड़क हादसे में पांच युवकों की मौत

**एजेंसी, सेप्पा (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के सेप्पा क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में असम के लखीमपुर जिले के पांच युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक जिस वाहन में सवार थे, वह पहाड़ी सड़क पर अचानक नियंत्रण खो बैठा और गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सभी पांचों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी लखीमपुर जिले के नावबोइचा क्षेत्र के निवासी थे और रोजगार के सिलसिले में अरुणाचल प्रदेश में रह रहे थे। इस दुखद घटना से मृतकों के परिवारों तथा स्थानीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। (अनंत ज्ञान)

### पाक में पेट्रोल 4 व डीजल दो रुपया हुआ सस्ता



**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 4 रुपए और हाई स्पीड डीजल के दाम में 2 रुपए की कटौती की है। इससे यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 373.78 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) और डीजल की कीमत 378.78 रुपए प्रति लीटर पर आ गई हैं। नई कीमतें आज यानी 13 जून से लागू हो गई हैं। पांच हफ्तों में पेट्रोल की कीमत कुल-मिलाकर 41 रुपए प्रति लीटर कम हो चुकी है। इससे पहले यानी पिछले हफ्ते भी सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 4 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। हालांकि, उस समय हाई-स्पीड डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया था और वह 380.78 रुपए पर स्थिर था। (अनंत ज्ञान)

### पीओके में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत

**एजेंसी, मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते 4 दिनों से चल रहे आंदोलन में अब तक 46 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिनों में 1100 से ज्यादा लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। दरअसल, पीओके में विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों लेकर विवाद चल रहा है। ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं जो जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में जाकर बसे थे। पीओके सुप्रीम कोर्ट ने 7 जून को आरक्षण खत्म करने की मांगों को खारिज कर दिया और कहा कि संवैधानिक संशोधन सरकार से छीनी जाने वाली कोई रियायत नहीं है। इस फैसले के बाद जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी इन सीटों को खत्म करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है।इस वजह से मुजफ्फराबाद, मीरपुर में बाजार, स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में गोलीबारी में एक की मौत, 10 घायल

**एजेंसी, टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के मिडलैंड शहर में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक संदिग्ध हमलावर की पहचान 45 वर्षीय विक्टर माता वियारियल के रूप में हुई है, जो ओडेसा का रहने वाला था। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 8 बजे एक औद्योगिक इलाके से गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद संदिग्ध और पुलिस के बीच करीब दो घंटे तक आमना-सामना चलता रहा। बाद में अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध की मौत हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# असम में वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच जवान शहीद

## लैंडिंग के दौरान हुआ हादसा, सह-पायलट गंभीर रूप से घायल

**एजेंसी, जोरहाट (असम)**





असम के जोरहाट स्थित रौरिया एयरफोर्स स्टेशन पर शनिवार को भारतीय वायुसेना का एक एएन-32 परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दर्दनाक हादसे में वायुसेना के पांच कर्मी शहीद हो गए, जबकि सह-पायलट गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद जीवित बच गया है और उनका इलाज चल रहा है।

भारतीय वायु सेना ने इस हादसे को लेकर बयान जारी करते हुए कहा कि असम के जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में अपने पांच कर्मियों के खोने का गहरा दुख है। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। भारतीय वायु सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़ी है।

भारतीय वायुसेना के अधिकारियों के अनुसार,एएन-32 परिवहन विमान अरुणाचल प्रदेश से जोरहाट लौट रहा था। इसी दौरान लैंडिंग के समय विमान हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना एयरबेस परिसर के भीतर ही हुई, जिसके बाद विमान में आग लग गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमान एयरबेस पर उतर रहा था, तभी यह क्रैश हो गया। हादसे की वजह से एयरफोर्स का विमान दो टुकड़ों में टूट गया और वहां से आग और धुएं का गुबार उठता दिखा। विमान में सवार कर्मियों की संख्या और उनकी स्थिति को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय वायुसेना अपने पुराने एएन-32 और आईएल-76 मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान की ढुलाई की जरूरतें पूरी की जा सकें। (अनंत ज्ञान)


### शहादत पर खड़गे और प्रियंका ने जताया शोक

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम में वायुसेना के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में पांच जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा कि असम में वायुसेना के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना में पांच बहादुर जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक-संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि देश अपने वीर जवानों और उनके परिवारों का सदैव ऋणी रहेगा।

# 400 वर्क इंस्पेक्टर पदों पर जल्द होगी भर्ती : मुख्यमंत्री सुक्खू

## रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता, युवाओं की शक्ति पर सरकार का भरोसा

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं के लिए एक और महत्वपूर्ण सौगात देते हुए भर्ती निदेशालय के अंतर्गत 400 वर्क इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती को की मंजूरी प्रदान की है।


मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में कहा कि युवा प्रदेश की प्रगति और विकास के सबसे बड़े वाहक हैं तथा उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार की क्षमता को सही दिशा देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने सत्ता संभालने के बाद भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में 400 वर्क इंस्पेक्टर पदों को भरने का निर्णय लिया गया है, जिससे योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को सरकारी सेवा में आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों से न केवल बेरोजगार युवाओं को राहत मिलेगी बल्कि विभिन्न विकास कार्यों और परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी।

### युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है सरकार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य केवल नौकरियां देना नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए विश्वास, अवसर और प्रगति का ऐसा वातावरण तैयार करना है जिसमें उनकी प्रतिभा को पूरा सम्मान मिले। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 400 वर्क इंस्पेक्टर पदों पर होने वाली भर्ती से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विकास योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के सपनों को साकार करना और उन्हें विकास की मुख्यधारा में अग्रणी भूमिका देना सरकार का संकल्प है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है।

# हिमाचल में बारिश-बर्फबारी से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। शनिवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर जारी रहा। वहीं, कई जगह ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई है, जिससे मौसम सुहाना हो गया है। उधर, मौसम विभाग ने 10 जिलों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। शिमला सहित कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, चंबा, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिलों में मौसम के अधिक सक्रिय रहने का अनुमान जताया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है, जबकि जनजातीय जिलों किन्नौर और लाहौल-स्पीति में भी तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक प्रदेश में 18 जून तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा का सिलसिला जारी रहेगा। प्रदेश के कई इलाकों में दिन के तापमान में 11 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ होंगे अगले आर्मी चीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले आर्मी चीफ (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) होंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को उनकी नियुक्ति की। सेठ अभी उप-सेना प्रमुख (वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) के पद पर कार्यरत हैं। वे 30 जून को 31वें आर्मी चीफ का पद संभालेंगे।

सेठ मौजूदा आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे। उपेंद्र द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून को खत्म होगा। उन्होंने 30 जून 2024 को आर्मी चीफ का पद संभाला था। आर्मी चीफ का कार्यकाल 3 साल या 62 साल की उम्र (दोनों में जो भी पहले पूरा हो) तक होता है। दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन हासिल करने वाले धीरज सेठ को करीब 40 साल का सैन्य अनुभव है। उन्होंने रेगिस्तान, जम्मू-कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे सहित कई संवेदनशील क्षेत्रों में कमान संभाली है। (अनंत ज्ञान)

# अभिषेक बनर्जी के घर पुलिस ने मारी रेड

## ताला तोड़कर अंदर घुसे, चार घंटे तक चली तलाशी

**एजेंसी, कोलकाता**



ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम सेंट्रल फोर्स के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला। छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के पीए सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी।

सुमित के खिलाफ सालबोनी पुलिस स्टेशन में 'वित्तीय धोखाधड़ी' को लेकर केस दर्ज है। तब से पुलिस सुमित की तलाश में है। रॉय का मोबाइल फोन आखिरी बार बनर्जी के कालीघाट आवास पर ट्रेस किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने यहां छापा मारा। अभिषेक ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी ताला तोड़कर घर में घुसे और हर कमरे की तलाशी ली। अभिषेक के घर छापेमारी ऐसे वक्त की गई जब फर्जी हस्ताक्षर मामले में उनके खिलाफ सीआईडी जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

# किन्नर कैलाश यात्रा एक जुलाई से

अनंत ज्ञान




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर में स्थित भगवान शिव के पवित्र धाम किन्नर कैलाश की बहुप्रतीक्षित यात्रा एक जुलाई से आरंभ होकर 30 जुलाई तक संचालित होगी। समुद्र तल से लगभग 19 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित यह यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में गिनी जाती है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और बेहतर प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे यात्रा को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाया जा सके।

जानकारी के अनुसार यात्रा संचालन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रशासन ने तय किया है कि प्रतिदिन अधिकतम 375 श्रद्धालुओं को ही यात्रा की अनुमति प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रत्येक यात्री को पूर्व पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। श्रद्धालु पोवारी बेस कैंप में पंजीकरण करवा सकेंगे, जबकि ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यात्रा मार्ग पर पुलिस, प्रशासन और बचाव दलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। बता दें कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी और मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए प्रशासन ने मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र को अनिवार्य किया है। यात्रियों को किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जो यात्रा प्रारंभ होने की तिथि से 15 दिन से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

# दिल्ली दंगा केस : शरजील ने दूसरी बार दायर की जमानत याचिका

◆ चार जुलाई को सुनवाई



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में शरजील इमाम ने जमानत अर्जी दाखिल की है। इसी कोर्ट में उमर खालिद ने भी जमानत याचिका दायर की है. यह याचिका 2020 के उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की साजिश के मामले से जुड़ी है, जिसमें उमर खालिद और शरजील इमाम दोनों ही आरोपी हैं। अब इस मामले को लेकर कड़कड़डूमा कोर्ट के वेकेशन जज डॉ. सुमेध कुमार सेठी ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कड़कड़डूमा कोर्ट 4 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई करेगी। दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश मामले में आरोपी शरजील इमाम ने कड़कड़डूमा कोर्ट में दूसरी बार जमानत याचिका दायर की है। इससे पहले उनकी जमानत याचिका को 5 जनवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। नई जमानत अर्जी में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के छह महीने बाद भी मामले में कोई खास प्रोग्रेस नहीं हुई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि आरोप तय करने को लेकर अब तक बहस पूरी नहीं हो सकी है। शरजील इस मामले में पिछले छह साल से जेल में बंद हैं। (अनंत ज्ञान)

# एलीट देशों के क्लब में भारत, अब हवा में ही ढेर होंगी दुश्मन की मिसाइलें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों और समुद्री खतरों से निपटने के लिए कई अत्याधुनिक तकनीकों का सफल परीक्षण किया है। 10 और 11 जून को किए गए लगातार तीन परीक्षणों में भारत की मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) प्रणाली ने अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया।

जिससे भारत अब इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) श्रेणी के खतरों को भी हवा में मार गिराने में सक्षम हो गया है। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा 'एलीट' देशों की कतार में शामिल हो गया है जिनके पास ऑपरेशनल स्तर की मिसाइल रक्षा क्षमता है। इस उपलब्धि के कारण अब भारत दुश्मन की बैलिस्टिक मिलाइलों को को भी हवा में ही नष्ट कर देगा। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 10 और 11 जून, 2026 को लगातार तीन फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

इन टेस्ट के दौरान, इंटरसेप्टर ने अपने टारगेट को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। इससे एडवांस्ड और नई टेक्नोलॉजी से बने लेयर्ड डिफेंस सिस्टम की असरदार क्षमता साबित हुई, जिसे बदलते मिसाइल खतरों का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल की महिला प्रधान के कैशियर पति की चंडीगढ़ में हत्या

**एजेंसी, चंडीगढ़**

◆ ओटोमैटिक गन से की एक सेकंड में 13 राउंड फायरिंग

देश के सबसे खूबसूरत शहरों में शुमार चंडीगढ़ अब गैंगलैंड बनने लगा है। यहां पर वसूली को लेकर आए दिन गोलियां चल रही हैं। ताजा मामला सेक्टर-11 का है, जहां पर चर्चित कुमार मेडिकल स्टोर में कैशियर को गोलियों से भून दिया। ओटोमैटिक गन से करीब एक सेकंड में 13 राउंड फायरिंग की गई। इसके बाद कैशियर को घायल हालात में पीजीआई ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई. एसपी चंडीगढ़ ने मौत की पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर अढ़ाई बजे के करीब की यह घटना है। दो बदमाश चेहरे पर मास्क लगाकर ग्राहक के तौर पर दुकान में आए और फिर दोनों ने गन निकाली और कैशियर को गोलियों से भून दिया। घटना के कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। इसमें भागने से लेकर गोली मारने की घटना वीडियो में कैद हो गई है।

सीसीटीवी फुटेज में नकाबपोश प्वाइंट ब्लैंक पिस्टल से गोलियां चलाते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि दवाई की दुकान में समान लेने के बाद काउंटर पर बैठे व्यक्ति के ऊपर ऑटोमेटिक गन से गोलियां चलाई गई। सीसीटीवी फुटेज में दुकान के अंदर अफरा तफरी का माहौल नजर आ रहा है। (अनंत ज्ञान)

**विकास** 613 करोड़ के पुल से बदलेगी तस्वीर, भाखड़ा विस्थापित परिवारों के लिए यह परियोजना लाएगी राहत

# गोबिंदसागर झील का अंदरोली क्षेत्र बनेगा एडवेंचर टूरिज्म का नया हब

अनंत ज्ञान



**राजेश शर्मा, ऊना।** ऊना जिले की बंगाणा तहसील में गोबिंदसागर झील से सटा अंदरोली क्षेत्र साहसिक पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह इलाका आने वाले समय में प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है।

चारों ओर पहाड़ियों से घिरी इस झील में बोटिंग, कयाकिंग, जेट स्की, एटीवी राइड, हॉट एयर बैलून, स्पीड बोट और ड्रैगन राइड जैसी रोमांचक गतिविधियां शुरू की गई हैं। इन सुविधाओं के चलते क्षेत्र पर्यटन मानचित्र पर तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए लठियाणी-मंदली के बीच 860 मीटर लंबे केबल-स्टेयड पुल का निर्माण प्रस्तावित है। करीब 613 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से ऊना और हमीरपुर के बीच दूरी लगभग 22 किलोमीटर कम होगी और आसपास के जिलों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावना है। भविष्य में यहां क्रूज, जिप लाइन, पैरा मोटरिंग, फ्लोटिंग जेट्टी और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियां भी शुरू की जाएंगी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को अब इन गतिविधियों के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी और वे सुरक्षित वातावरण में इनका आनंद ले सकेंगे।

### पारदर्शी प्रक्रिया से मिला संचालन अधिकार

**वाटर** स्पोर्ट्स गतिविधियों के संचालन के लिए प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी निविदा प्रक्रिया अपनाई गई। इसमें 80 लाख 500 रुपए की सर्वाधिक बोली लगाकर संचालन अनुबंध प्राप्त किया। पूरी प्रक्रिया अतिरिक्त उपायुक्त ऊना की अध्यक्षता में गठित समिति की निगरानी में संपन्न हुई। वहीं, अंदरोली क्षेत्र को एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से लगभग 10 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे पर्यटन सुविधाओं का विस्तार और क्षेत्र का व्यवस्थित विकास संभव होगा।

### पर्यटन मानचित्र पर मजबूत होगी ऊना की पहचान

**उपायुक्त** जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्राथमिकता पर्यटन के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है। गोबिंदसागर झील में शुरू की गई वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। उधर, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के माध्यम से मेफील्ड एडवेंचर्स के साथ समझौता कर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत की गई है, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को नई गति मिली है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल दूध उत्पादक संघ ने 6 जुलाई को दत्तनगर में प्रदर्शन करने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल दूध उत्पादक संघ की बैठक शनिवार को किसान -मजदूर भवन, चाटी में हुई। बैठक में दूध उत्पादकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई और यह तय किया गया कि 6 जुलाई को दतनगर में दूध उत्पादकों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही 18 जून को शिमला में मिल्क फेडरेशन के एम.डी. के साथ बैठक भी होगी, जिसमें इन मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए किसान सभा राज्य सचिव डॉ. ओंकार शाद, देवकी नंद, दूध उत्पादक संघ के संयोजक प्रेम चौहान और रंजीत ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दूध के दाम बढ़ाने के बावजूद उत्पादकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख समस्याओं में समय पर पेमेंट न मिलना, दूध की गुणवत्ता मापने वाली मशीनों का अभाव और दूध के उचित दाम न मिलना शामिल हैं। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इन मुद्दों पर तुरंत ध्यान दिया जाए ताकि दूध उत्पादकों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादक संघ भविष्य में भी इन मांगों को जोर-शोर से उठाता रहेगा। बैठक में पूर्ण ठाकुर, सुभाष, दुर्गा नंद, रीना देवी, सानू देवी, सुषमा, निशा देवी, गुलाब, करतार, रामलाल, दर्शन, काकू कश्यप, रिया, जगदीश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सीपीआई (एम) की रामपुर कमेटी ने जनता के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सीपीआई (एम) लोकल कमेटी रामपुर की बैठक किसान-मजदूर भवन, चाटी में संपन्न हुई। बैठक में हालिया पंचायती राज चुनावों की समीक्षा, संगठनात्मक स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. ओंकार शाद, पूर्व विधायक राकेश सिंघा तथा लोकल सचिव कुलदीप डोगरा ने बताया कि चुनाव केवल जीत-हार नहीं, बल्कि संगठन की पहुंच और जनसंगठनों की मजबूती का पैमाना भी होते हैं। सीमित साधनों के बावजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दौरान जनता तक पहुंच बनाकर नीतियों व जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में दूध उत्पादकों को लाभकारी मूल्य दिलाने, मनरेगा में 200 दिन रोजगार व बेहतर मजदूरी सुनिश्चित कराने, स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने तथा भूमिहीन व गरीब किसानों को पांच बीघा जमीन उपलब्ध कराने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर संगठित संघर्ष तेज किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों-बागवानों और आम जनता की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक आंदोलनों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर नई पीढ़ी को पार्टी और जनसंगठनों से जोड़ा जाएगा तथा युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और कर्मचारियों को आंदोलनों से सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा। प्रेम, रणजीत ठाकुर, राहुल विद्यार्थी, सुभाष ठाकुर, आशा, देविंद्रा देवी, रेखा बुशहैरी, कृष्णा राणा समेत कई कार्यकर्ताओं ने विचार रखकर संघर्ष व संगठन विस्तार का संकल्प व्यक्त किया।

### ननखड़ी कॉलेज के विलय का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** शिमला जिले में रामपुर के ननखड़ी में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने ननखड़ी कॉलेज का विलय किए जाने के निर्णय के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा मंडल ननखड़ी के अध्यक्ष जिया लाल की अगुवाई में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कॉलेज को पुनः बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारी ननखड़ी बाजार और कॉलेज परिसर के आसपास एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने सरकार के इस फैसले को क्षेत्र के छात्रों और अभिभावकों के हितों के खिलाफ बताया। प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार, ननखड़ी कॉलेज क्षेत्र के दूरदराज ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। कॉलेज के विलय से विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और उन्हें दूरस्थ शिक्षण संस्थानों का रुख करना पड़ेगा।

## गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रदेश में शुरू हुई विशेष व्यवस्था

# अब ट्रैफिक जाम में नहीं अटकेंगी सांसें

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं, हृदयाघात, ब्रेन स्ट्रोक व अन्य गंभीर चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की जान बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण और मानवीय पहल की गई है। अब राज्य के शहरी क्षेत्रों में एंबुलेंस को ट्रैफिक जाम में फंसकर बहुमूल्य समय गंवाना नहीं पड़ेगा। हिमाचल पुलिस ने नई व्यवस्था लागू करते हुए ट्रैफिक पुलिस के बाइक राइडरों को एंबुलेंस एस्कॉर्ट की जिम्मेदारी सौंपी है, जो जरूरत पड़ने पर जाम के बीच रास्ता बनाकर एंबुलेंस को सुरक्षित और शीघ्र अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करेंगे। पुलिस का मानना है कि चिकित्सा आपातकाल में हर मिनट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है और इसी सोच के साथ यह व्यवस्था लागू की गई है।

जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के तहत यदि कोई एंबुलेंस गंभीर रूप से बीमार या घायल मरीज को लेकर अस्पताल जा रही है और रास्ते में ट्रैफिक जाम का सामना कर रही है, तो एंबुलेंस चालक, 108 सेवा अथवा संबंधित अस्पताल का आपातकालीन विभाग पुलिस कंट्रोल रूम 112 पर संपर्क कर सकता है। सूचना प्राप्त होने के बाद कंट्रोल रूम मरीज की स्थिति का संक्षिप्त सत्यापन करेगा और संबंधित क्षेत्र की ट्रैफिक यूनिट या बाइक राइडर को तत्काल अलर्ट जारी किया जाएगा। इसके बाद निकटतम पुलिस दल मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस को प्राथमिकता के आधार पर जाम से निकालते हुए अस्पताल तक पहुंचाने में सहायता करेगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल लोगों, हृदयाघात, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर प्रसूति जटिलताओं तथा अन्य जीवनरक्षक चिकित्सा परिस्थितियों में समय सबसे महत्वपूर्ण कारक होता है। कई बार अस्पताल पहुंचने में हुई कुछ मिनटों की देरी मरीज की स्थिति को अत्यंत गंभीर बना देती है।

ऐसे मामलों में पुलिस बाइक राइडर एंबुलेंस के आगे चलकर यातायात को नियंत्रित करेंगे और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएंगे, ताकि मरीज को जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा मिल सके।




### एंबुलेंस को रास्ता देना कानूनी व सामाजिक जिम्मेदारी

**हिमाचल** पुलिस ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की है कि एंबुलेंस का सायरन सुनते ही उसे तत्काल रास्ता दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि एंबुलेंस को प्राथमिकता देना केवल मानवता का परिचय नहीं बल्कि कानून द्वारा निर्धारित जिम्मेदारी भी है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 तथा उससे संबंधित नियमों के अनुसार सभी वाहन चालकों को एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित तरीके से मार्ग उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

◆ एंबुलेंस के लिए हिमाचल पुलिस बनाएगी 'जीवन गलियारा'

### नियम तोड़ने पर जुर्माने और सजा का प्रावधान

वर्ष 2019 में संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के तहत एंबुलेंस को रास्ता न देना गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है। अधिनियम की धारा 194-ई के अनुसार एंबुलेंस अथवा अग्निशमन वाहन को रास्ता न देने वाले चालक पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर बाधा उत्पन्न करता है या खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर आपातकालीन सेवा में व्यवधान पैदा करता है तो उसके खिलाफ धारा 184 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। गंभीर परिस्थितियों में छह माह तक के कारावास का प्रावधान भी मौजूद है।

## प्रदेशभर में कल बजेगा आपदा अलार्म, 15 मिनट में परखी जाएगी तैयारी

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** अगर 15 जून की सुबह 10:30 बजे आपके कॉलेज, विश्वविद्यालय या किसी शैक्षणिक संस्थान में अचानक आपदा अलार्म बजने लगे तो घबराने की जरूरत नहीं होगी। यह किसी वास्तविक आपदा का संकेत नहीं, पूरे हिमाचल प्रदेश में होने वाली एक बड़ी मॉक ड्रिल का हिस्सा होगा और इसके जरिए भूकंप, क्लाउड बर्स्ट और वनाग्नि जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखा जाएगा। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 15 जून को 10वीं राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जा रही है। इस दौरान प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, पुस्तकालयों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों को अनिवार्य रूप से भाग लेना होगा। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. हरीश कुमार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सुबह 10:30 बजे संस्थानों में निकासी (एवाक्यूएशन) ड्रिल शुरू होगी। इसके बाद हेड काउंट एक्सरसाइज कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी सुरक्षित स्थानों तक पहुंच गए हैं। पूरी प्रक्रिया 15 मिनट के भीतर पूरी करनी होगी। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि इस दौरान किसी प्रकार का प्रदर्शनात्मक अभ्यास नहीं होगा। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में लोगों की त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षित निकासी और संस्थानों की तैयारियों का आकलन करना है। ड्रिल के दौरान होने वाली सभी गतिविधियों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा और उन्हें विभाग द्वारा विकसित सेफ्टी ऐप पर अपलोड करना होगा। साथ ही विद्यार्थियों और कर्मचारियों को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों, बचाव उपायों और त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

# पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध : नड्डा

## केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में हुए अभूतपूर्व कार्यों ने देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि समाज का प्रत्येक वर्ग इन योजनाओं का लाभ उठाने के साथ-साथ विकसित भारत के संकल्प में सहभागी बन सके।

जनसंपर्क अभियान के तहत शनिवार को शिमला के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी संजय ठाकुर से होटल कॉम्बरमेर में भेंट के दौरान नड्डा ने पर्यटन विकास और होटल उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और निवेश के कारण पर्यटन क्षेत्र को नई गति मिली है, जिससे हिमाचल प्रदेश जैसे पर्यटन प्रधान राज्यों को विशेष लाभ पहुंचा है। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रकाशित साहित्य भी संजय ठाकुर को भेंट किया तथा विभिन्न विकासात्मक उपलब्धियों की जानकारी साझा की। बैठक में शिमला में पर्यटन की संभावनाओं, होटल उद्योग के समक्ष चुनौतियों और इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सांसद हर्ष महाजन, सुरेश कश्यप, सिकंदर कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### नड्डा ने जाखू मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को शिमला स्थित प्रसिद्ध जाखू मंदिर में भगवान हनुमान के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि, विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। भाजपा सरकार के केंद्र में 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विशेष पूजा-अर्चना के दौरान नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। नड्डा ने कहा कि देश आत्मनिर्भरता, वैश्विक प्रतिष्ठा और जनभागीदारी के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# बेकाबू होकर घर के आंगन में गिरी कार, चालक की मौत

अनंत ज्ञान

◆ शिमला जिले के कुमारसैन में हुआ दर्दनाक हादसा

**शिमला।** जिले के कुमारसैन क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर घर के आंगन में जा गिरी। इस हादसे में कार चला रहे युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुमारसैन के शावट गांव निवासी कविश चौहान (28) पुत्र जगदीश चौहान के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार यह हादसा 12 जून की रात करीब 9:45 बजे हुआ। वीरगढ़ गांव निवासी 48 वर्षीय शीतल सिंघा अपने घर पर मौजूद थे। तभी उन्हें घर के ऊपर की ओर से किसी भारी वस्तु के गिरने की तेज आवाज सुनाई दी। जब वह बाहर निकले तो देखा कि एक थार वाहन उनके घर के आंगन में गिरा हुआ था। वाहन पलटा हुआ था और उसकी छत का हिस्सा जमीन की ओर था।

शीतल सिंघा जब वाहन के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति गाड़ी के नीचे दबा हुआ था। इसके बाद उन्होंने तुरंत अशोक चौहान को सूचना दी। शोर सुनकर गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मिलकर वाहन के नीचे दबे युवक कविश चौहान को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन सफेद और काले रंग की थार है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के समय वाहन में कविश चौहान अकेले सवार थे और कोई अन्य व्यक्ति वाहन में मौजूद नहीं था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि थाना कुमारसैन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# योग-ध्यान से तनावमुक्त होगा समाज : राज्यपाल

## कहा- भारत विश्व को दिखा रहा राह, सेवा व अध्यात्म के समन्वय की सराहना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंजाब के लुधियाना स्थित स्वामी विवेकानंद मेडिटेशन पिरामिड के दौरे के दौरान राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरे जीवन में योग और ध्यान केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जीवन को संतुलित, सकारात्मक और सार्थक बनाने के प्रभावी साधन भी हैं। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, ऊर्जावान और रोगमुक्त बनाने में सहायक है, जबकि ध्यान मन को शांत, एकाग्र और तनावमुक्त बनाता है। राज्यपाल ने भारत की प्राचीन ऋषि-मुनि परंपरा, योग और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग और ध्यान को वैश्विक पहचान मिली है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में मान्यता मिलना भारत की ज्ञान परंपरा को विश्व मंच पर स्थापित करने की ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि योग और ध्यान के क्षेत्र में भारत भविष्य में पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है और यह पहल देश को पुन: विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।




लुधियाना में स्वामी विवेकानंद मेडिटेशन पिरामिड पहुंचे राज्यपाल कविंद्र गुप्ता का स्वागत करते हुए।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम, अस्पताल, फिजियोथेरेपी केंद्र, नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान, कपड़ा बैंक, व्हीलचेयर बैंक, वॉकर बैंक, अस्पताल बिस्तर बैंक, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर बैंक और बुक बैंक जैसी सेवाएं जरूरतमंद वर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि सेवा और अध्यात्म का यह समन्वय समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन सकता है। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद मेडिटेशन पिरामिड को ध्यान, आत्मिक जागरण और मानवीय चेतना के विस्तार का प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यहां लोगों को ध्यान की सरल, वैज्ञानिक और व्यावहारिक विधियां सीखने का अवसर मिलेगा।

## डीसी ने कलाकारों को स्वयं परोसा प्रीति भोज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सांस्कृतिक दलों, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनजेडसीसी) के कलाकारों, पुलिस एवं होमगार्ड बैंड तथा मलखम्ब दल के सम्मान में विशेष आभार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। समारोह का सबसे भावनात्मक और आकर्षक क्षण तब देखने को मिला जब उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कलाकारों के लिए आयोजित प्रीति भोज में स्वयं प्लेटें वितरित कर उनका स्वागत और आदर-सत्कार किया। कलाकारों ने इसे उनके प्रति सम्मान और आत्मीयता का प्रतीक बताते हुए आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस पहल ने प्रशासन और कलाकारों के बीच सौहार्द तथा सम्मान की भावना को और मजबूत किया। पांच दिनों तक चली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ग्रीष्मोत्सव को जीवंत और यादगार बनाया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने लोक संस्कृति, संगीत, नृत्य और पारंपरिक कलाओं के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## समर फेस्ट की आखिरी सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी सितारों ने मचाई धमाल

# जस्सी गिल-बब्बल राय ने नचाए दर्शक

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या को पंजाबी संगीत जगत के दो चर्चित सितारों जस्सी गिल और बब्बल राय की शानदार प्रस्तुतियों ने यादगार बना दिया। दोनों कलाकारों की जबरदस्त जुगलबंदी ने अंतिम सांस्कृतिक संध्या को उत्सव की सबसे जीवंत और रोमांचक शाम में बदल दिया। जैसे ही मंच पर जस्सी गिल और बब्बल राय पहुंचे, पूरा वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठा। दोनों कलाकारों ने अपने लोकप्रिय गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। हर गीत के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया और रिज मैदान एक विशाल सांगीतिक उत्सव में तब्दील हो गया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई। हिमाचली लोक संस्कृति की झलक पेश करती प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद पंजाबी संगीत की धमक ने माहौल को पूरी तरह से उत्सवमय बना दिया। जस्सी गिल और बब्बल राय ने अपने चर्चित गीतों के माध्यम से दर्शकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। पांच दिनों तक चले इस महोत्सव ने जहां संस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, वहीं शिमला की पर्यटन पहचान को भी नई मजबूती प्रदान की। जस्सी गिल और बब्बल राय की धमाकेदार प्रस्तुतियों के साथ हुए समापन ने ग्रीष्मोत्सव की सुनहरी यादों को लोगों के दिलों में हमेशा के लिए संजो दिया।



समर फेस्ट की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते जस्सी गिल व बब्बल राय।

## स्पोर्ट्स

### अंडर-18 राष्ट्रीय टीम के लिए हिमाचल में शुरू हुई प्रतिभा तलाश

# रग्बी खेलने के लिए 100 से अधिक युवा तैयार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रग्बी खेल को नई पहचान दिलाने और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान को उत्साहजनक सफलता मिल रही है। राज्य रग्बी एसोसिएशन द्वारा एसजेवीएन के सहयोग से आयोजित निशुल्क जिला स्तरीय रग्बी विकास शिविरों के माध्यम से अब तक प्रदेश के 100 से अधिक युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की अंडर-18 रग्बी टीम के गठन हेतु प्रतिभा खोज अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

खेल प्रभारी नंदलाल शर्मा ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किए जा रहे इन शिविरों का उद्देश्य रग्बी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और ग्रामीण व स्कूली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। अब तक नालागढ़ और मंडी जिलों में सफलतापूर्वक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। नालागढ़ के दून पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में करीब 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जबकि मंडी में लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



रग्बी खेल के लिए प्रशिक्षित होते युवा खिलाड़ी।

उन्होंने बताया कि दोनों शिविरों में कुल 105 खिलाड़ियों को बेसिक कॉन्टैक्ट रग्बी का प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें 25 लड़कियां और 80 लड़के शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों, फिटनेस, टीम समन्वय और प्रतिस्पर्धात्मक कौशलों की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के पीटीआई, खेल अध्यापकों और प्रशिक्षकों को भी रग्बी के नियमों तथा प्रशिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया।

### हर जिले से चुने जाएंगे प्रतिभाशाली खिलाड़ी

**रग्बी** एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के महासचिव विशाल सारिन ने बताया कि सभी प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह निःशुल्क आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी शिविर 15 और 16 जून को कुल्लू के निरमंड, 16 और 17 जून को बिलासपुर तथा इसके बाद शिमला में आयोजित होंगे। प्रत्येक जिला शिविर से लगभग आठ प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को 21 जून को शिमला में होने वाले अंतिम चयन परीक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जहां हिमाचल प्रदेश की अंडर-18 रग्बी टीम का गठन होगा।

## गेयटी थियेटर में आज मंचित होगा 'रंगमंच का आखिरी दिन'

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला में हिमाचल प्रदेश सचिवालय सांस्कृतिक क्लब 14 जून को ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में चर्चित नाटक 'रंगमंच का आखिरी दिन' प्रस्तुत करेगा। सायं 6 बजे होने वाली यह विशेष नाट्य प्रस्तुति जिला प्रशासन शिमला द्वारा आयोजित ग्रीष्मोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगी। विश्व प्रसिद्ध रूसी साहित्यकार एनटोन चेक ओव की चर्चित रचना 'स्वान सॉन्ग' से प्रेरित यह नाटक रंगमंच की दुनिया के भावनात्मक और मानवीय पक्ष को प्रभावशाली ढंग से दर्शाएगा। नाटक कलाकारों के जीवन में मौजूद संघर्ष, समर्पण, त्याग और कला के प्रति उनकी अटूट निष्ठा की कहानी को मंच पर जीवंत करेगा। प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को स्मृतियों, संवेदनाओं और मानवीय रिश्तों की ऐसी यात्रा पर ले जाया जाएगा, जो रंगमंच की आत्मा और उसकी समृद्ध परंपरा को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान करेगी। नाटक का निर्देशन और परिकल्पना राजेश भारद्वाज ने की है, जबकि सचिवालय सांस्कृतिक क्लब के कलाकारों ने इसे प्रभावशाली बनाने के लिए विशेष तैयारी की है। प्रदेश सचिवालय सांस्कृतिक क्लब लंबे समय से प्रदेश में कला, संस्कृति और रंगमंच के संरक्षण तथा संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। ग्रीष्मोत्सव के मंच पर होने वाली यह प्रस्तुति कला प्रेमियों, साहित्य अनुरागियों, विद्यार्थियों और रंगकर्म से जुड़े लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने जा रही है।

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-1 चंडीगढ़**
एससीओ 33-34-35, प्रथम तल, सेक्टर 17-ए, चंडीगढ़

**एचडीएफसी बैंक ....प्रमाणपत्र धारक**
बनाम
**जगदीश जोगटा ....प्रमाणपत्र देनदार**

**प्रकाशन सूचना** आर.सी. संख्या 762/2019

आरडीबीएफआई अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 29, आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 53 के साथ पठित के अंतर्गत) बिक्री उद्घोषणा तय करने की सूचना

**1. जगदीश जोगटा पुत्र श्री जगत राम निवासी डा.खा. धरारा डीपीएफ जगतरली टिक्कर रोहड़ू जिला शिमला, हि.प्र.।**

**2. श्री जगत राम पुत्र श्री श्यामा नंद निवासी डा.खा. धरारा डीपीएफ जगतरली टिक्कर रोहड़ू जिला शिमला, हि.प्र.।**

**3. सुरेश कुमार पुत्र श्री चैन राम मकान नं. 48/1, गांव बाजेशल तहसील रोहड़ू जिला शिमला, हि.प्र.।**

**चूंकि,** माननीय पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी वसूली प्रमाणपत्र संख्या 762/2019, ओ.ए. संख्या 941/2018 में मूलधन राशि **15,96,363/-** रुपये व भविष्य में संविदागत दर से ब्याज, ओ.ए. दाखिल करने की तिथि अर्थात 30.05.2018 से देय है।

**चूंकि,** उक्त राशि प्रमाणपत्र धारक बैंक को मांग सूचना तामील होने और पर्याप्त समय बीत जाने के बावजूद आपके द्वारा भुगतान नहीं की गई है। आपको कानून की आवश्यकता पूरी करनी होगी।

बिक्री की उद्घोषणा बंधक रखी गई संपत्ति के संबंध में जारी करने का निर्णय लिया गया है। अतः यह सूचना **19.06.2026** को बिक्री उद्घोषणा की शर्तों व नियमों को तय करने हेतु उपस्थित होने के लिए है।

**संपत्ति का विवरण:**

**1. कृषि भूमि 00-41-81 हेक्टेयर अर्थात 1/3 हिस्सा, गांव जगतरली-I, उप-तहसील टिक्कर, तहसील रोहड़ू, जिला शिमला (हि.प्र.) में स्थित, खसरा नं. 10/15 में समाहित।**

**2. कृषि भूमि 00-79-45 हेक्टेयर अर्थात 1/3 हिस्सा, गांव जगतरली, उप-तहसील टिक्कर, तहसील रोहड़ू, जिला शिमला (हि.प्र.) में स्थित, खसरा नं. 33/80-81 में समाहित।**

मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायाधिकरण की मुहर के अधीन दिनांक 02.03.2026 को चंडीगढ़ में दिया गया।

**जसवीर कौर**
**वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-I, चंडीगढ़**

# महाराणा प्रताप स्कूल पठियार में 17 को पधारेंगे सीएम सुक्खू

◆ महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, धर्मगिरी पठियार में 17 जून को एक ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रातः 11:00 बजे विद्यालय परिसर में पधारेंगे। उनके साथ नागरोटा बगवां के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली तथा सांसद अनुराग शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक (एमडी) ठाकुर कुलदीप सिंह, प्रबंधक सुभाष पठानिया, प्रधानाचार्या ऐश्वर्या सम्ब्याल तथा राजपूत सभा के समस्त ट्रस्टियों ने इस अवसर को विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण बताया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एनसीसी कैडेट्स को दिया ड्रिल, मैप रीडिंग का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, बधानी के 14 एनसीसी कैडेट्स (7 एसडी एवं 7 एसडब्ल्यू) ने 7 पंजाब बटालियन एनसीसी, गुरदासपुर द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण पूरा किया। शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग तथा फील्ड इंजीनियरिंग सहित विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण दिए गए। सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के लिए गर्व की बात है कि सभी कैडेट्स ने एनसीसी के दूसरे और तीसरे वर्ष में ही कैंप में भाग लेकर आगामी प्रतियोगी शिविरों की तैयारी शुरू कर दी है। दो कैडेट्स ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर निःशुल्क कोचिंग के लिए भी स्थान प्राप्त किया।

### डांगड़ा यूथ क्लब ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के डांगड़ा स्थित बाबा सिद्ध चानो जी मंदिर परिसर में डांगड़ा यूथ क्लब द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी के बीच क्लब सदस्यों ने सेवा भाव से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को शीतल जल वितरित कर मानवता और परोपकार का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में क्लब के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।

### शाहपुर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए, बीएससी और बीकॉम तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया है। बीए में पल्लवी ने 8.36 सीजीपीए लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीएससी में दीपांक्षा ने 8.15 सीजीपीए और बीकॉम में साधना ने 8.05 सीजीपीए हासिल किया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नए सत्र में प्रवेश लेकर महाविद्यालय को प्राथमिकता देने का भी आह्वान किया।

### इंग्लिश मीडियम संत समागम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** संत निरंकारी मिशन के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिशा-निर्देशों के अनुसार शाहपुर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संयोजक स्तर के विशेष इंग्लिश मीडियम संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में शाहपुर के साथ-साथ नगरोटा बगवां, पंचपुली, सुनी और कांगड़ा शाखाओं से 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने अंग्रेजी भाषा में भाषण, भक्तिमय गीत, लघु नाटिकाओं और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता, मानवता और सद्भाव का संदेश दिया।

### शाहपुर में पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश (संयुक्त संघर्ष समिति) की शहरी इकाई शाहपुर की बैठक शनिवार को प्रधान सेठ राम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर मुख्य अतिथि तथा जिला प्रधान रविंद्र सिंह राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में लगभग 150 पेंशनरों ने भाग लिया और अपनी लंबित देनदारियों तथा अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने देनदारियों के समय पर भुगतान की मांग करते हुए सरकार से मुख्यमंत्री के आश्वासनों को शीघ्र लागू करने की अपील की। पेंशनर्स नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### बैजनाथ में मिला युवक का शव, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में शिव मंदिर के साथ लगती खीर गंगा घाट की सीढ़ियों पर एक युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कुनाल (निवासी वार्ड नंबर 2, बैजनाथ) के रूप में हुई है। युवक बीती रात से लापता बताया जा रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी यादेश ठाकुर के अनुसार प्रारंभिक जांच में किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

### कबीर पंथी समाज 28 को निकालेगा शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** तहसील कमेटी कबीर पंथी समाज सुधार सभा पालमपुर द्वारा इस माह के अंत में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। कमेटी के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जून को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 29 जून को दोहल गांव में सामुदायिक भवन चंद्रोपा पट्टी के नजदीक सत्संग एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### कांगड़ा में कल होगी मेगा मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आपदा प्रबंधन की तैयारियों और विभिन्न विभागों की आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन करने के उद्देश्य से 15 जून को पूरे हिमाचल प्रदेश में मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि जिले के विभिन्न उपमंडलों में यह अभ्यास सुबह 9:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक चलेगा। इस दौरान आपदा की स्थिति में विभागों के बीच समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। डीसी ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# बारिश ने फीका किया भारत और अफगानिस्तान मुकाबले का रोमांच

## पहले के मुकाबले दर्शकों की संख्या भी रही कम

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले एकदिवसीय मुकाबले पर मौसम की मार भारी पड़ती नजर आई। लगातार बारिश और खराब मौसम के कारण मैच अढ़ाई घंटे बाद चार बजे तक भी शुरू नहीं हो सका, जबकि स्टेडियम के बाहर और भीतर मौजूद क्रिकेट प्रेमी बारिश थमने का इंतजार करते रहे। हालांकि, इस बार दर्शकों की संख्या भी पहले के मुकाबलों की अपेक्षा काफी कम दिखाई दी, जिससे आयोजन का उत्साह कुछ फीका नजर आया।

सुबह से ही धर्मशाला में मौसम खराब बना रहा और रुक-रुक कर बारिश होती रही। साथ ही धौलाधार की वादियों में ताजा बर्फबारी भी हुई। इसके बावजूद कई क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम की ओर पहुंचते रहे। दर्शकों को उम्मीद थी कि मौसम साफ होने के बाद मुकाबला शुरू हो जाएगा और उन्हें भारत-अफगानिस्तान के बीच रोमांचक मैच देखने का मौका मिलेगा। बारिश के लगातार बने रहने से उनकी उम्मीदों को झटका लगा। स्टेडियम पहुंचे महाराष्ट्र, मुंबई, पुणे, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा व बिहार से आए क्रिकेट प्रेमियों ने बताया कि वह पहली बार धर्मशाला पहुंचे हैं और भारत का मैच देखने को लेकर काफी उत्साहित थे, लेकिन खराब मौसम के कारण अब उम्मीद कम होती जा रही है। वहीं, पंजाब से आए एक दर्शक ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शाम तक बारिश रुकने की संभावना थी और यदि ऐसा होता तो कम से कम सीमित ओवरों का मुकाबला खेला जा सकता था। हालांकि, धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में हाल ही में आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम स्थापित किया गया है, जिसके चलते बारिश रुकने के लगभग 20 मिनट के भीतर मैदान को खेलने योग्य बनाया जा सकता है। इसके बावजूद मौसम के अनुकूल न होने से मैच पर संकट बना रहा। बारिश देर शाम तक लगातार जारी रही और मैच सवा चार घंटे बाद शुरू हो पाया। मौसम की बाधा के चलते मैच अधिकारियों ने मुकाबले को घटाकर 25-25 ओवर का करने का फैसला लिया।

# नियमों के उल्लंघन पर 8 दुकानदारों के चालान

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह**

तंबाकू उत्पादकों की बिक्री एवं उपयोग के खिलाफ गठित फ्लाइंग स्क्वायड कोटपा ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा के नेतृत्व में गांव थुरल, चूला, बैरघाट में निरीक्षण अभियान चलाया अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। खुले में एवं बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आठ दुकानदारों के चालान किए गए। दुकानदारों को भविष्य में इस अपराध से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई। इस अवसर पर थुरल अस्पताल से बीएमओ के साथ जीवन लाल हेल्थ सुपरवाइजर तथा पुलिस विभाग से ओंकार सिंह, तहसील कार्यालय थुरल से विनय कुमार शामिल रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा ने सभी दुकानदारों और लोगों को कोटपा एक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इस कानून के कड़ाई से पालन करने की अपील भी की।

# एयरपोर्ट विस्तार से पर्यटन के साथ पर्यटक भी बढ़ेंगे

◆ सभी 14 मोहालों के अवॉर्ड घोषित, 85% राशि वितरित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार से पर्यटन बढ़ने के साथ बड़े विमान आने से पर्यटक भी बढ़ेंगे। साथ विस्तार के बाद देश के साथ विदेश के लिए भी विमान सेवाएं शुरू हो सकेंगी। एयरपोर्ट विस्तार की जद में आए सभी 14 मोहालों के अवॉर्ड घोषित हो चुके हैं तथा 85 फीसदी राशि वितरित की जा चुकी है।

कांगड़ा एयरपोर्ट पर वर्तमान में एटीआर 72 विमान आते हैं, जबकि विस्तार के बाद एयरबस के साथ बोइंग भी लैंड हो पाएंगे। गौरतलब है कि कांगड़ा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई को विस्तार के तहत 1376 से बढ़ाकर 3010 किया जाना है। एयरपोर्ट का विस्तार होने से यहां पर 180 यात्रियों की क्षमता वाले विमान भी उतर सकेंगे।

जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को लेकर भूमि अधिग्रहण को लेकर सभी 14 मोहालों के अवार्ड घोषित किए जा चुके हैं, जिसमें से 85 फीसदी राशि भी वितरित की जा चुकी है। आरएंडआर अवॉर्ड, जिसमें चार अवार्ड मोहाल तहसील शाहपुर के हैं, जबकि तीन मोहाल तहसील कांगड़ा के रिलीज किए जा चुके हैं, जबकि बाकी प्रक्रिया चल रही है, जिसके जल्द पूरा होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि अभी एटीआर 72 जैसे छोटे एयरक्राफ्ट कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड होते हैं, एयरपोर्ट विस्तार के उपरांत एयरबस के साथ बोइंग विमान भी यहां उतर पाएंगे और सुविधाएं पर्याप्त होने पर इस एयरपोर्ट को इंटरनेशनल भी किया जा सकता है, जिसके चलते मिडल ईस्ट और साउथ ईस्ट एशिया को इससे कनेक्ट किया जा सकता है, जिससे पर्यटन को बूस्ट मिलेगा।

# पठानिया ने शाहपुर में गैस किल्लत का जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह शाहपुर में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक की। बैठक में विधायक ने कहा कि उन्हें विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं, जिससे विशेष रूप से गृहिणियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोपरि है और गैस जैसी आवश्यक सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शाहपुर विधानसभा के प्रत्येक गांव में निर्धारित समयावधि के भीतर गैस वितरण सुनिश्चित किया जाए।

# बबिता बनीं शाहपुर नगर पंचायत की अध्यक्ष और राजीव पटियाल उपाध्यक्ष



एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में किया चयन।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** नगर पंचायत शाहपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए बैठक में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

एसडीएम शाहपुर गणेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचित पार्षदों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन किया। वार्ड नंबर-3 से बबिता को नगर पंचायत अध्यक्ष तथा वार्ड नंबर-5 से राजीव पटियाल को उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शाहपुर नगर पंचायत विकास की नई दिशा प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने भी विधायक के मार्गदर्शन और विकास कार्यों की सराहना की तथा निरंतर सहयोग की अपेक्षा जताई।

# भडियाड़ा की शगुन शर्मा ने लहराया परचम, बनीं प्रेरणास्रोत

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा जिले की बेटी ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। भडियाड़ा निवासी शगुन शर्मा ने



हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रदेशभर में तृतीय स्थान प्राप्त कर सरकारी चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयनित होकर डॉक्टर बनने का सपना साकार किया है। शगुन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा माउंट कार्मेल स्कूल, गगल से प्राप्त की। राजकीय मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर से एमबीएस की डिग्री हासिल की है। एमबीएस के बाद उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की और प्रथम प्रयास में ही प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि का श्रेय शगुन ने अपने माता-पिता को दिया। उनके पिता नरेश शर्मा केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि माता रेणु शर्मा एक केंद्र प्रमुख अध्यापिका हैं। शगुन का कहना है कि माता-पिता के संस्कार और मार्गदर्शन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी।

## प्री-रिलीज कोर्स ऑन स्टॉक मार्केटिंग का आयोजन

# वित्तीय साक्षरता और निरंतर कौशल विकास का बताया महत्व




प्री-रिलीज कोर्स ऑन स्टॉक मार्केटिंग के समापन समारोह में उपस्थित गणमान्य।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डायरेक्टोरेट जनरल रिसेटलमेंट, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्री-रिलीज कोर्स ऑन स्टॉक मार्केटिंग के समापन समारोह का आयोजन आईईडीयूपी प्रोजेक्ट ऑफिस, सीआईआई - एमसीएम ट्रस्ट, धर्मशाला में किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 39 जेसीओ/ओआर ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया। समारोह के मुख्य अतिथि कर्नल रमेश रणवा, मुख्यालय 33 माउंटेन ब्रिगेड, मैकलोडगंज, धर्मशाला रहे। उन्होंने सेवानिवृत्ति के पश्चात सफल द्वितीय करियर के लिए वित्तीय साक्षरता एवं निरंतर कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अनुराग माथुर, ट्रेनिंग एंड रिसर्च एसोसिएट आईईडीयूपी लखनऊ ने भी प्रतिभागियों से संवाद किया तथा रोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में संरचित प्रशिक्षण की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हर्ष कुमार, सहायक प्रबंधक, आईईडीआरसी, मनु धीमान, कैंपस हेड, आईईडी प्रोजेक्ट ऑफिस धर्मशाला, संकाय सदस्यों एवं समस्त कैंपस स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# लोअर कलोहा में 1.09 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार दोनों युवक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** पुलिस थाना रक्कड़ की टीम ने गश्त और नाकाबंदी के दौरान लोअर कलोहा में दो युवकों से 1.09 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


आरोपी 31 वर्षीय आशीष, जो कि वार्ड नंबर 5, मट्ट उमरां, डाकघर मैरा बणी, तहसील परागपुर का निवासी है और 28 वर्षीय युद्धवीर, जो कि वार्ड नंबर 3, गांव एवं डाकघर चौली, तहसील रक्कड़ का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना रक्कड़ में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अब इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि बरामद मादक पदार्थ की आपूर्ति कहां से की जा रही थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं।

# टांडा में दवा काउंटरों पर व्यवस्था की कमी, मरीजों को झेलनी पड़ रही दिक्कतें

अनंत ज्ञान

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** डॉ. राजिंदर प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में आने वाले मरीजों को दवाइयां लेने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। मरीजों का कहना है कि दवा काउंटर पर तीन तरफ से व्यवस्था होने के बावजूद केवल दो काउंटर ही उपयोग में लाए जा रहे हैं, जबकि एक काउंटर पर एक ही कर्मचारी तैनात है।

इससे भीड़ बढ़ने के कारण लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है और धक्का-मुक्की जैसी स्थिति बन रही है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग व्यवस्था का प्रावधान होने के बावजूद उन्हें भी सामान्य कतार में ही खड़ा होना पड़ता है। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में दवा वितरण के लिए पर्याप्त स्टाफ और बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है। इस दौरान प्रीतम चंद, सुरेखा देवी, रश्मि देवी, गुलाबो कुमारी, थिंदू राम, रितु कुमारी, अंकित कुमार सहित कई मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर और बेहतर व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। वहीं इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बुनियाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



टांडा मेडिकल कॉलेज में दवा काउंटर के बाहर लगी लंबी लाइन। अनंत ज्ञान

# पंचायतों की सकारात्मक सोच से आएगा बड़ा बदलाव : डॉ. भारद्वाज



**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने शनिवार को भाजपा विचारधारा से जुड़े नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के परिचय मिलन समारोह में भाग लिया। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। भारद्वाज ने कहा कि स्थानीय निकाय एवं पंचायतें ग्रामीण विकास और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। प्रतिनिधियों से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुल्कराज प्रेमी, भाजपा अपर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर, लोअर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, अजय जमवाल, जिला परिषद सदस्य रेशमा देवी, जिला परिषद सदस्य मोनू कुमारी, बीडीसी सदस्य चमन कपूर, पंचायत प्रधान अरविंद कुमार, रविता भारद्वाज, सीमा चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# टीजीटी संघ बोला- 11 हजार रिक्त पदों को भरे शिक्षा विभाग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश शिक्षा विभाग अब पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण करे। हेडमास्टर से प्रिंसिपल बन चुके अनेकों शिक्षकों का वेतन निर्धारण अब तक नहीं हुआ है, जबकि उनकी सेवानिवृत्ति तिथि भी समीप है। इसके अलावा टीजीटी से प्रवक्ता बन चुके शिक्षकों के लंबित वेतन निर्धारण की प्रक्रिया भी पूर्ण की जाए। एक साल से शिक्षक इसकी राह देख रहे हैं।

पिछले 9 साल से वरिष्ठता सूची जारी नहीं होने से परेशान टीजीटी कैडर के तीन हजार शिक्षकों को भी राहत देते हुए अविलंब वरिष्ठता सूची जारी की जाए। ये मांगें राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव को प्रेषित ज्ञापन में उठाई हैं। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, महिला विंग अध्यक्ष रीता बल्याणी, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देशराज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग आदि पदाधिकारियों ने कहा कि विभिन्न कोर्ट मामलों और केंद्रीय कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठता सूचियां जारी करने में इतना लंबा प्रशासनिक विलंब अनुचित होता है। शिक्षा विभाग में 11000 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रियाएं तेज की जाएं। बैच आधारित भर्ती प्रक्रिया लंबे समय से अटकी हैं। पिछल 3 साल से जेबीटी और सीएंडवी से टीजीटी, एक साल से 749 डीम्ड रेगुलर टीजीटी और 600 टीजीटी अब हेडमास्टर प्रमोशन की प्रतीक्षा में हैं। कुछ कोर्ट केस वालों को हेडमास्टर बनाया जा रहा है मगर शेष शिक्षक डीपीसी की प्रतीक्षा में हैं।

# मोदी सरकार के 4,399 दिन उपलब्धियों का स्वर्णिम काल : परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 4,399 दिन भारत के आत्मविश्वास, विकास और सुशासन की ऐतिहासिक यात्रा हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और धीमी विकास गति से जूझ रहा था, जबकि आज भारत विश्व की प्रमुख शक्तियों में शामिल हो चुका है। परमार ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए अवसरों के माध्यम से विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक क्षेत्र में भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। हिमाचल प्रदेश में भी फोरलेन, स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है।

## एचआरटीसी कर्मियों ने गेट मीटिंग कर चेताया

# 24 तक मांगें न मानी तो 25 से किया जाएगा चक्का जाम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बस अड्डा धर्मशाला में परिवहन निगम कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर निगम प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता स्टेट चालक संघ के अध्यक्ष मान सिंह ने की। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 24 जून तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश में 25 जून से चक्का जाम किया जाएगा।

यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों को समय पर वित्तीय लाभ, लंबित देयकों का भुगतान और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के मुद्दे लंबे समय से अधर में लटके हुए हैं। कई बार प्रबंधन और सरकार के समक्ष ये मांगें उठाई जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकला है। उन्होंने कहा कि निगम कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। मीटिंग के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि निगम कर्मचारियों का करीब 75 माह का ओवरटाइम बकाया है, जिसकी राशि लगभग 120 करोड़ रुपए बनती है। उनका कहना था कि चालक और परिचालक लंबे समय से अपने मेहनताना भुगतान का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारियों को 50 हजार रुपए की एरियर किस्त जारी की जा चुकी है, जबकि एचआरटीसी कर्मियों को इससे वंचित रखा गया है। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित भुगतान को भी जल्द जारी करने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने हर माह वेतन और पेंशन के भुगतान में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बढ़ाएं आय : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भाजपा किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज कृषि क्षेत्र के लिए एक प्रभावी और



टिकाऊ विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने किसानों से इस पद्धति को अपनाकर आय बढ़ाने और मिट्टी की उर्वरता को सुरक्षित रखने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जबकि प्राकृतिक खेती कम लागत में अधिक लाभ देने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में देशी गाय आधारित जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत और अन्य प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे मिट्टी की उर्वराशक्ति बढ़ती है। उन्होंने योजनाओं का लाभ उठाकर खेती की लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण बनाने की अपील की।

# अंजेश जोशी ने आयरनमैन 70.3 स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन



रैत पहुंचने पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने किया स्वागत।

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कुठार गांव के युवा मरीन इंजीनियर अंजेश जोशी ने फिलीपींस के सुबिक बे में आयोजित विश्व प्रसिद्ध एंड्योरेंस प्रतियोगिता आयरनमैन 70.3 को सफलतापूर्वक पूरा कर हिमाचल प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता दुनिया की सबसे कठिन सहनशक्ति स्पर्धाओं में शामिल है, जिसमें 1.9 किमी तैराकी, 90 किमी साइकिलिंग और 21.1 किमी हाफ मैराथन शामिल होती है। अंजेश ने यह चुनौती 6 घंटे 13 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। उन्होंने 30-34 आयु वर्ग में 52 प्रतिभागियों के बीच 22वां स्थान और कुल 470 प्रतिभागियों में 142वीं रैंक हासिल की। रैत पहुंचने पर विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने अंजेश की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। अंजेश ने सीमित संसाधनों में भी समुद्र में नौकरी के दौरान कठिन अभ्यास किया और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से यह उपलब्धि हासिल की।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत 14 जून को उपकरणों और विद्युत लाइनों की आवश्यक मरम्मत तथा पेड़ों की काट-छांट के कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में अणु कलां, पूल्ड कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कार्यालय व कॉलोनी, उपायुक्त कार्यालय, गांधी चौक, अपर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, पुलिस स्टेशन, दोसड़का, डुग्घा, मटटनसिद्ध, पंजाहला, शास्त्री कॉलोनी आदि क्षेत्र शामिल हैं। बिजली सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आदित्य के परिजनों को दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार शाम को नादौन उपमंडल के गलोड़ क्षेत्र का दौरा करके दिवंगत नाविक आदित्य शर्मा के परिजनों से भेंट की। उन्होंने आदित्य शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। डीसी ने दिवंगत आदित्य शर्मा के परिजनों को प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ एसडीएम निशांत शर्मा, तहसीलदार केशव कुमार उपस्थित थे।

### भूतपूर्व सैनिक व वीर नारियां बनवाएं हिमबस कार्ड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक स्क्वॉड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ लेने के लिए जिले के सभी वीरता पुरस्कार विजेता भूतपूर्व सैनिक और विभिन्न युद्धों में शहीद हुए सैनिकों की वीर नारियां हिम बस पास कार्ड अवश्य बनवाएं। उपनिदेशक ने बताया कि यह कार्ड बनवाने के लिए एचआरटीसी के बस पास पोर्टल बसपास ऑनलाइन.एचआरटीसी.कॉम पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन में कोई दिक्कत आ रही है तो टोल फ्री नंबर 1800-2033350 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ऊहल में कल होगा दंगल एवं मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** ऊहल में 15 जून को पारंपरिक दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल के विजेता को 21 हजार रुपए और उपविजेता को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत स्व. विधायक ठाकुर कर्म सिंह ने की थी और तब से यह हर वर्ष परंपरागत रूप से आयोजित किया जाता है। मेले में रोमांचक कुश्ती मुकाबलों के अलावा स्वदेशी व्यंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और झूले आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि यह मेला क्षेत्र की संस्कृति, खेल भावना और भाईचारे को बढ़ावा देता है।

### भोरंज में 200 पदों के लिए साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उप रोजगार कार्यालय भोरंज में 20 जून को बद्दी स्थित माइक्रो सीमलैस कंपनी में अप्रेंटिस और ट्रेनी के 200 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग के दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा तथा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 14 हजार से 18 हजार रुपए मासिक वेतन मिलेगा। इच्छुक उम्मीदवार मूल प्रमाण पत्रों और हिमाचली प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### हमीरपुर में 15 को होगी मेगा मॉक एक्सरसाइज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेशव्यापी दसवीं मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत 15 जून को जिला हमीरपुर में भी विभिन्न स्थानों पर आपदा प्रबंधन अभ्यास किया जाएगा। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि सुबह 9:15 बजे 8.0 तीव्रता के भूकंप के काल्पनिक परिदृश्य पर बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास होगा। बड्डू, मसियाणा चौक, पियाडकर, सुजानपुर, नादौन और कोहला सहित कई स्थानों पर रेस्क्यू ऑपरेशन किए जाएंगे। वहीं शाम 7 बजे हीरानगर, करोट और टिल्लू के जंगलों में आग लगने की स्थिति पर अभ्यास किया जाएगा। इसका उद्देश्य आपदा के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाना है।

### जिले के गोशाला संचालकों की बैठक 16 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के सभी गोशाला संचालकों एवं जिला के गो भक्तों की एक संयुक्त बैठक 16 जून मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे जमली धाम में आयोजित की जा रही है। बैठक में गौशाला से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 27 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने संबंधी महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन देने बारे रुपरेखा तैयार की जाएगी। यह जानकारी हिमाचल गोसेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने दी।

# मझियार पंचायत के गंडियाणा में रास्ता रोकने पर प्रशासन सख्त

## एसडीएम ने 15 को न्यायालय में हाजिर होने का दिया आदेश

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** नादौन की मझियार पंचायत के गांव गंडियाणा को जाने वाले रास्ते को अवरूद्ध करने के मामले में प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है।

इस संदर्भ में एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने सार्वजनिक रास्ते को अवरूद्ध करने वाले व्यक्ति को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 के तहत नोटिस जारी करते हुए 13 जून तक रास्ता खोलने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि रास्ता अवरूद्ध करने वाले व्यक्ति को 15 जून को दोपहर बाद ढाई बजे लिखित जवाब सहित एसडीएम की न्यायल में उपस्थित होने के आदेश भी जारी किए गए हैं। काबिलेगौर है कि लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस को मामले की छानबीन करके वस्तु स्थित से अवगत करवाने के निर्देश दिए थे जिसके चलते पुलिस द्वारा की गई जांच में पुष्टि हुई है कि सार्वजनिक रास्ते को एक परिवार ने अवरूद्ध कर रखा है। इस लिए इस रास्ते को खोलने के संदर्भ में कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शान्ति भंग होने से रोकने के लिए उचित आदेश पारित किये जाने बारे उचित आदेश पारित किए जाने का आग्रह किया है। गांव के ही निवासी राय सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार ने पंचायत द्वारा निर्मित एंबुलैंस रोड़ को अवरूद्ध कर दिया है । आरोपी परिवार के सदस्यों ने बांस व झाड़ियां लगाकर रास्ते को रोक दिया है। इस रास्ते को पक्का करने के लिए पंचायत ने काफी पैसा भी खर्च किया है ताकि लोगों को सहूलियत हो सके लेकिन एक परिवार ने इस रास्ते को रोक रखा है जिसके चलते गांव वासियों को विशेषकर स्कूली छात्रों व बुजुर्गों को करीब एक किलोमीटर घूम कर आने जाने को विवश होना पड़ रहा है जिस वजह से गांव वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### लोगों ने किया जल्द रास्ते को खुलवाने का आग्रह

**स्थानीय** लोगों ने प्रशासन से शीघ्र रास्ता खुलवाने का आग्रह किया है। एसडीएम निशांत शर्मा ने बताया कि यह नोटिस जनहित में जारी किया गया है। आरोपी व्यक्ति को 15 जून को अदालत में हाजिर होने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि नोटिस के बावजूद संबंधित व्यक्ति सहयोग नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यक होने पर कानूनी प्रक्रिया के तहत सख्त कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में लोगों की सुविधा और सुचारु आवागमन सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# किसानों को जैव उर्वरकों के उपयोग की दी जानकारी




उसनाड़ में किसान सभा का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** इफको की ओर से संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत जिला हमीरपुर के विकास खंड बिझड़ी के उसनाड़ गांव में किसान सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहकारी समिति के प्रधान अमीचंद तथा एसएफए अनुज कुमार भी उपस्थित रहे।

किसान सभा के दौरान इफको के क्षेत्र अधिकारी रोहन कश्यप ने किसानों को नैनो एवं जैव उर्वरकों के महत्व तथा उनके वैज्ञानिक उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक एवं नैनो कॉपर के उपयोग से होने वाले लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन उत्पादों के प्रयोग से पोषक तत्वों की उपयोग दक्षता में वृद्धि होती है, उत्पादन लागत कम होती है तथा फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में सुधार होता है। साथ ही 'खेत बचाओ अभियान' के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में किसानों के साथ प्रश्नोत्तर एवं शंका समाधान सत्र आयोजित किया गया।

# रैली से दिया नशामुक्त जीवन का संदेश




सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा में क्रॉस-कंट्री दौड़ एवं नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में क्रॉस-कंट्री दौड़ एवं नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य कमांडर अक्षय साहू तथा तहसील कल्याण अधिकारी (टीडब्ल्यूओ), सुजानपुर टीहरा सिमरो शर्मा द्वारा क्रॉस-कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। जागरूकता अभियान के अंतर्गत कक्षा छठी के कैडेट्स ने चौगान मैदान के चारों ओर रैली निकाली। हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर तथा नशा-विरोधी नारों के माध्यम से उन्होंने समाज को नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया। कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता ने अभियान के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के समापन पर क्रॉस-कंट्री दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के बालक एवं बालिका प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमांडर अक्षय साहू एवं सिमरो शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा नशामुक्त समाज ही एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत की आधारशिला है। यह आयोजन नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा तथा उपस्थित प्रतिभागियों को एक स्वस्थ, जागरूक और नशामुक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# लबे इंतजार के बाद शासन गांव में पहुंचा पीने का पानी, ग्रामीणों में भारी खुशी

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के मुख्य कस्बा बिझड़ी से पपलोहल ब्राह्मणां तथा शासन के लिए जाने वाली पेयजल योजना से पीने के पानी समस्या लोगों के लिए बराबर बनी रहती थी, बिझड़ी टैंक से अंतिम गांव शासन तक पेयजल आपूर्ति सही ढंग से नहीं होने के चलते लोग परेशान हो रहे थे।

पानी की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। 13 जून को कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया के प्रयासों से बोरवेल से पानी उठाकर शासन तक सफलतापूर्वक पहुंचा दिया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के समाधान से अब नियमित पेयजल आपूर्ति की उम्मीद जगी है। शासनवासियों ने पानी की समस्या के समाधान में सहयोग के लिए कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ब पवन कालिया तथा जल शक्ति विभाग का आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और पेयजल संकट काफी हद तक दूर होगा। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विभाग क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाता रहेगा। जैसे ही बोरवेल के माध्यम से ग्राम पंचायत दंदवीं के शासन गांव तक पहुंचाया गया तो लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा उन्होंने बड़सर कांग्रेस नेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भी आभार प्रकट किया है।



ग्रामीणों ने जताया कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया और पवन कालिया का आभार। अनंत ज्ञान

# नशा विरोधी मुहिम में अध्यापक विद्यार्थी व अभिभावक दें योगदान



नशा निवारण को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार को बचत भवन में हमीरपुर शहर और आसपास के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों तथा नशा निवारण समितियों के सदस्यों के साथ संवाद किया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा शिक्षा विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस और प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से स्कूलों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तुरंत सूचना देने की अपील की। उन्होंने बताया कि 112 टोल फ्री नंबर और 'ड्रग फ्री हिमाचल' ऐप के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और समितियों के सदस्यों ने भी अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस अवसर पर कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

◆ **संवाद कार्यक्रम में डीसी गंधर्वा राठौड़ ने की अपील**

# बीसीए-बीबीए परीक्षाओं के प्रवेश पत्र किए जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीसीए एवं बीबीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र महाविद्यालय की प्रवेश वेबसाइट से डाउनलोड कर लें तथा उसमें अंकित विवरणों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीसीए प्रवेश परीक्षा 15 जून को तथा बीबीए प्रवेश परीक्षा 16 जून को आयोजित की जाएगी। डॉ. सोनी ने अभ्यर्थियों से परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचने तथा परीक्षा से संबंधित सभी निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बिना वैध प्रवेश पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से संबंधित नवीनतम सूचनाओं एवं निर्देशों के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# नेरी क्षेत्र में लंबे समय से भारी पेयजल किल्लत

## प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से की मुलाकात, ग्रामीण बोले- जल्द किया जाए समाधान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नेरी पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से मिला और क्षेत्र में व्याप्त गंभीर पेयजल समस्या से उन्हें अवगत करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिससे लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण स्थिति है कि जिस नेरी क्षेत्र से हमीरपुर शहर और आसपास की लगभग आधी आबादी को पेयजल आपूर्ति की जाती है, उसी क्षेत्र के लोग आज भी पर्याप्त पेयजल सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यह विभागीय स्तर पर गंभीर चिंता का विषय है कि आज तक ग्राम पंचायत नेरी को किसी प्रभावी पेयजल योजना से नहीं जोड़ा गया और ग्रामीणों को वर्षों पुरानी ग्रेविटी आधारित जलापूर्ति व्यवस्था के भरोसे छोड़ दिया गया है। डॉ. वर्मा ने कहा कि पिछले दो दशकों में नेरी क्षेत्र की जनसंख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके चलते पेयजल की मांग भी बढ़ी है। इसके बावजूद जल शक्ति विभाग द्वारा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कोई ठोस एवं दीर्घकालिक योजना तैयार नहीं की गई।



पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से मिलता प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

### पेयजल समस्या को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष उठाने का दिया आश्वासन

**डॉ.** वर्मा ने कहा कि नेरी क्षेत्र प्राकृतिक जल स्रोतों से भरपूर है, जो सदियों से निरंतर बह रहे हैं, लेकिन इन स्रोतों का वैज्ञानिक ढंग से उपयोग और संरक्षण कर ग्रामीणों के लिए पर्याप्त भंडारण टैंक तथा जलापूर्ति योजनाएं विकसित नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस विषय को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही संबंधित विभागों के साथ विस्तृत चर्चा कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि नेरी क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल स्रोतों के संरक्षण, तकनीकी सुधार और नई जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्रामीण परिवार को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

# प्रदेश का विकास करवाने में नाकाम रही कांग्रेस सरकार : अनिल धीमान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** पूर्व शिक्षा मंत्री ईश्वर दास धीमान के बेटे एवं पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने लगी है। 12 वर्षों के सकुशल नेतृत्व और जनकल्याण के कार्य से मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। शनिवार को अपने निवास स्थान तरक्वाड़ी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान ने कहा कि भाजपा एक मजबूत सशक्त और संकल्प के रूप में कार्य करने वाली सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यही वजह है कि पूरे विश्व व देश में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना हो रही है और 12 वर्षों का शासन काल बेशुमार उपलब्धियों से भरा है।

उन्होंने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। प्रदेश में बेरोजगार युवा रोजगार न मिलने, कर्मचारी उनका हक न मिलने और किसानों व महिलाओं के किए वादे पूरे न होने से नाराज है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन से प्रदेश का हर नागरिक कर्ज में डूब चुका है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू आत्मनिर्भर हिमाचल बनने का रोना रो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने कार्यकाल में विकास को प्रमुखता देते हैं, लेकिन पूर्व शिक्षा मंत्री ईश्वर दास धीमान का कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। अधिकांश शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र और सड़कें उनके कार्यकाल में निकली है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। जिला परिषद के चुनावों में कांग्रेस समर्थिम प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा है। इसका लाभ आने वाले विधानसभा चुनावों में अवश्य ही भाजपा को मिलेगा।



पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान। अनंत ज्ञान

# आंगनबाड़ी स्तर पर शिक्षा सुधार की दिशा में सराहनीय कदम

## कमाल की तैयारी के तहत समर मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से शनिवार को डब्लयूएमसी-1 डी अणु आंगनबाड़ी केंद्र में समर मेला का आयोजन किया गया। जिसका उदेश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिती को बढ़ावा देना तथा उन्हें विद्यालय प्रवेश के लिए बेहतर रूप से तैयार करना है। मेले में महिला एवं बाल विभाग के सुपरीवाइजर राकेश कुमार शर्मा, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से प्रतिभाग शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा शर्मा और सरोज कुमारी उपस्थित रहे। आशा वर्कर उमा देवी, नीता देवी, और स्वयंसेवी इंदुबाला और रेणू ने भी अपना योगदान दिया।



# भोरंज सिविल अस्पताल को मिली एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सिविल अस्पताल भोरंज को एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस की सौगात मिली है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सिविल अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एंबुलेंस का विधिवत लोकार्पण किया। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह आधुनिक एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार गंभीर रूप से बीमार मरीजों और सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर बेहतर उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मरीजों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस एंबुलेंस में आधुनिक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध हैं, जिनकी सहायता से मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान भी आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सकेगी। इससे गंभीर मरीजों को रेफर करते समय उपचार की निरंतरता बनी रहेगी और आपातकालीन परिस्थितियों में उनकी जान बचाने की संभावनाएं बढ़ेंगी। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर कांग्रेस भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, बीएमओ डॉ. ललित कालिया, अमनदीप शर्मा, राम चंद्र पठानिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने अस्पताल को मिली इस नई सुविधा का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



विधायक सुरेश कुमार ने एएलएस एंबुलेंस का किया लोकार्पण। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### चैलचौक में फ्री हेल्थ एवं नेत्र जांच कैंप आज

**अनंत ज्ञान, गोहर।** क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 14 जून रविवार को चैल चौक स्थित अभिलाषी अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सीके मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, चैल चौक तथा भानू चैरिटेबल ट्रस्ट, बगला (मंडी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसमें भानू अस्पताल एवं आई केयर सेंटर, बगला के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ, सामान्य सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा कैंसर रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। आयोजकों ने बताया कि शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। इसके अलावा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मुफ्त में नजर के चश्मे भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई जाएगी, उनका 15 जून (सोमवार) को भानू अस्पताल, बगला में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। विशेष बात यह है कि मोतियाबिंद ऑपरेशन में उपयोग होने वाले लेंस, अस्पताल में रहने, खाने-पीने तथा आने-जाने का समस्त खर्च संबंधित ट्रस्टों द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

### बग्गी में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज



**अनंत ज्ञान, बग्गी।** स्पोर्ट्स क्लब बग्गी के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आगाज जल शक्ति विभाग बग्गी के अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का महत्त्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष करने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि एक सफल खिलाड़ी अपनी मंजिल हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत करता है और निरंतर अभ्यास के बल पर सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने कई प्रसिद्ध खिलाड़ियों के उदाहरण देते हुए प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्पोर्ट्स क्लब बग्गी तथा आयोजक टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### मंडियों में पहुंचने लगा बल्ह का लाल टमाटर

**अनंत ज्ञान, भौर।** बल्ह घाटी, जो प्रदेश में टमाटर उत्पादन के लिए विशेष पहचान रखती है, वहां अब टमाटर की फसल मंडियों तक पहुंचनी शुरू हो गई है। चार माह की कड़ी मेहनत के बाद खेतों में लाल होते टमाटरों के साथ किसानों के चेहरों पर भी खुशी झलकने लगी है। किसान अब बिचौलियों के चक्कर में पड़ने के बजाय अपनी नकदी फसल सीधे मंडियों में बेच रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है। टमाटर बल्ह घाटी की प्रमुख नकदी फसल है और क्षेत्र का युवा वर्ग भी इसकी खेती में बढ़-चढ़कर रुचि ले रहा है। जुगाहण पंचायत के किसान विरेंद्र ठाकुर ने करीब 35 बीघा भूमि पर टमाटर की खेती की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में टमाटर के दाम संतोषजनक हैं। यदि बाजार में यही स्थिति बनी रही तो किसानों की मेहनत का पूरा फल मिलेगा। विरेंद्र ठाकुर ने बताया कि जब तेज धूप के कारण लोग घरों में आराम कर रहे होते हैं, तब किसान खेतों में सिंचाई, दवा छिड़काव और फसल की देखभाल में जुटे रहते हैं। वर्तमान में हाईब्रिड टमाटर का एक क्रेट करीब 750 रुपये तथा गोला टमाटर का क्रेट लगभग 1000 रुपये में बिक रहा है। उन्होंने बताया कि अब एक दिन छोड़कर दो पिकअप वाहन अलग-अलग मंडियों के लिए रवाना किए जाएंगे।

### ध्वाली में आज लगेगा नेत्र जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ध्वाली में सोमवार को भानू चेरिटेबल ट्रस्ट एवं प्रधान ग्राम पंचायत ध्वाली सुनील कुमार के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। प्रधान ग्राम पंचायत ध्वाली सुनील कुमार ने बताया कि शिविर में भानू हॉस्पिटल चक्कर (नेरचौक) से नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से डॉ. आभा (एमडी मेडिसिन), डॉ. दीक्षा (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. आविष्कार (ईएनटी विशेषज्ञ) उपस्थित रहकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान बीपी, शुगर तथा आंखों की जांच निशुल्क की जाएगी। इसके अतिरिक्त मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी।

### गुटकर में 16 जून को लगेगा पारंपरिक मेला

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** निकटवर्ती औद्योगिक कस्बे गुटकर में 16 जून को पारंपरिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। मेले की विशेषता क्षेत्र के प्रमुख देवी-देवताओं की उपस्थिति रहेगी। आयोजन में देव सतबाला, देव कामेश्वर टिक्कर तथा भराड़ी भगवती के आगमन से धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बनेगा। सरानाहुली मेले के अगले दिन आयोजित होने वाले इस मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जबकि मेला कमेटी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं। मेले में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### धर्म संघ का स्थापना दिवस 16 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर मंडी की मासिक बैठक धर्म संघ कार्यालय में प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 16 जुलाई को श्रावण संक्रांति के अवसर पर धर्म संघ का 58वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस समारोह भूतनाथ सराय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे बाबा भूतनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

# ग्रामीण अंचलों में सुखद बदलाव ला रहा सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन

## सिविल अस्पताल करसोग बना जीवन रक्षक केंद्र, वेंटिलेटर सपोर्ट वाले मरीज का भी हो रहा इलाज

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** प्रदेश की 'सुक्खू सरकार' की व्यवस्था परिवर्तन की सोच प्रशासनिक सुधारों से आगे बढ़कर आम नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित कर उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसी से प्रेरणा लेते हुए नागरिक अस्पताल करसोग में भी सुखद बदलाव नजर आने लगे हैं। करसोग क्षेत्र के 58 वर्षीय एक गंभीर मरीज लगभग एक वर्ष से शिमला स्थित आईजीएमसी के आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर उपचाराधीन था। गत 23 मई को विशेष वेंटिलेटर एंबुलेंस के माध्यम से उसे सफलतापूर्वक नागरिक चिकित्सालय करसोग के आईसीयू में स्थानांतरित किया गया।



सिविल अस्पताल करसोग में पर्ची बनाने के लिए लाइन में लगे मरीज। अनंत ज्ञान

प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में यह एक अनूठी पहल मानी जा रही है, जब राज्य के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान से वेंटिलेटर सपोर्ट पर चल रहे मरीज को उपमंडल स्तरीय अस्पताल में स्थानांतरित कर सफलतापूर्वक उपचार प्रदान किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार वर्तमान में मरीज की स्थिति स्थिर बनी हुई है। यह मरीज करसोग के समीप नोवा गांव से संबंधित है। एक दुर्घटना के कारण इसके फेफड़ों की नसें नष्ट हो गई और जीवित रहने के लिए अब वेंटिलेटर ही एकमात्र सहारा है। परिजनों को लंबे समय तक शिमला में उपचार करवाना मुश्किल हो रहा था। लंबी बीमारी के मरीजों को वेंटिलेटर उपलब्ध करवाने की चुनौती भी सामने रही। ऐसे में मरीज और परिजनों को राहत देने के लिए नागरिक चिकित्सालय करसोग में वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई।

इसके लिए अस्पताल में सबसे पहले चौबीसों घंटे निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति सुनिश्चित की गई। उसके बाद शिमला से इंजीनियर बुलाकर बंद पड़े वेंटिलेटर को ठीक करवाया और आपात अनुभाग में एक आईसीयू सेटअप किया गया। नागरिक चिकित्सालय गोहर से एनेस्थीसिया विशेषज्ञ बुलाकर अस्पताल टीम को वेंटिलेटर का डेमो दिया गया। नागरिक चिकित्सालय करसोग से एक डॉक्टर, दो स्टाफ नर्स और ओटीए को बारी-बारी शिमला में आईसीयू ट्रेनिंग करवाई गई।



"करसोग अस्पताल में आईजीएमसी से लाए गए मरीज की स्थिति स्थिर है और पूरी टीम निष्ठा एवं समर्पण के साथ उसकी देखभाल कर रही है। इस सफलता ने अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया है।

-डॉ. गोपाल चौहान, खंड चिकित्सा अधिकारी

### ऐसे की जा रही मरीज की देखभाल

**आईजीएससी** से करसोग अस्पताल में शिफ्ट किए मरीज की देखभाल पीजीआई चंडीगढ़ से एमडी मेडिसिन डॉ. कृतिका की अगुवाई में गठित टीम द्वारा की जा रही है। मरीज की निगरानी, दवा प्रबंधन और वेंटिलेटर सपोर्ट सुनिश्चित करने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र ठाकुर चिकित्सकीय टीम के संपर्क में हैं। प्रतिदिन मरीज की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। टीम आईजीएमसी शिमला के आईसीयू विशेषज्ञों के साथ भी निरंतर समन्वय बनाए हुए हैं।

### करसोग अस्पताल ने बदली आम सोच

**यह** उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्षों तक यह धारणा बनी रही कि गंभीर मरीजों का उपचार केवल मेडिकल कॉलेजों और बड़े अस्पतालों में ही संभव है। करसोग अस्पताल ने इस सोच को बदलते हुए साबित किया है कि यदि संसाधनों का सही उपयोग, प्रशिक्षित मानव संसाधन और मजबूत इच्छाशक्ति हो तो ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पताल भी उत्कृष्ट क्रिटिकल केयर सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। अस्पताल का तीन बेड वाला आईसीयू और प्रशिक्षित स्टाफ अब क्षेत्र के गंभीर मरीजों के लिए जीवनरेखा बन चुका है। वास्तव में यह उपलब्धि प्रदेश सरकार की व्यवस्था परिवर्तन नीति का प्रत्यक्ष परिणाम है जो अब धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।

# चंदेश में देव माहूंनाग के दर्शनों को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## भजनों पर देर तक झूमते रहे भक्तजन, आज कोठी में विराजमान होंगे देवता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** देव माहूंनाग अपनी कोठी से चंदेश पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। देवता के आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर माहूंनाग भजन मंडली के कलाकारों ने भजनों और भेंटों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

मंडली के मुख्य कलाकार पुजारी दीनानाथ शर्मा, देवेंद्र शर्मा, लाभचंद, पीतांबर शर्मा, खेमचंद शर्मा, चंदू, लाभु तथा अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर तक नाचते-गाते रहे। कार्यक्रम के दौरान देवता के गुर डिकपाल शास्त्री ने कहा कि सरकाघाट क्षेत्र के लोगों की देव माहूंनाग के प्रति गहरी आस्था और अटूट विश्वास है। उन्होंने बताया कि देव माहूंनाग शनिवार को पुनः अपनी कोठी में विराजमान होंगे तथा रविवार को देव दरबार में प्रश्न भी डाली जाएगी, जिसके लिए क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि देव परंपराएं क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें संजोकर रखना सभी का दायित्व है।



चंदेश पहुंचने पर देव माहूंनाग का स्वागत करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

देवता के स्वागत और धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा पूरा वातावरण जयकारों और भक्ति रस से सराबोर रहा।

### कमरुनाग के ऐतिहासिक मेले के लिए तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, गोहर।** मंडी जिला के आराध्य देव कमरुनाग के ऐतिहासिक मेले के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 14 से 16 जून तक विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। डीएसपी मुख्यालय मंडी दिनेश कुमार ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को देव कमरुनाग मंदिर तक पहुंचने के लिए सरोआ, फंग्यार तथा शाला मार्गों से वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी। वहीं, मंदिर से वापसी करने वाले सभी वाहनों को झौर-जाछ मार्ग का ही उपयोग करना होगा। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

# धर्मी देवी ने दीन बंधु बाल आश्रम में मनाया जन्मदिन



दीन बंधु बाल आश्रम भरनाल में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाती धर्मी देवी व परिजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** दीन बंधु बाल आश्रम भरनाल में शनिवार को धर्मी देवी अपने परिवार सहित पहुंचीं और बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर स्नेह, सेवा और अपनत्व का संदेश दिया। हालांकि उनका जन्मदिन लगभग पांच-छह माह पूर्व हो चुका था, लेकिन उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि वे अपना जन्मोत्सव आश्रम के बच्चों के बीच मनाएं। इसी उद्देश्य से वे अपने पुत्र रणवीर चौहान, पुत्रवधू सरिता देवी तथा पौत्री कौशिकी के साथ आश्रम पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान धर्मी देवी ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसा और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। बच्चों ने भी स्वागत गीत, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। इससे पूरा वातावरण उत्साह और पारिवारिक स्नेह से सराबोर हो गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के अध्यापक रणवीर चौहान ने बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविकास के महत्व से अवगत कराया। वहीं, धर्मी देवी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंद बच्चों के बीच समय बिताना चाहिए, जिससे उनमें आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना विकसित होती है। आश्रम प्रबंधन ने धर्मी देवी और उनके परिवार का आभार व्यक्त किया।

# अशिमत ने बिना कोचिंग के क्रैक की इंजीनियरिंग परीक्षा

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इन पंक्तियों को सच कर दिखाया है सुंदरनगर के धनोटू गांव के होनहार छात्र अशिमत ने। आज के दौर में जहां प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के लिए युवा लाखों रुपयों की कोचिंग का सहारा लेते हैं, वहीं अशिमत ने बिना किसी कोचिंग संस्थान की मदद लिए देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में सिविल इंजीनियरिंग सीट पर कब्जा जमाया है। जैसे ही इस सफलता की खबर आई, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। अशिमत पुत्र धनी राम शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सुंदरनगर के बीएसएल मॉडल स्कूल और एक अन्य निजी विद्यालय से पूरी हुई, जहां से उनकी शिक्षा की मजबूत नींव पड़ी। इसके बाद वर्ष 2025 में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर की सिविल इंजीनियरिंग शाखा में प्रवेश लिया था। अशिमत ने बताया कि उनका लक्ष्य हमेशा से स्पष्ट था। उन्होंने बिना किसी बाहरी कोचिंग के, केवल घर पर रहकर कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास और नियमित रूप से टाइम-टेबल बनाकर पढ़ाई की। अशिमत का मानना है कि यदि लक्ष्य के प्रति पूरी ईमानदारी हो, तो स्वाध्याय से बड़ी से बड़ी परीक्षा को पास किया जा सकता है। अशिमत ने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के सटीक मार्गदर्शन और दुआओं का परिणाम है।



◆ एनआईटी हमीरपुर में बनेंगे सिविल इंजीनियर

### मिड-डे मील वर्कर यूनियन 22 जून को करेगी हड़ताल: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से संबंधित मजदूर यूनियनें अपनी मांगों को लेकर संघर्ष की राह पर हैं जिसके चलते गत दिनों आंगनबाड़ी यूनियन के आह्वान पर हड़ताल और शिमला सचिवालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन हुआ है और अब मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन बारे 21 जून को यूनियन की राज्य कमेटी की बैठक बिलासपुर में होने जा रही है। यह जानकारी सीटू के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सीटू से सबंधित मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन अब 22 जून को अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल करने जा रही है और शिमला में राज्य स्तरीय रैली आयोजित की जायेगी जिसमें मंडी ज़िला के सभी शिक्षा खंडों से वर्करज भाग लेंगे।इसके अलावा एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन भी अपनी मांगों के बारे संघर्ष की अगली योजना बनाने के लिए 15 जून को मंडी में तथा 22 जून को शिमला में बैठक आयोजित करने जा रही है।इसके अलावा निर्माण मज़दूरों के लंबित लाभ जारी न होने के ख़िलाफ़ 6,7,8 जुलाई को बोर्ड कार्यालय हमीरपुर पर प्रदर्शन करने का भी निर्णय लिया गया है।

# किसानों को दिए प्लम प्रोसेसिंग के टिप्स

## एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत खुगरांव क्लस्टर में कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उद्यान विभाग द्वारा 'एचपी शिवा' परियोजना के अंतर्गत मंडी जिले के खुगरांव क्लस्टर में 'मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण' पर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सुंदरनगर, बल्ह और गोहर विकास खंड के विभिन्न क्लस्टरों से आए दर्जनों प्रगतिशील किसानों बागवानों ने भाग लिया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कविता शर्मा और डॉ. कविता आर्य ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किसानों को प्लम की तुड़ाई के बाद के प्रबंधन की बारीकियों से रूबरू कराया।

उन्होंने सैद्धांतिक जानकारी के साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों ने प्लम से प्लम जैम, प्लम चटनी, प्लम स्क्वैश (शरबत), प्लम का अचार और प्लम पापड़ जैसे विभिन्न उत्पाद बनाने का लाइव डेमो दिया और इन्हें तैयार करने की विधि के साथ-साथ पैकेजिंग व प्रिजर्वेटिव्स की सही मात्रा जैसे प्रमुख पहलुओं को विस्तार से समझाया।



कार्यशाला में सुंदरनगर की उद्यान विकास अधिकारी डॉ. अनुपमा, क्षमता निर्माण विशेषज्ञ राव साहेब बेंद्रे, क्लस्टर प्रभारी नीता सहित ब्लॉक टीम के अन्य सदस्य और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में किसानों ने इस तरह के आय-वर्धक आयोजनों के लिए उद्यान विभाग और एचपी शिवा परियोजना का आभार व्यक्त किया।

### किसानों की बढ़ेगी आमदनी : डॉ. संजय

**उद्यान** विभाग, मंडी के उपनिदेशक डॉ. संजय गुप्ता ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मूल्य संवर्धन तकनीक बागवानों के लिए बेहतर बदलाव ला सकती है। इस प्रशिक्षण के बाद किसान इन मूल्यवर्धित उत्पादों को न केवल अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए तैयार कर सकते हैं, बल्कि 'सहकारी विपणन दृष्टिकोण' अपनाकर इन्हें व्यावसायिक तौर पर भी बेच सकते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और बागवानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# बल्ह में महिला उद्यमियों को फंडिंग और नेटवर्किंग की दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला उद्योग केंद्र मंडी द्वारा विकास खंड कार्यालय बल्ह में महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय फंडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। एनआईटीकॉन लिमिटेड के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की करीब 70 महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग विभाग की विस्तार अधिकारी बल्ह श्वेता ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं, सरकारी योजनाओं तथा विपणन अवसरों की जानकारी प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार और व्यवसाय विस्तार के लिए प्रोत्साहित करना था। इस दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण स्वीकृति प्रक्रिया, सरकारी सब्सिडी एवं प्रोत्साहन योजनाओं, बीमा योजनाओं, उद्यम पंजीकरण तथा डिजिटल एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रियाओं की व्यवहारिक जानकारी दी गई। महिला उद्यमियों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे महत्वपूर्ण विपणन प्लेटफार्मों के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि वे अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचा सकें। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चंदर प्रकाश, एनएसआईसी मंडी के चीफ मैनेजर लोकेश भाटिया, वित्तीय साक्षरता केंद्र से हरि सिंह कौंडल, ग्रामीण विकास विभाग (एनआरएलएम) से वीरेंद्र कुमार तथा एमएमएसवाई योजना की सफल महिला उद्यमी संजना शर्मा ने विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की। जिला उद्योग केंद्र की ओर से राजश्री ने भी सहभागिता की। विशेषज्ञों ने महिला उद्यमियों को एनएसआईसी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कौशल उन्नयन और उद्यमिता विकास के अवसरों की जानकारी दी। प्रतिभागियों ने भी योजनाओं और वित्तीय अवसरों से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम रैंप परियोजना के अंतर्गत संचालित सोशल इन्क्लूजन घटक के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुंच को मजबूत बनाना और उन्हें सरकारी योजनाओं व बाजार से प्रभावी रूप से जोड़ना है।

**खतरा** अस्थायी शैड और खड़े कंडम वाहन बढ़ा रहे दुर्घटना का खतरा

# मलोरी टनल चौक बना हादसों का सबब

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** नागचला फोरलेन से बैहना होते हुए मंडी की ओर जाने वाले वाहन चालकों को मलोरी टनल के समीप बने चौक पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह चौक अब दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील बन चुका है और यहां थोड़ी सी लापरवाही भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। मंडी और कुल्लू की ओर जाने वाले वाहनों को इस चौक पर एक-दूसरे की आवाजाही का इंतजार करना पड़ता है।

मंडी बाईपास की ओर से आने वाले छोटे-बड़े वाहनों के कारण अक्सर यातायात प्रभावित रहता है। वहीं मंडी से आने वाले वाहन चालकों को फोरलेन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कुल्लू की ओर से आने वाले वाहनों के निकलने की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। इससे यहां हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा चौक पर दिशा सूचक बोर्ड तो लगाए गए हैं, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान बनाए गए टीन के अस्थायी शैड आज भी मौके पर मौजूद हैं।




मलोरी टनल चौक पर खड़े कंडम वाहन और अस्थायी शैड, जो दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। अनंत ज्ञान

इसके अलावा एक कंडम टिप्पर, मिक्सर मशीन और अन्य बेकार वाहन भी लंबे समय से यहां खड़े हैं, जो वाहन चालकों की दृश्यता को प्रभावित कर रहे हैं और यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि चौक पर खड़े इन वाहनों और अस्थायी ढांचों के कारण मोड़ पर आने वाले वाहनों का सही आकलन नहीं हो पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और एनएचएआई से मांग की है कि मलोरी टनल चौक पर बने अनावश्यक शैड तथा कंडम वाहनों को शीघ्र हटाया जाए ताकि यातायात सुचारू हो सके और किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

# खस्ताहाल ज्वाला सड़क दे रही हादसों को न्योता

अनंत ज्ञान

**रमेश भारती, जंगमबाग।** बीबीएमबी रेस्ट हाउस से संपर्क करने वाला ताम्रकूट पर्वत (त्रांबड़ी) धार की तराई स्थित ज्वाला सड़क मार्ग बदहाली के कारण वाहन चालकों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों और उखड़ी हुई सतह के कारण इस मार्ग पर सफर करना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों से यह सड़क मरम्मत की बाट जोह रही है। बरसात के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। मार्ग पर कीचड़ जमा होने से वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है। सड़क के एक हिस्से में डंगा भी काफी हद तक क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे जरा सी लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। लोगों का कहना है कि यदि कोई वाहन अनियंत्रित हो जाए तो उसके गहरी खाई में गिरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़क के साथ स्थित पुल भी लोगों की चिंता का कारण बना हुआ है। पुल पर सुरक्षा रेलिंग नहीं होने के कारण यह किसी भी समय दुर्घटना को न्योता दे सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत और पुल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई बार संबंधित विभाग के समक्ष मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे लोगों में निराशा और रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने उपायुक्त और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क के गड्ढों को जल्द भरा जाए, क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जाए तथा पुल पर रेलिंग लगाकर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए जाएं।

बेहतर जिंदगी का रास्ता बेहतर किताबों से होकर जाता है।
–शिल्पायन

## संपादकीय

# सिमटते क्षेत्रीय दल

भारतीय राजनीति लंबे समय तक विविधताओं और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की राजनीति के लिए जानी जाती रही है। एक समय था जब देश के कई राज्यों में क्षेत्रीय दल न केवल सत्ता के केंद्र में थे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने की क्षमता भी रखते थे। केंद्र में सरकार बनाने के लिए राष्ट्रीय दलों को इन क्षेत्रीय शक्तियों का सहयोग लेना पड़ता था, लेकिन पिछले एक दशक में राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदला है। आज यह सवाल गंभीरता से पूछा जा रहा है कि क्या भारत में क्षेत्रीय दलों की राजनीति अपने प्रभाव के क्षरण के दौर से गुजर रही है? इस परिवर्तन को समझने के लिए भारतीय जनता पार्टी के विस्तार को देखना होगा। 1980 में स्थापित भाजपा ने अपने शुरुआती वर्षों में संघर्ष का लंबा दौर देखा। 1984 के लोकसभा चुनाव में पार्टी केवल दो सीटों तक सिमट गई थी। उस समय शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यही पार्टी एक दिन देश की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति बन जाएगी। भाजपा का उदय भारतीय राजनीति के चरित्र में आए बदलाव का संकेत है।

1989 के बाद गठबंधन राजनीति का दौर शुरू हुआ। 1990 के दशक में अनेक क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी राजनीति, बिहार में मंडल राजनीति, पश्चिम बंगाल में वामपंथ, ओडिशा में क्षेत्रीय नेतृत्व, तमिलनाडु में द्रविड़ दल और आंध्र प्रदेश में क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति प्रभावी थी। इसी दौर में भाजपा ने वैचारिक मुद्दों, संगठनात्मक विस्तार और मजबूत नेतृत्व के आधार पर अपनी पहचान बनाई। राम जन्मभूमि आंदोलन ने पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी। 1996 में वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार प्रधानमंत्री बने। हालांकि सरकार केवल 13 दिन चली, लेकिन यह भाजपा के राष्ट्रीय विस्तार का महत्वपूर्ण पड़ाव था। 1998 और 1999 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेतृत्व में भाजपा ने गठबंधन राजनीति की नई परिभाषा दी। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी ने न केवल सत्ता प्राप्त की, बल्कि एक स्थिर सरकार भी दी। इसके बावजूद उस समय भाजपा को कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों पर निर्भर रहना पड़ता था।

असल बदलाव 2014 के बाद दिखाई दिया। गुजरात में सीएम पद की सफलतापूर्वक जिम्मेदारी निभाने के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने केंद्र में पहली बार अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। इसके बाद पार्टी ने राज्यों में भी आक्रामक विस्तार की रणनीति अपनाई। जिन राज्यों में कभी भाजपा की उपस्थिति नगण्य थी, वहां भी उसने अपनी राजनीतिक जमीन तैयार की। आज भाजपा और उसके सहयोगी देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता का हिस्सा हैं। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य, जो लंबे समय तक भाजपा के लिए चुनौती माने जाते थे, वहां भी पार्टी ने उल्लेखनीय राजनीतिक विस्तार दर्ज किया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा ने अपनी मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। यह स्थिति दर्शाती है कि पार्टी अब केवल हिंदी पट्टी तक सीमित नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आधार तैयार कर चुकी है। दूसरी ओर, कई क्षेत्रीय दल लगातार कमजोर होते दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे कई कारण हैं। पहला, अधिकांश क्षेत्रीय दल नेतृत्व के केंद्रीकरण और वंशवादी राजनीति की समस्या से जूझ रहे हैं। यही वजह है कि उन्हें कोई बड़ा नेता नहीं मिल पा रहा है।


दूसरी पीढ़ी के नेतृत्व को जनता से वैसा जुड़ाव नहीं मिल पाया जैसा संस्थापक नेताओं को मिला था। दूसरा, क्षेत्रीय दल अक्सर स्थानीय मुद्दों तक सीमित रह गए, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीय पहचान, राष्ट्रवाद, विकास और मजबूत नेतृत्व को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रखा। तीसरा कारण विपक्ष की एकजुटता का अभाव है। कई राज्यों में क्षेत्रीय दल आपसी प्रतिस्पर्धा में इतने उलझे रहे कि वे भाजपा के सामने प्रभावी चुनौती खड़ी नहीं कर पाए। नतीजा यह हुआ कि भाजपा ने राजनीतिक रिक्तता का लाभ उठाकर अपना आधार बढ़ाया। हालांकि यह कहना जल्दबाजी होगी कि क्षेत्रीय राजनीति पूरी तरह समाप्त हो रही है। तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब और कुछ अन्य राज्यों में क्षेत्रीय दल अभी भी मजबूत हैं। भारत की सामाजिक, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता क्षेत्रीय राजनीति को पूरी तरह खत्म होने नहीं देगी लेकिन यह भी सच है कि क्षेत्रीय दलों की राष्ट्रीय प्रभाव क्षमता पहले की तुलना में कम हुई है। लोकतंत्र की दृष्टि से यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों प्रस्तुत करती है।

एक ओर मजबूत राष्ट्रीय दल राजनीतिक स्थिरता प्रदान कर सकता है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय दल स्थानीय आकांक्षाओं और विविधताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है। आज भारतीय राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र पहले की तुलना में अधिक मजबूत दिखाई देता है। भाजपा का विस्तार और क्षेत्रीय दलों का अपेक्षाकृत कमजोर होना इसी बदलाव की कहानी है। आने वाले वर्षों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्रीय दल नए राजनीतिक विमर्श और नेतृत्व के साथ अपनी प्रासंगिकता बनाए रख पाते हैं या भारतीय राजनीति और अधिक केंद्रीकृत होती जाती है। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति में शक्ति संतुलन बदल रहा है और इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला है। कुल मिलाकर, यह कहना गलत नहीं होगा कि क्षेत्रीय दलों के बिखराव और भाजपा के विस्तार ने देश की राजनीतिक संरचना को एक नए दौर में पहुंचा दिया है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### 'आदित्य बिड़ला ग्रुप' के अध्यक्ष

**कुमार मंगलम बिड़ला** भारत के प्रमुख उद्योगपतियों में से एक हैं और 'आदित्य बिड़ला ग्रुप' के अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 14 जून 1967 को राजस्थान के प्रतिष्ठित बिड़ला परिवार में हुआ। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की शिक्षा प्राप्त की तथा London Business School से एमबीए किया। भारत सरकार ने उद्योग, व्यापार और आर्थिक विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2023 में उन्हें Padma Bhushan से सम्मानित किया।



**कुमार मंगलम बिड़ला**
**जन्म :** 14 जून, 1967

वर्ष 1995 में पिता Aditya Vikram Birla के आकस्मिक निधन के बाद मात्र 28 वर्ष की आयु में उन्होंने समूह की कमान संभाली। उस समय समूह का कारोबार लगभग 2 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जिसे उन्होंने अपने नेतृत्व में कई गुना बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर स्थापित किया। आज आदित्य बिड़ला समूह का व्यवसाय 40 से अधिक देशों में फैला हुआ है और यह लाखों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

उनके नेतृत्व में समूह ने सीमेंट, एल्युमीनियम, वस्त्र और उर्वरक जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ दूरसंचार, वित्तीय सेवाओं और खुदरा व्यापार में भी विस्तार किया। Grasim Industries, Hindalco Industries, UltraTech Cement तथा अन्य प्रमुख कंपनियां उनके नेतृत्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचीं।



कविता

### ओलम (अनंत प्रेम)

डॉ. राजीव डोगरा, (हिंदी अध्यापक)
गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)

जी रहा हूं जीवन बड़ी ही शिद्दत से
क्या मेरी पीड़ा का, कारण बन तुम
मुझे शून्य करोगे?
हारा तो कभी था ही नहीं मैं
पर क्या छेड़ मेरे जज्बातों की तरंगों को
मुझे तुम अधूरा करोगे?
मानता हूं तुम्हें भेजा है उस खुदा ने
स्वयं मेरे पास, क्या छेड़ प्रेम का राग
मुझे हीरा करोगे?

# नेहरू से आगे मोदी : 12 साल सत्ता, विकास और वर्चस्व के

काशी के यशस्वी सांसद की सरकार के सुखद 12 साल पूरे हो गए। देश के अनेक हिस्सों में इस अवसर पर जश्न भी देखा गया। हर तरफ एक ही राजनीतिक और जनभावना की चर्चा रही–नेहरू से आगे मोदी। कहीं चुनाव जीतकर सरकार बनी तो कहीं राजनीतिक रणनीति और समीकरणों के आधार पर, लेकिन जिस राज्य में चाहा वहां सरकार बना ली गई। केवल दक्षिण भारत में ही अपेक्षित सफलता कुछ सीमित रही। भाजपा ने इन 12 वर्षों में उन राज्यों में भी सरकार बना ली जहां कभी उसके केवल दो विधायक हुआ करते थे और पंजाब जैसे राज्य से, जहां एक ही विधायक था, वहां से सात राज्यसभा सदस्य तक पहुंच गए। यह राजनीतिक दृष्टि से एक असाधारण विस्तार माना जाएगा। ऐसा राजनीतिक विस्तार न नेहरू कर पाए और न अटल बिहारी वाजपेयी। इसे समर्थक मोदी का विशिष्ट राजनीतिक रिकॉर्ड मानते हैं।



**डॉ. अशोक कुमार चौबे**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कृषि प्रसार सेवा
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह भाजपा सरकार से अधिक मोदी सरकार के 12 साल हैं। समर्थकों के अनुसार यह 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के साथ-साथ राजनीतिक स्थिरता के वर्ष रहे हैं। आने वाली पीढ़ियां शायद इसे भारतीय राजनीति के एक ऐसे दौर के रूप में याद करेंगी, जिसमें नेतृत्व का केंद्र एक ही व्यक्ति के इर्द-गिर्द मजबूत रूप से स्थापित रहा। मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तभी से उनके मन में एक बड़ा राजनीतिक लक्ष्य था कि एक दिन देश के प्रधान सेवक बनकर इतिहास में एक नई पहचान स्थापित करें। सत्ता में लंबे समय तक बने रहने का उनका यह राजनीतिक सपना पूरा हुआ और वे स्वतंत्र भारत के सबसे लंबे कार्यकाल वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल हो गए। हालांकि, नेहरू और मोदी की राजनीतिक यात्रा, विचारधारा और ऐतिहासिक परिस्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन में लंबा समय जेल में बिताया और देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाई, इसलिए दोनों नेताओं की तुलना केवल सत्ता-काल तक सीमित नहीं की जा सकती, पर राजनीतिक चर्चा में यह तुलना अक्सर होती रही है।

मोदी का 12 वर्षों का राजनीतिक सफर सरल नहीं कहा जा सकता। इस दौरान राम मंदिर, सनातन और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे राजनीतिक आधार के रूप में उभरे। समर्थकों के अनुसार इन मुद्दों ने सरकार को व्यापक जनसमर्थन प्रदान किया। एक नई राजनीतिक धारा विकसित हुई जिसमें सरकार के विरोध को कई बार राष्ट्रवाद के विरोध के रूप में भी देखा जाने लगा। विपक्ष के बिखराव का सीधा लाभ भी इस अवधि में सरकार को मिलता रहा। कई राज्यों में जहां क्षेत्रीय दलों का



मजबूत प्रभाव था, वहां भाजपा ने अपनी स्थिति मजबूत की। ओडिशा, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक समीकरण लगातार बदलते रहे। यह भी इस 12 साल की राजनीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता मानी जाती है।

विकास के क्षेत्र में सरकार ने कई बड़े दावे और योजनाएं प्रस्तुत कीं। खाद्य सुरक्षा योजना को नए स्वरूप में आगे बढ़ाया गया और आज लगभग 81 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करीब 4 करोड़ घर बनाए जाने का दावा किया जाता है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग 10 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए लगभग 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा में सुधार का दावा किया गया। जन-धन योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया। वर्तमान में लगभग 32 करोड़ जन-धन खाते सक्रिय बताए जाते हैं। इसके माध्यम से गरीब और ग्रामीण वर्ग को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास किया।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश के 26 शहरों में 1100 किलोमीटर से अधिक मेट्रो नेटवर्क विकसित हुआ, जबकि वंदे भारत ट्रेनों और नए एक्सप्रेस-वे, राजमार्गों तथा हवाई अड्डों ने परिवहन व्यवस्था को नई गति दी। युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम और मुद्रा योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा दिया गया। आयुष्मान भारत योजना के जरिए लगभग 60 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली, वहीं 19 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई गईं। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी गई और आयकर व्यवस्था में भी राहत संबंधी बदलाव किए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर रक्षा उत्पादन और हथियार निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा अभियानों से स्थिति में सुधार का दावा किया गया। नए संसद भवन, कर्तव्य पथ जैसे प्रतीकात्मक बदलाव भी इसी दौर की प्रमुख उपलब्धियों में गिने जाते हैं। चिकित्सा शिक्षा में मेडिकल कॉलेजों और सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

हालांकि नीट विवाद, रेलवे दुर्घटनाओं, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की गुणवत्ता और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे मुद्दों पर सरकार को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। इन सबके बीच नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शामिल हो चुके हैं। 'मन की बात' और चुनावी सफलताओं ने उनके जनाधार को मजबूत किया है। कुल मिलाकर नेहरू से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का उनका रिकॉर्ड राजनीतिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बन चुका है। आने वाले वर्षों में उनका प्रभाव कितना बढ़ेगा, यह जनता और समय तय करेंगे, लेकिन भारतीय राजनीति पर उनकी छाप लंबे समय तक याद रखी जाएगी

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# विकसित भारत की राह में बहुत बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार

भारत आज विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। देश तकनीक, आधारभूत ढांचे, शिक्षा, डिजिटल सेवाओं, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। सरकार का लक्ष्य विकसित भारत का निर्माण है, अर्थात ऐसा भारत जो आर्थिक रूप से मजबूत, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली हो लेकिन इस सपने को साकार करने की राह में यदि कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो वह भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि यह समाज, व्यवस्था और लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाली गंभीर समस्या है।



**केशव शर्मा 'रसिक'**
कोटला, घुमारवीं, बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भ्रष्टाचार का अर्थ है अपने पद, अधिकार या शक्ति का अनुचित लाभ लेकर निजी स्वार्थ की पूर्ति करना। रिश्वतखोरी, भाई-भतीजावाद, घोटाले, सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी, फर्जी बिल, अवैध कमीशन, पद का दुरुपयोग आदि इसके प्रमुख रूप हैं। यह समस्या केवल सरकारी दफ्तरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती है।

यदि किसी राष्ट्र को विकसित बनना है तो उसकी आर्थिक व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए लेकिन भ्रष्टाचार विकास की गति को बाधित करता है। सरकार द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, बिजली, रोजगार या कल्याणकारी योजनाओं के लिए जो धन आवंटित किया जाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। परिणामस्वरूप योजनाएं कागजों में सफल दिखाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाता। इससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होता है और विकास की प्रं, या कमजोर पड़ जाती है।

शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का असर और भी गंभीर होता है। यदि स्कूलों, अस्पतालों या




सार्वजनिक सेवाओं में गुणवत्ता के बजाय पैसे और सिफारिश का महत्व बढ़ जाए, तो समाज की बुनियाद कमजोर हो जाती है। एक विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अनिवार्य हैं, लेकिन भ्रष्टाचार इन दोनों क्षेत्रों को प्रभावित करता है।

भ्रष्टाचार निवेश और व्यापारिक माहौल को भी नुकसान पहुंचाता है। जब किसी देश में पारदर्शिता की कमी होती है और काम करवाने के लिए रिश्वत या अनुचित प्रभाव की जरूरत पड़ती है, तो निवेशकों का विश्वास कम होता है। उद्योगों की वृद्धि प्रभावित होती है और रोजगार के अवसर घटते हैं। इससे आर्थिक विकास की गति धीमी पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार सामाजिक असमानता को भी बढ़ाता है। जो व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है या प्रभावशाली है, वह कई बार व्यवस्था का अनुचित लाभ उठा लेता है, जबकि गरीब और सामान्य नागरिक अपने अधिकारों से वंचित रह जाता है। इससे समाज में अन्याय, असंतोष और व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है। लोकतंत्र की असली ताकत समान अवसर और न्याय में निहित होती है, लेकिन भ्रष्टाचार इस भावना को कमजोर कर देता है।

हालांकि भारत में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सेवाएं, ई-गवर्नेंस, पारदर्शी निविदा प्रणाली, आधार आधारित सेवाएं, जनधन खाते और शिकायत निवारण तंत्र जैसे प्रयासों से कई क्षेत्रों में सुधार देखने को मिला है। तकनीक ने मानवीय हस्तक्षेप को कम कर पारदर्शिता बढ़ाने में मदद की है। फिर भी केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं; समाज की भागीदारी भी आवश्यक है।

विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इसके लिए पारदर्शी प्रशासन, मजबूत जवाबदेही, नैतिक शिक्षा और जागरूक नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक प्रयास ही सुशासन को मजबूत करेंगे और देश को तेज, समावेशी तथा सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आती-जाती सत्ता के साथ बदलती जा रही नेताओं की वफादारी

पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जहां वफादारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, वहीं क्या सियासत की दुनिया में वफादारी सबसे सस्ती चीज होती है? आज यह सवाल हर तरफ पूछा जा रहा है। क्या जब तक सत्ता का 'सूरज' चमकता रहता है, दरबार में भीड़ लगी रहती है लेकिन जैसे ही सूरज 'अस्ताचल' होने लगता है, सियासी 'महफिल' में सन्नाटा छा जाता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस वक्त ठीक यही हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बाद तृणमूल कांग्रेस की बगावत ने पार्टी को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है। दिल्ली से कोलकाता तक पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की मनमानी के खिलाफ पार्टी के 20 लोकसभा सांसदों और 58 से अधिक विधायकों ने मोर्चा खोल दिया है। वैसे यह महज एक पार्टी का संकट नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र के उस गहरे घाव को उजागर करता है, जिसे मौकापरस्ती का नासूर कहते हैं। प. बंगाल में भाजपा ने 45.43 प्रतिशत वोट पाकर सत्ता पर कब्जा किया और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का वोट शेयर 7.16 प्रतिशत गिर गया। विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम में ममता बनर्जी की पार्टी को मात्र 80 सीटें मिलीं। ममता बनर्जी के 35 में से 22 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा, यानी करीब 63 प्रतिशत मंत्री चुनाव हार गए। खुद ममता बनर्जी भी अपने पुराने गढ़ भवानीपुर में हार गईं। 15 साल की सत्ता का यह अंत था, लेकिन असली तमाशा इसके बाद शुरू हुआ।



**संजय सक्सेना**
राजनीतिक विश्लेषक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पिछले 14 दिन में ही पांच बड़े नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपनी राज्यसभा सीट भी छोड़ दी है। जिस सुखेंदु शेखर राय को ममता का सबसे भरोसेमंद सिपाही माना जाता था, उन्होंने जाते-जाते भाजपा की



तारीफ में पत्र लिखा। 14 बागी सांसद भाजपा के राष्ट्रीय रणनीतिकार और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर लंच के लिए जुटे, जहां प. बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। यह लंच महज खाने का नहीं, सियासी पाला बदलने का आयोजन था। बागियों की फेहरिस्त लंबी है।

काकोली घोष दस्तीदार, जगदीश चंद्र बसुनिया, खलीलुर रहमान, यूसुफ पठान, अबू ताहिर खान, पार्थ भौमिक, बापी हलदार, सायोनी घोष, माला रॉय, मिताली बाग, दीपक अधिकारी, जून मालिया, अरूप च, वर्ती और शत्रुघ्न सिन्हा समेत 19 सांसदों के नाम बागी सूची में हैं। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने खुलकर कहा कि भारी भ्रष्टाचार की वजह से पार्टी की हार हुई है। उन्होंने संकेत दिए कि वे एनडीए का समर्थन करेंगी और अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मौजूदा सरकार के साथ काम करेंगी। टीएमसी में उठी बगावत कोई अपवाद नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की पुरानी प्रवृत्ति का नया अध्याय है। कांग्रेस से लेकर तृणमूल और अन्य दलों तक, सत्ता और पद की राजनीति ने वैचारिक प्रतिबद्धता को अक्सर पीछे छोड़ दिया है। दल-बदल करने वाले अधिकांश नेताओं के फैसलों के पीछे विचारधारा से अधिक राजनीतिक अवसर और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं दिखाई देती हैं।

विडंबना यह है कि जो नेता कल तक किसी दल और उसके नेतृत्व की प्रशंसा करते थे, वही आज दूसरी पार्टी में जाकर उसके विरोधी बन जाते हैं। एंटी-डिफेक्शन कानून भी इस प्रवृत्ति को पूरी तरह रोक नहीं पाया है। राजनीतिक दलों ने कानून की सीमाओं के भीतर रहकर भी रास्ते निकाल लिए हैं।

बंगाल की मौजूदा स्थिति केवल तृणमूल कांग्रेस की चुनौती नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति का व्यापक सच है। यह घटनाक्रम बताता है कि केवल सत्ता के आधार पर खड़े संगठन लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकते। राजनीतिक दलों की असली ताकत विचारधारा, संगठनात्मक लोकतंत्र और जनता के विश्वास में निहित होती है। कुल मिलाकर, कहा जा सकता है कि जब तक दलों में सिद्धांतों से अधिक पद और सत्ता का आकर्षण हावी रहेगा, तब तक ऐसे राजनीतिक पलायन जारी रहेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# व्यूज की अंधी दौड़ में लहूलुहान होती सामाजिक मर्यादा

गुरुग्राम के एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में 370 रुपए की बिरयानी की कीमत एक महिला की अस्मिता से लगाने वाले दर्शक का वीडियो और उस पर ताली पीटते कॉमेडियन प्रणीत मोरे का ठहाका सिर्फ एक तात्कालिक विवाद नहीं, बल्कि भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी के उस गहरे नैतिक और वैचारिक पतन का दस्तावेज है, जो पिछले एक दशक से धीरे-धीरे हमारे समाज में पैठ बना रहा था। यह घटना साफ तौर पर रेखांकित करती है कि व्यूज, लाइक्स और वायरल क्लिप्स की अंधी दौड़ में हास्य और अश्लीलता के बीच का अंतर पूरी तरह समाप्त हो चुका है।



**अजय कुमार**
स्वतंत्र टिप्पणीकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जहां दर्शक हिमांशु जांगड़ा की नौकरी चली गई, वहीं प्रणीत मोरे को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर माफी मांगनी पड़ी। वहीं, दिवंगत अभिनेता इरफान खान की पत्नी सुतापा सिकदर से लेकर अभिनेत्री रश्मि देसाई तक ने इस खोखली माफी को सिरे से खारिज कर दिया। विवाद केवल यहीं नहीं थमा; इसी शो की एक अन्य क्लिप में एक महिला मेडिकल छात्रा ने मेडिकल कॉलेज में 'डेड बॉडी' के प्राइवेट पार्ट्स पर मजाक बनाने की बात गर्व से कबूल की, जिसने चिकित्सा जगत की नैतिकता और देहदान करने वाले परिवारों की भावनाओं को बुरी तरह झकझोर कर रख दिया। यह अराजकता किसी एक मंच की नहीं, बल्कि उस 'क्राउडवर्क' फॉर्मेट की देन है, जहां बिना स्क्रिप्ट, बिना सेंसर और बिना संपादन के केवल तात्कालिक भीड़ को हंसाने के लिए किसी भी हद तक जाने की खुली छूट ले ली गई है।

भारतीय स्टैंडअप कॉमेडी का इतिहास पिछले एक दशक में जितनी तेजी से व्यावसायिक रूप से समृद्ध हुआ है, वैचारिक और सामाजिक रूप से वह उतना ही सतही और खोखला होता गया है। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का पूरा एल्गोरिदम रचनात्मकता से ज्यादा 'शॉक वैल्यू' और विवाद को बढ़ावा देता है। जब कलाकार को




पता होता है कि जितना तीखा, अभद्र या विवादास्पद कंटेंट होगा, रील्स और शॉर्ट्स पर उतने ही मिलियन व्यूज मिलेंगे, तो वह सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रख देता है। अभिनेत्री रश्मि देसाई और आयशा खान का यह सवाल बेहद मौजूं है कि जब एक महिला की गरिमा को मंच पर तार-तार किया जा रहा था, तब उस हॉल में बैठे सैकड़ों लोगों में से एक भी व्यक्ति ऐसा क्यों नहीं था, जो उठकर इसका विरोध करता? सामूहिक हंसी अक्सर व्यक्तिगत विवेक को सुला देती है और यही इस डिजिटल इकॉनॉमी का सबसे खतरनाक पहलू है। जब हास्य का पैमाना केवल भीड़ का ठहाका बन जाए, तो वह कला नहीं, बल्कि एक अनियंत्रित तमाशा बन जाती है।

स्टैंडअप कॉमेडी का उद्देश्य समाज को आईना दिखाना और स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करना है, न कि किसी व्यक्ति, समुदाय या संवेदनशील विषय की गरिमा को ठेस पहुंचाना। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की महत्वपूर्ण शक्ति है, लेकिन इसके साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। व्यंग्य और अश्लीलता, आलोचना और अपमान के बीच की रेखा जितनी कलाकारों को समझनी होगी, उतनी ही दर्शकों को भी। कानून और सेंसरशिप इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकते।

वास्तविक नियंत्रण समाज और दर्शकों के विवेक से ही आएगा। यदि दर्शक केवल सनसनी, अभद्रता और विवाद को ही प्रोत्साहित करेंगे, तो डिजिटल मंचों पर मर्यादाओं का क्षरण जारी रहेगा। दूसरी ओर, यदि गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील हास्य को समर्थन मिलेगा, तो मनोरंजन का स्तर भी बेहतर होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## लॉरेन बेल खूबसूरत अंदाज में

**इंग्लैंड** की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल को दुनिया की सबसे खूबसूरत क्रिकेटरों में गिना जाता है। लॉरेन का जन्म 2 जनवरी 2001 को विल्टशायर के स्विंडन में हुआ। वह हैंपशायर और सदर्न ब्रेव के लिए खेलती हैं। बेल को डिम्पल गर्ल के नाम से भी जाना जाता है। फैंस उनकी मुस्कुराहट और डिम्पल की तारीफ करते नहीं थकते हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### शाहपुर के अंजेश ने बढ़ाया प्रदेश का मान, पूरी की आयरनमैन 70.3 चुनौती



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कांगड़ा के शाहपुर क्षेत्र के कुठार गांव के युवा मरीन इंजीनियर अंजेश जोशी ने फिलीपींस के सुबिक बे में आयोजित प्रतिष्ठित आयरनमैन 70.3 प्रतियोगिता सफलतापूर्वक पूरी कर हिमाचल प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। अंजेश ने यह कठिन चुनौती 6 घंटे 13 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। 30-34 वर्ष आयु वर्ग में उन्होंने 52 प्रतिभागियों के बीच 22वां स्थान, जबकि कुल 470 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों में 142वीं रैंक हासिल की। आयरनमैन 70.3 दुनिया की सबसे कठिन एंड्योरेंस प्रतियोगिताओं में गिनी जाती है, जिसमें 1.9 किमी तैराकी, 90 किमी साइकिलिंग और 21.1 किमी हाफ मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है। घर रैत पहुंचने पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने उनका सम्मान किया और कहा कि अन्जेश की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। पेशे से मरीन इंजीनियर अन्जेश ने जहाज पर सीमित संसाधनों के बीच कड़ी मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

### तेजस शिर्से ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, लुधियाना।** भारत के उभरते एथलीट तेजस शिर्से ने शनिवार को पंजाब के गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-9 में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। 24 वर्षीय तेजस ने यह रेस 13.27 सेकंड में पूरी की और अपना ही पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2024 में 13.41 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। तेजस का यह प्रदर्शन इस सत्र में एशियाई खिलाड़ियों के बीच पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ का छठा सबसे तेज समय भी बन गया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ तेजस ने इसी वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। तेजस इससे पहले एशियाई खेलों के लिए भी अपना स्थान पक्का कर चुके हैं। उन्होंने पिछले महीने चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-6 में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों का टिकट हासिल किया था। लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे तेजस शिर्से अब भारतीय एथलेटिक्स के सबसे मजबूत दावेदारों में गिने जा रहे हैं और आने वाले बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनसे पदक की उम्मीदें बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेशी क्रिकेटर को पुलिस ने सड़क पर पीटा, गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया

**एजेंसी, चटगांव।** बांग्लादेश टेस्ट टीम के स्पिनर नईम हसन ने चटगांव पुलिस पर मारपीट और गाली देने के आरोप लगाए हैं। नईम का दावा है कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें गला पकड़कर गाड़ी में बैठाया और फिर डंटे से पीटा। 26 साल के क्रिकेटर ने कहा कि मैंने अधिकारियों को अपने नेशनल क्रिकेटर होने की बात भी बताई, लेकिन वे नहीं रुके। नईम ढाका प्रीमियर लीग में प्राइम बैंक क्रिकेट क्लब के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद 12 जून की रात फ्लाइट से चटगांव पहुंचे थे। वे रात 11:25 बजे सीएनजी ऑटो से घर लौट रहे थे, तब लंकन बाजार फ्लाईओवर के नीचे पुलिस ने उनका वाहन रोक लिया और मारपीट की। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार तीन अधिकारियों को हटा दिया गया है। नईम जिम्बाब्वे के खिलाफ इकलौते टेस्ट के लिए बांग्लादेश के टेस्ट टीम में चुने गए हैं। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर अमीरुल इस्लाम ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि और पेशेवर आचरण से जुड़े मामलों में विभाग की जीरो टॉलरेंस नीति है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने घटना पर चिंता जताई है। बोर्ड ने इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीसीबी ने आधिकारिक बयान में कहा कि कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कुछ सदस्यों द्वारा नईम हसन के साथ किया गया कथित व्यवहार अस्वीकार्य और अनुचित है। (अनंत ज्ञान)

### सूर्यवंशी के छोटे भाई ने लगाया शतक 10 साल के आशीर्वाद की यह 21 बाउंड्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी के बाद अब उनके छोटे भाई आशीर्वाद सूर्यवंशी भी क्रिकेट में सुर्खियां बटोर रहे हैं। 10 साल के आशीर्वाद ने समस्तीपुर में खेले गए एक लोकल प्रैक्टिस मैच में क्रिकेट अकादमी ताजपुर की ओर से खेलते हुए 87 गेंदों पर 103 रन बनाए। उनकी पारी में 20 चौके और एक छक्का शामिल रहा। राइट हैंड बल्लेबाज आशीर्वाद के शतक का वीडियो और स्कोरकार्ड उनके बड़े भाई उज्ज्वल सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। आशीर्वाद को लेकर पिता संजीव कह चुके हैं कि वे आशीर्वाद को भी आने वाले दो साल में वैभव की तरह एक बेहतरीन क्रिकेटर बनाना चाहते हैं। आशीर्वाद के शतक के बाद पिता संजीव सूर्यवंशी ने भी सोशल मीडिया पर खुशी जाहिर की। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मेरे छोटे बेटे आशीर्वाद सूर्यवंशी ने आज प्रैक्टिस मैच में अपना पहला शतक बनाया। आप सभी से अनुरोध है कि आशीर्वाद पर भी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें। (अनंत ज्ञान)

## महिला टी20 वर्ल्ड कप पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगी दोनों टीमें

# पाक से आज भिड़ेंगी भारतीय शेरनियां



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच टीम इंडिया रविवार को पाकिस्तान से बर्मिंघम खेलेगी। इन दोनों देशों का मैच किसी भी फॉर्मेट में हो रोमांच अपने सिर चढ़कर बोलता है, क्योंकि हार दोनों ही टीमें बर्दाश्त नहीं कर सकती।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम वनडे विजेता के तौर पर इस टूर्नामेंट में गई है और अब उसकी कोशिश टी20 का खिताब भी अपने नाम करने पर है। हालांकि, पहले मैच में पाकिस्तान की चुनौती उसके लिए आसान नहीं होगी।

इस मैच का दबाव काफी अलग रहता है और इसी कारण इसे हाई वोल्टेज मैच कहा जाता है। दोनों टीमों के बीच अभी तक टी20 में कुल 16 मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 13 मैचों में जीत हासिल की है जबकि दो मैचों में पाकिस्तान ने बाजी मारी है। हालांकि, पाकिस्तान की ये दो जीत उसे टी20 वर्ल्ड कप में ही मिली है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम छह बार पाकिस्तान से भिड़ी है जिसमें से चार में उसे जीत नसीब हुई है।

आंकड़ों में तो टीम इंडिया का पलड़ा भारी है, लेकिन क्रिकेट आंकड़ों का खेल नहीं है। खासकर भारत और पाकिस्तान का मैच, जहां दोनों टीमों का सब कुछ दांव पर लगा होता है।

भारत को जीत चाहिए तो इसके लिए उसकी दमदार बल्लेबाजी का चलना काफी जरूरी है। टीम की कमान संभाल रही हरमनप्रीत कौर का बल्ला चलना काफी जरूरी है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अगर पैर जमा लिए तो फिर पाकिस्तान की गेंदबाजों की लाइन लैंग्थ बिगड़नी तय है। खासकर शेफाली का बल्ला अगर चल गया तो तूफान मचना तय है, क्योंकि वह तूफानी अंदाज में रन बनाने के लिए जानी जाती हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), गुल फिरोजा, आयशा जफर, इरम जावेद, एमान फातिमा, आलिया रियाज, नतालिया परवेज, सायरा जबीन, मुनीबा अली, तुबा हसन, रमीन शमीम, सादिया इकबाल, नाशरा संधू, डायना बेग, तस्मिया रुबाब।

## भारत-अफगानिस्तान वनडे मैच

# बारिश के बीच गुरबाज ने जड़ा तूफानी शतक



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला वनडे मैच शनिवार को धर्मशाला में खेला गया। हालांकि, मैच में बारिश ने खलल डाला जिसकी वजह से जो टॉस दोपहर 1:00 बजे होना था, वह 4 घंटे 15 मिनट की देरी बाद हुआ। 25-25 ओवर के मुकाबले के लिए भारत ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया, जो उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित नहीं हुआ। हालांकि शुरुआत में भारत को जल्दी-जल्दी विकेट मिल गए, लेकिन तीन विकेट के नुकसान के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज ने अपनी टीम को संभाला और उन्होंने दमदार पारी खेली। समाचार लिखे जाने तक गुरबाज के शतक की बदौलत अफगानिस्तान की टीम ने 15 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 142 रन बना लिए थे। गुरबाज 102 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में आठ छक्के और आठ ही चौके लगाए। उन्हें नीतीश कुमार रेड्डी ने बोल्ड किया। इससे पहले इब्राहिम जादरान 1, सेदिकुल्लाह अटल 0, रहमत शाह 3 हशमतुल्लाह शाहिदी 27, अजमतुल्लाह उमरजई 2 और मोहम्मद नबी 0 रन बनाकर आउट हो गए। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : सेमीफाइनल में जापान की यामागुची से हारीं सिंधु

**एजेंसी, सिडनी**



भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन-2026 में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। शनिवार को खेले गए महिला एकल मुकाबले में उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची ने 22-20, 21-12 से हराया। मुकाबले की शुरुआत सिंधु ने दमदार अंदाज में की और पहले गेम के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी। हालांकि यामागुची ने लगातार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्यूस तक पहुंचाया और अंततः पहला गेम अपने नाम कर लिया।

पहले गेम की जीत से मिली लय को जापानी खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी बरकरार रखा। सिंधु ने शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद यामागुची ने लगातार अंक जुटाते हुए 18-9 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। अंत में सिंधु का शॉट नेट में जाने के साथ मुकाबला समाप्त हुआ। सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू-यू को मात्र 27 मिनट में 21-6, 21-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज सिंधु की यह 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सत्र में दूसरी सेमीफाइनल उपस्थिति रही। इससे पहले वह जनवरी में मलेशिया ओपन के अंतिम चार तक पहुंची थीं। (अनंत ज्ञान)

# फीफा विश्व कप : अमेरिका ने पैराग्वे को 4-1 से हराया

**एजेंसी, कैलिफोर्निया**



फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-डी मुकाबले में सह-मेजबान अमेरिका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पैराग्वे को 4-1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। कैलिफोर्निया के सोफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्ट्राइकर फोलारिन बलोगुन ने दो गोल दागकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

अमेरिका ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सातवें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। पैराग्वे के मिडफील्डर डेमियन बोबाडिला ने गेंद को रोकने की कोशिश में गलती से अपने ही गोल में पहुंचा दिया, जिससे अमेरिका को शुरुआती बढ़त मिल गई। पहले गोल के बाद अमेरिकी टीम ने लगातार दबाव बनाए रखा। पैराग्वे की रक्षा पंक्ति अमेरिकी हमलों के सामने बिखरती नजर आई और इसका फायदा उठाते हुए फोलारिन बलोगुन ने पहले हाफ में दो गोल कर अमेरिका को 3-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरुआत में अमेरिका के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियन पुलिसिक को कोच मॉरिसियो पोचेटिनो ने आराम दिया। इसके बाद टीम अतिरिक्त गोल नहीं कर सकी, लेकिन मैच पर नियंत्रण बनाए रखा।

पैराग्वे की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी मॉरिसियो ने 74वें मिनट में एक गोल कर अंतर कम किया, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी। मैच के अंतिम क्षणों में जियोवानी रेयना ने चौथा गोल कर अमेरिका की 4-1 की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ अमेरिका अस्थायी रूप से ग्रुप-डी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। अब समूह का दूसरा मुकाबला तुर्किये और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कनाडा ने बोस्निया से ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली।** विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में सह-मेजबान कनाडा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर अभियान की शुरुआत की। हार की ओर बढ़ रही कनाडाई टीम को विकल्प खिलाड़ी काइल लारिन ने अहम गोल कर एक अंक दिलाया। बोस्निया ने 21वें मिनट में जोवो लुकिच के गोल की बदौलत बढ़त हासिल की। कॉर्नर से मिली गेंद पर लुकिच ने शानदार फिनिश करते हुए अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला गोल दागा। दूसरे हाफ में कनाडा ने बराबरी के लिए लगातार हमले किए, लेकिन कई मौके गंवा दिए। 53वें मिनट में रिची लारिया का शॉट गोल लाइन के पास सीड कोलासिनाक ने रोककर बोस्निया की बढ़त बरकरार रखी। हालांकि, 76वें मिनट में मैदान पर उतरे काइल लारिन ने तीन मिनट बाद ही मैच का रुख बदल दिया। उनका जोरदार शॉट डिफ्लेक्शन लेकर गोल में समा गया और कनाडा ने 1-1 की बराबरी कर ली। स्टॉपेज टाइम में कनाडा के पास जीत का सुनहरा मौका भी आया, लेकिन तारिक मुहेरेमोविच ने शानदार बचाव करते हुए बोस्निया को हार से बचा लिया। ड्रॉ के साथ दोनों टीमों ने एक-एक अंक हासिल किया।

# नेपाल में प्रशिक्षु डॉक्टरों ने श्रम अधिकार की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**एजेंसी, काठमांडू**



नेपाल की राजधानी काठमांडू में प्रशिक्षु डॉक्टरों ने श्रम अधिकारों, बेहतर सेवा-सुविधाओं और कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार की मांग को लेकर माइतीघर मंडला में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सात सूत्री मांगपत्र जारी कर सरकार और संबंधित संस्थाओं का ध्यान आकर्षित किया।

डॉक्टरों ने मांग की कि इंटर्न और रेजिडेंट चिकित्सकों की ड्यूटी अवधि श्रम कानून के अनुसार प्रतिदिन अधिकतम 12 घंटे और सप्ताह में 72 घंटे तय की जाए तथा सप्ताह में एक दिन अनिवार्य अवकाश दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने महिला प्रशिक्षु डॉक्टरों के लिए वेतन सहित मातृत्व अवकाश, समान प्रसूति सुविधाएं और प्रशिक्षण में निरंतरता सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। साथ ही रेजिडेंट डॉक्टरों को सरकारी वेतनमान के अनुरूप पारिश्रमिक और अतिरिक्त कार्य के लिए ओवरटाइम भत्ता देने की मांग की गई। प्रशिक्षु चिकित्सकों का कहना है कि उचित वेतन, श्रम अधिकारों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण और बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री को फोन कर भारतीय जहाजों पर हुए हमले का जताया विरोध

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत कर खाड़ी क्षेत्र में हुई कार्रवाई पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि कॉमर्शियल जहाजों को निशाना बनाने वाली घातक कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है। इस घटना में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी।

भारत ने इस मामले में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर औपचारिक विरोध भी दर्ज कराया है। हाल ही में ओमान तट के पास भारतीय क्रू वाले तीन जहाज हमले का शिकार हुए थे। इस बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को लेकर नए नियम लागू किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ईरान और ओमान जल्द संयुक्त बयान जारी करेंगे। हालांकि, ईरान जहाजों से टोल टैक्स नहीं वसूलेगा, लेकिन कुछ सेवाओं के लिए शुल्क लिया जा सकता है। उधर, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की चर्चाओं के बीच रिपोर्टें सामने आई हैं कि ईरान ने अपने संवर्धित यूरेनियम भंडार की सुरक्षा और कड़ी कर दी है। बताया जा रहा है कि कुछ सुरंगों को बंद कर दिया गया है और पहुंच मार्गों को सुरक्षित बनाया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार का मुद्दा अमेरिका-ईरान वार्ता का सबसे अहम विषय बना हुआ है। ऐसे में क्षेत्रीय तनाव और कूटनीतिक गतिविधियों पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में मौसम खराब, 8 विमान लखनऊ डायवर्ट

**एजेंसी, लखनऊ**



दिल्ली का मौसम लगातार शुक्रवार देर रात को भी बिगड़ा। दिल्ली जाने वाले आठ विमानों को देर रात लखनऊ डायवर्ट किया गया। स्पाइसजेट का पटना से दिल्ली जा रहा विमान एसजी 2478 रात 01:36 बजे 88 यात्रियों और चार क्रू सदस्यों के साथ लखनऊ उतरा और यह रद कर दी गई।

◆ **एक उड़ान रद्द होने से यात्री परेशान**

उड़ान रद्द होने के बाद यात्रियों को होटल में ठहराया गया है। इंडिगो का अहमदाबाद से दिल्ली जाने वाला विमान 6ई932 रात 12 :08 बजे 227 यात्रियों और सात क्रू स्टाफ के साथ लखनऊ उतरा और मौसम ठीक होने पर 01:52 बजे रवाना हो गया। एअर इंडिया का वाराणसी दिल्ली विमान एआई 2904 रात 11 :59 बजे 143 यात्री और आठ क्रू सदस्यों के साथ उतरा और रात 01:42 बजे उड़ान भर सका।

एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान आईएक्स 1029 पटना-दिल्ली 169 यात्रियों और आठ क्रू सदस्यों को लेकर पटना से दिल्ली जा रहा था। विमान रात 12:32 बजे लखनऊ आया और 2 :23 बजे रवाना हुआ। इस विमान के 23 यात्री लखनऊ में ही उतर गए। (अनंत ज्ञान)

# उत्तराखंड: राष्ट्रपति ने नौ महिला कैडेट सहित 515 कैडेट की पासिंग आउट परेड का किया निरीक्षण

**एजेंसी, देहरादून**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून में स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड (पीओपी) का निरीक्षण किया और कैडेट की सलामी ली।

आईएमए के चेटवुड हॉल के सामने ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित 158वें सामान्य कोर्स एवं 141वें तकनीकी स्नातक कोर्स की परेड में 515 कैडेट पास आउट हुए। इनमें 481 भारतीय और 16 मित्र देशों के 34 अधिकारी कैडेट शामिल हैं। परेड की खास बात यह रही कि आईएमए के 93 साल के इतिहास में पहली बार नौ महिला कैडेट पुरुष कैडेटों के साथ पास आउट हुईं और सेना में अधिकारी बनीं। मुर्मू ने अपने संबोधन में युवा अधिकारियों से कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने महिला अधिकारियों को विशेष बधाई दी और इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया।

इस अवसर पर राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मुर्मू शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंची थीं। एक साल के भीतर उनका यह तीसरा देहरादून दौरा है। (अनंत ज्ञान)

# मोदी फ्रांस-स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **मैक्रों और फिको से करेंगे वार्ता, जी7 शिखर सम्मेलन में भी लेंगे हिस्सा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया के दौरे पर रहेंगे। रवाना होने से पहले उन्होंने इसे भविष्योन्मुखी और भारत के वैश्विक संबंधों को नई दिशा देने वाला दौरा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि फ्रांस भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। नीस में वह फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता 14 जून को 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप्स और नवाचारों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराना है।

इसके बाद प्रधानमंत्री दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर स्लोवाकिया जाएंगे। स्वतंत्रता के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली स्लोवाकिया यात्रा होगी। ब्रातिस्लावा में वह राष्ट्रपति पीटर पेलीग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको से मुलाकात करेंगे तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री 16-17 जून को जी7 शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि यह लगातार आठवां अवसर है जब भारत को जी7 में आमंत्रित किया गया है। भारत इस मंच पर वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूती से उठाएगा। दौरे के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री पेरिस में वीवा टेक 2026 कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत-यूरोप संबंधों और वैश्विक साझेदारियों को नई मजबूती प्रदान करेगी। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार, तहसील रे, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

लाल हुसैन पुत्र स्व. अली मोहम्मद, गांव बेला लुधियारचां डा.खा. रियाली एस.टी. रे तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176058 ....प्रार्थी

**बनाम**

आम जनता, एस.टी. रे, तहसील रे (एसटी), जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश ...प्रतिवादी

**विषय:** राजस्व में नाम संशोधन हेतु आवेदन

प्रार्थी श्री लाल हुसैन आयु 82 साल पुत्र स्वर्गीय श्री अली मोहम्मद निवासी महाल बेला लुधियारचां व उप तहसील रे जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश ने निवेदन किया है कि प्रार्थी के पिता का नाम उनके राजस्व रिकार्ड महाल बेला लुधियारचां में अलीया दर्ज है जो कि गलत दर्ज है। जबकि उनके आधार कार्ड व अन्य रिकार्ड में उनके पिता का नाम अली मोहम्मद दर्ज है। प्रार्थी अपने आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों अनसार राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्त करवाना चाहता है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यकित को प्रार्थी उक्त के पिता के नाम दरुस्ती करने बारे कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 03/07/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतान या बकालतन हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थी के पिता का नाम दरुस्ती बारे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कावले समायतन होगा।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी सब तहसील रे, जिला कांगड़ा**

# नग्गर के रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट में 10 विख्यात कलाकारों की कला प्रदर्शनी शुरू

## देश-विदेश के दर्शकों के लिए सजीं 45 से अधिक अद्भुत पेंटिंग्स

अनंत ज्ञान

**नग्गर (कुल्लू)।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट (IRM) नग्गर, जिला कुल्लू में आज से भारत के 10 विख्यात कलाकारों की कलाकृतियों की एक भव्य ग्रुप प्रदर्शनी का आयोजन शुरू हो गया है। दिल्ली के जाने-माने क्यूरेटर दलीप चंदौलिया और शैलेंद्र सिंह की देखरेख (क्यूरेटरशिप) में आयोजित इस कला प्रदर्शनी का उद्घाटन रौरिक ट्रस्ट के रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथियों ने घाटी में पहुंचे सभी कलाकार मेहमानों का पारंपरिक स्वागत किया। उन्होंने कलाकारों की बेहतरीन कार्यक्षमता और हुनर की जमकर सराहना की और भविष्य में भी रौरिक ट्रस्ट के साथ इसी तरह का रचनात्मक सहयोग बनाए रखने की अपील की।



रौरिक ट्रस्ट के रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने किया उद्घाटन। अनंत ज्ञान

### प्रकृति, अध्यात्म और हिमालय के रंगों से सजी गैलरी

**रौरिक** आर्ट गैलरी की शोभा बढ़ा रही इस अद्भुत प्रदर्शनी में लगभग 45 बड़े चित्र और अनगिनत छोटे चित्र प्रदर्शन के लिए रखे गए हैं। देश के कोने-कोने से आए कलाकारों ने अपनी कूची से प्रकृति, अध्यात्म, वन्य व घरेलू पशु-पक्षियों, भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, पहाड़ों और नदियों को जीवंत रूप में कैनवास पर उतारा है। प्रदर्शनी की हर पेंटिंग अपने आप में एक अनूठी कहानी बयां करती है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है मानो दर्शक साक्षात उसी जगह पर पहुंच गया हो। विशेष रूप से मनाली की स्थानीय कलाकार भवानी ने अपने चित्रों में हिमालय की अलौकिक सुंदरता को समेटा है, जिसमें बर्फ से लदे पहाड़ और मनाली के लुभावने दृश्य दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।



### देश के इन दिग्गज कलाकारों की कृतियां हैं शामिल

**इस** कला प्रदर्शनी में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा संपन्न कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें प्रमुख रूप से मनाली से भवानी, गाजियाबाद से काजल और उषा मदान, गुरुग्राम से वीना कार्की, फरीदाबाद से मनोहर कुमार, दिल्ली से विपुल मित्तल, विजय जोशी, राहुल और शैलेंद्र सिंह शामिल हैं।

### बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं क्यूरेटर दलीप

**प्रदर्शनी** के मुख्य क्यूरेटर दलीप चंदौलिया पिछले लगभग 29 वर्षों से गोयनका फ्लैगशिप स्कूल से जुड़े एक प्रतिष्ठित कलाकार और शिक्षाविद हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन कला एवं शिल्प शिक्षा के माध्यम से बच्चों और युवाओं में सृजनात्मक व कलात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करने के लिए समर्पित किया है। विभिन्न कलात्मक शैलियों और माध्यमों में काम करना उनकी पहचान है। वे मूर्तिकला, पेपर, थर्मोकोल, फाइबरग्लास, पेपर माशी, पीओपी और सीमेंट जैसे विविध माध्यमों का बखूबी उपयोग करते हैं। कला जगत में उनके इसी उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें उज्जैन का 'यंग आर्टिस्ट अवॉर्ड' और ऑल इंडिया आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसाइटी द्वारा 'राष्ट्रीय चित्रकला पुरस्कार' जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

### 16 तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी

**इस** आयोजन को मंच देने के लिए प्रदर्शनी के क्यूरेटर दलीप चंदौलिया और शैलेंद्र सिंह ने रौरिक ट्रस्ट के निदेशक एवं उपायुक्त (जिलाधीश) कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा सहित ट्रस्ट के पूरे प्रबंधन वर्ग का आभार व्यक्त किया है। उद्घाटन के इस गरिमामयी अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, अमरजीत आनंद, सभी प्रतिभागी चित्रकार और कुल्लू घाटी के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों और नए कलाकारों को प्रेरित करने के लिए आगामी 16 जून 2026 तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

# मणिकर्ण मार्ग पर पर्यटकों की जानलेवा स्टंटबाजी

## चलती गाड़ी में हुड़दंग का वीडियो वायरल, कानून व्यवस्था को लेकर उठे गंभीर सवाल

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों में घूमने आ रहे कुछ पर्यटक न केवल नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि अपनी और दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। ताजा मामला कुल्लू जिले के प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र कसोल का है, जहां मणिकर्ण मार्ग पर हरियाणा से आए कुछ पर्यटकों का चलती गाड़ी में खतरनाक स्टंट करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।




मणिकर्ण में हुड़दंग मचाते व स्टंटबाजी करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

वीडियो में पर्यटक चलती गाड़ी की खिड़कियों और छत पर बेहद आपत्तिजनक और नग्न अवस्था में हुड़दंग मचाते हुए नजर आ रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर घाटी में पर्यटक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और स्थानीय संस्कृति के सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कसोल और पार्वती घाटी अपनी अलौकिक प्राकृतिक सुंदरता के लिए देश-विदेश में जानी जाती है, लेकिन इस तरह की हरकतें देवभूमि की छवि को धूमिल कर रही हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि पहाड़ों के संकरे और घुमावदार रास्तों पर इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। यह हुड़दंगबाजी न सिर्फ उन पर्यटकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों और यात्रियों के लिए भी बेहद खतरनाक है। स्थानीय जनता और बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से ऐसे बेलगाम पर्यटकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की हरकत करने की हिम्मत न कर सके। संवेदनशील मौसम में प्रशासन की चेतावनी दरकिनार, नियमों को ठेंगा दिखा रहे हुड़दंगी यह कोई पहला मामला नहीं है, जब पहाड़ों में पर्यटकों ने इस तरह कानून व्यवस्था को चुनौती दी हो। इससे पहले मनाली, अटल टनल और लाहौल-स्पीति जैसे संवेदनशील इलाकों में भी पर्यटकों द्वारा हुड़दंगबाजी और खतरनाक स्टंट करने के कई मामले सामने आ चुके हैं, जहाँ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुड़दंगियों के भारी-भरकम चालान भी काटे हैं। इसके बावजूद कुछ पर्यटकों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि पहाड़ों का सफर मैदानी इलाकों से बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण होता है, जहाँ जरा सी चूक सीधे गहरी खाई में पहुंचा सकती है। पहाड़ों में मौसम का मिजाज पल भर में बदल जाता है। खासकर बरसात के दिनों में अचानक भारी बारिश शुरू हो जाती है और पहाड़ों से चट्टानें खिसकने (लैंडस्लाइड) का खतरा हर वक्त बना रहता है। इन्हीं खतरों को देखते हुए पुलिस और स्थानीय प्रशासन समय-समय पर पर्यटकों के लिए ट्रेवल एडवाइजरी जारी करता रहता है। प्रशासन का हमेशा से यही संदेश रहा है कि 'पर्यटन का आनंद जरूर लें, लेकिन अपनी और दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर नहीं।' पुलिस प्रशासन ने एक बार फिर पर्यटकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, मर्यादित आचरण रखें और हुड़दंगबाजी से बचें; अन्यथा पुलिस सख्त कानूनी कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगी।

# हिडिंबा मंदिर में चलाया महा स्वच्छता अभियान

## ओल्ड मनाली और ढूंगरी की सैकड़ों महिलाओं ने की साफ-सफाई

- फैले कचरे को एकत्रित कर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाया

अनंत ज्ञान

**मनाली।** श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर हिडिंबा मंदिर परिसर ढूंगरी में शनिवार को महा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में ओल्ड मनाली और ढूंगरी क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की व्यापक सफाई की। उधर भाजपा किसान मोर्चा मनाली मंडल ने भी स्वच्छता कार्यक्रम तहत आज गधेरनी गांव में स्वच्छता अभियान चलाया । सुबह से शुरू हुए इस अभियान में महिलाओं ने मंदिर परिसर, पैदल मार्गों, खुले स्थानों और आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया।




महा स्वच्छता अभियान के दौरान कूड़े को उठाती महिलाएं।

अभियान के दौरान महिलाओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों से भी परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। हिडिम्बा माता मंदिर में 17 जून से आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसको ध्यान में रखते हुए कथा शुरू होने से पहले मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया। माता हिडिंबा और मनु ऋषि के कारदार रघुवीर नेगी और रमण शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की सफलता के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सामूहिक रूप से श्रमदान कर मंदिर परिसर को साफ-सुथरा बनाने में योगदान दिया। महिलाओं ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। कहा कि सामुदायिक सहभागिता से न केवल धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनी रहती है, बल्कि समाज में जागरुकता का भी सकारात्मक संदेश जाता है।

# निरमंड ब्लॉक पंचायत समिति को नहीं मिला नया अध्यक्ष

- पहली बैठक में नहीं आया एक भी सदस्य, बिना कोरम के स्थगित

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** निरमंड ब्लॉक पंचायत समिति को शनिवार को नया अध्यक्ष नहीं मिल पाया। अध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई पहली बैठक में एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं हुआ, जिसके चलते बैठक को आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया।

एसडीएम निरमंड जगदीप कंवर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, निरमंड ब्लॉक पंचायत समिति के कुल 15 सदस्य हाल ही में निर्वाचित होकर आए हैं। पंचायत समिति अध्यक्ष के चुनाव के लिए शनिवार को पहली बैठक आयोजित की गई थी। नियमानुसार पहली बैठक में अध्यक्ष के चुनाव के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। इसके लिए कम से कम 10 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन बैठक में एक भी सदस्य नहीं पहुंचा।

एसडीएम निरमंड ने बताया कि सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण पंचायत समिति अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका, जिसके चलते बैठक को स्थगित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए अगली बैठक की तिथि शीघ्र निर्धारित की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अगली बैठक में अध्यक्ष के चयन के लिए साधारण बहुमत पर्याप्त रहेगा।

उन्होंने बताया कि 15 सदस्यों वाली पंचायत समिति में अध्यक्ष चुने जाने के लिए कम से कम 8 सदस्यों का समर्थन आवश्यक होगा। इस कारण सभी की नजरें अब आगामी बैठक पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि अगली बैठक में निरमंड ब्लॉक पंचायत समिति को नया अध्यक्ष मिल सकता है और लंबे समय से चल रही प्रक्रिया का समाधान हो जाएगा।

# हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद 12 महीने का वेतन लागू नहीं, मिड-डे मील वर्कर्स में रोष

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन की बैठक शनिवार को सीटू कार्यालय कुल्लू में बैठक हुई, जिसमें सीटू महासचिव प्रेम गौतम मौजूद रहे और आने वाले समय में जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 22 जून को शिमला में होने वाली रैली में क्षेत्र के सभी मिड-डे मील वर्कर्स हिस्सा लेंगे। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर नाराजगी जताते हुए कहा गया कि मिड-डे मील वर्कर्स के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिमला हाईकोर्ट का फैसला आने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा मिड-डे मील वर्कर्स को 12 महीने का वेतन देने के मामले में उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर मामले को लंबित रखने का प्रयास किया जा रहा है। यूनियन नेताओं का आरोप है कि सरकारें न्यायालय के निर्णयों को लागू करने में गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। यूनियन ने घोषणा की कि मांगों के समर्थन में 22 जून को मिडे मील वर्कर्स स्कूलों में भोजन नहीं बनाएंगे और शिमला रैली में शामिल होकर आवाज बुलंद करेंगे।



मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ने लिया शिमला रैली में शामिल होने का निर्णय।

बैठक में मिड-डे मील वर्कर्स की प्रमुख मांगों को भी दोहराया गया। इनमें हरियाणा सरकार की तर्ज पर 7,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय, हाईकोर्ट के फैसले के अनुरूप 10 माह के स्थान पर 12 माह का वेतन, ग्रेच्युटी, कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, ईपीएफ और ईएसआइ के दायरे में शामिल करना, नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त समाप्त करना, केंद्रीय किचन क्लस्टर योजना, ठेकेदारी व्यवस्था और एनजीओ को काम सौंपने के फैसले को वापस लेना, प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना तथा बंद या मर्ज किए जा रहे स्कूलों के मिड-डे मील वर्कर्स को अन्य विद्यालयों में समायोजित करना शामिल हैं। यूनियन की प्रधान श्याम शर्मा तथा ब्लाक के प्रधान प्रेम सिंह ने सभी वर्कर्स से 22 जून को शिमला पहुंचकर रैली को आह्वान किया । बैठक में कुल्लू ब्लॉक सचिव रेखा,सुरेश कुमार,मीरा ठाकुर,प्रेम लता, ओमना, रोहणी, लीला देवी,केसरी देवी, शोभा देवी, यशोदा देवी,रेशमा,सपना, कली देवी, भगवतू देवी आदि ने हिस्सा लिया।

# कसोल में विदेशी महिला डीजे की संदिग्ध मौत, होटल के बाथरूम में मिला शव

अनंत ज्ञान

- मौत के कारणों का अभी नहीं चला पता
- पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**पतलीकूहल।** कुल्लू जिले के पर्यटन स्थल कसोल में एक विदेशी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने सनसनी फैला दी है। मृतका की पहचान 29 वर्षीय दिशालीन के रूप में हुई है, जो मोरक्को की रहने वाली बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दिशालीन 7 जून से 11 जून तक कसोल के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम में डीजे ऑपरेट करने के लिए आई हुई थी। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले उसका शव होटल के कमरे के बाथरूम में मिला था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। घटना के बाद सोशल मीडिया पर दिशालीन के कई वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिन्हें उसके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से डाउनलोड कर साझा किया जा रहा है। मामले को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यटन क्षेत्र में भी चर्चाओं का दौर जारी है।

पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि विदेशी महिला की मौत का मामला सामने आया है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। साथ ही मृतका के परिजनों और संबंधित दूतावास को भी घटना की सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस होटल स्टाफ, कार्यक्रम आयोजकों और मृतका के साथ मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई।

# श्री सोनम अंगडुई बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** भाजपा ने संगठनात्मक विस्तार एवं प्रकोष्ठों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्पीति मंडल के काजा निवासी श्री सोनम अंगडुई को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। श्री सोनम अंगडुई लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी की विचारधारा एवं संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन नेतृत्व ने उनके अनुभव, कार्यकुशलता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के साथ उनके सक्रिय संवाद को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। विश्वास व्यक्त किया गया है कि उनके नेतृत्व में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा तथा समाज के प्रबुद्ध वर्ग तक पार्टी की नीतियों एवं विचारों को प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोनम अंगडुई को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल एवं प्रभावी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# कल्याड़ा में 50 लाख से बनेगा ओबीसी भवन : केवल पठानिया

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कल्याड़ा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय हिमाचल प्रदेश स्टेट पॉवर लिफ्टिंग, बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट चैंपियनशिप का शुभारंभ शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक, पॉवर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष तथा हिमाचल प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि किया। पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने खिलाड़ियों की सम्मान राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि कल्याड़ा इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तीन कोच और दो अटेंडेंट नियुक्त किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को खेलों की बेहतर सुविधाएं मिल सकें तथा वे बुरी संगत से दूर रहकर खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हों। विधायक ने कहा कि इस इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किया गया था और उसके बाद आज पहली बार यहां इस स्तर का बड़ा आयोजन हो रहा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।




विधायक पठानिया ने कल्याड़ा में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लिए भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राशि से यहां एक भव्य ओबीसी भवन का निर्माण करवाया जाएगा, जिसका शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा। फिटनेस फर्स्ट द जिम, रैत एवं हिमाचल प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन (एचपीपीए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह राज्य स्तरीय चैंपियनशिप प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच बनी हुई है। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे लगभग 200 प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। हिमाचल पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यातिथि को शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# धरोहर गांव का अस्तित्व ही गायब सरकारी फाइलों में मचा हड़कंप

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर और गरली की हकीकत अब प्रशासनिक भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही के गहरे अंधेरे में कैद हो गई है। सरकारी खजाने से लाखों रुपये का वारा-न्यारा करने के बाद भी यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर वह धरोहर क्षेत्र है कहां? हैरत की बात यह है कि पर्यटन विभाग और राजस्व विभाग के बीच मचे इस प्रशासनिक खेल में सरकारी रिकॉर्ड में इन गांवों की भौगोलिक सीमाओं का कोई अता-पता नहीं है। केवल आबादी देह की आड़ में धरोहर का दर्जा तो बांट दिया गया, लेकिन न तो किसी अधिसूचना में खेवट, खतौनी और खसरा नंबर का जिक्र है और न ही राजस्व विभाग के पास इसका कोई अधिकृत ब्यौरा है।

स्थानीय निवासियों राजीव, अखिलेश, संजय, नवीन, सुरिंदर, अजय, दीपक, संजीव, कमल, विशाल और रजत का गुस्सा अब सड़कों पर उतरने को बेताब है। उनका सीधा आरोप है कि जब सरकारी फाइलों में ही इस धरोहर का कोई वजूद नहीं है, तो फिर अब तक खर्च किए गए लाखों रुपये किस जमीन पर फूंके गए? यह एक सोची-समझी साजिश है जिसके जरिए जनता की गाढ़ी कमाई को ठिकाने लगाया गया है। प्रशासनिक गलियारों में अब इस बात की चर्चा तेज है कि जिस धरोहर को पर्यटन के नाम पर बेचा जा रहा है, वह असल में कागजों का एक ऐसा मायाजाल है जिसका इस्तेमाल केवल सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए किया गया।

> पर्यटन विभाग ने धरोहर गांव की राजस्व जानकारी आवेदक को देने को कहा है, हल्का पटवारी को सूचना तैयार करने को कहा गया है।
>
> **-बलविंदर पठानिया, नायब तहसीलदार, परागपुर।**

> परागपुर व गरली में कौन सा क्षेत्र धरोहर गांव है इसकी जानकारी राजस्व विभाग ही दे सकता है।'
>
> **– विनय कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, धर्मशाला।**

# यातायात व्यवस्था: हिडिंबा मंदिर मार्ग पर लागू होगा 'नो हॉर्न जोन'

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिडिंबा मंदिर परिसर में पहली बार आयोजित होने जा रहे श्रीमद्भागवत महायज्ञ की गरिमा बनाए रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत हिडिंबा मंदिर मार्ग पर वाहनों के हॉर्न बजाने की मनाही रहेगी। हिडिंबा मंदिर में निचली पार्किंग से डीपीएस स्कूल तक का इलाका नो हॉर्न जोन रहेगा। महायज्ञ की अवधि के दौरान हिडिंबा मंदिर मार्ग पर स्थानीय वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों की आवाजाही पर भी रोक रहेगी। यह व्यवस्था आयोजन स्थल के आसपास भीड़ नियंत्रण, यातायात सुचारू बनाए रखने और धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने उद्देश्य से लागू की गई है। श्रीमद्भागवत महायज्ञ के दौरान पर्यटकों को करवाए जाने वाले साइट सीन में हिडिंबा मंदिर को शामिल नहीं किया जाएगा। गांव कमेटी से टैक्सी यूनियन व सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है। इज़ संदर्भ में गांव कमेटी, प्रशासन, पुलिस कि अहम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। माता हिडिम्बा और मनु ऋषि के कारदार रघुवीर नेगी ने वाहन चालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने और मंदिर मार्ग पर अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है। विशेष रूप से बाहरी क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों और वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# चिट्टा तस्करी नेटवर्क का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

## आरोपी से 38 ग्राम हेरोइन और 35,900 रुपए नकद बरामद, कई राज्यों में फैले नेटवर्क की जांच शुरू

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना सदर सोलन की टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना सदर सोलन में दर्ज एक अभियोग की जांच के दौरान पुलिस ने चिट्टा (हेरोइन) तस्करी से जुड़े एक संगठित का खुलासा करते हुए उसके मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है।

उक्त अभियोग में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ किए जाने के साथ-साथ उसकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड , व्हाट्सएप चैट, मोबाइल फोन डेटा तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विस्तृत एवं वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों से यह सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी का हरियाणा के कलायत क्षेत्र निवासी राहुल भोरिया नामक व्यक्ति के साथ लगातार संपर्क था तथा दोनों के मध्य व्हाट्सएप चैटिंग एवं अन्य माध्यमों से नियमित संवाद होता था। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम द्वारा एकत्रित तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया, जिससे यह तथ्य उजागर हुआ कि राहुल भोरिया चिट्टा (हेरोइन) तस्करी के नेटवर्क में एक प्रमुख सप्लायर के रूप में कार्य कर रहा था तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति कर रहा था।



जीरकपुर से गिरफ्तार चिट्टा तस्करी नेटवर्क का मुख्य सप्लायर पुलिस गिरफ्त में अनंत ज्ञान

उपरोक्त तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा योजनाबद्ध कार्रवाई करते 11 द्धह्वठ्ठद्ब 2026 को राहुल भोरिया पुत्र श्री राम कुमार, निवासी गाँव एवं डाकघर मटौर छोटा बागड़, तहसील कलायत, जिला कैथल (हरियाणा), उम्र 30 वर्ष, को ढकोली, जीरकपुर (पंजाब) बैकवर्ड लिंकज के आधार पर गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से 38 ग्राम चिट्टा/हेरोइन तथा ₹35,900/- नकद राशि बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच से यह भी संकेत मिले हैं कि आरोपी लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त रहा है।तकनीकी साक्ष्यों एवं अब तक की जांच में यह पाया गया है कि आरोपी के संपर्क में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 500/600 व्यक्ति हैं, जिनसे उसका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क रहा है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है तथा ऐसे सभी व्यक्तियों की भूमिका का सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि नशा तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों, सप्लायरों, वितरकों एवं वित्तीय लेन-देन के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा सके। आरोपी राहुल भौरिया अपराधिक जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि उक्त आरोपी के खिलाफ इससे पूर्व मादक पदार्थ तस्करी के पंजाब तथा हरियाणा में 5 मुकदमे पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त आरोपी के बैंक खातों, मोबाइल फोन डेटा, वित्तीय गतिविधियों तथा अन्य राज्यों में उसके संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

एसपी सोलन साई दत्तात्रिये वर्मा ने कहा कि चिट्टे को लेकर जीरो टोरेन्स अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उक्त आरोपी द्वारा अब तक कितनी मात्रा में नशीले पदार्थों की आपूर्ति की गई है तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भूमिका क्या रही है।

# सोलन की परिनिता बनीं भारत की युवा राजदूत, रूस में किया प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन की छात्रा एवं एनसीसी कैडेट परिनिता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय, सोलन और हिमाचल प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। परिनिता का चयन प्रतिष्ठित एनसीसी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए देशभर से चुने गए मात्र 10 कैडेट्स में हुआ, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। परिनिता का चयन वर्ष 2026 के रिपब्लिक डे कैंप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया। चयन के बाद उन्हें विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, संवाद कौशल तथा अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

रूस में आयोजित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान परिनिता ने भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों, विविधता और देश की उपलब्धियों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न देशों के प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित कर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से उन्हें परिचित कराया। साथ ही रूस की संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक परिवेश को भी नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली, सीटीओ डॉ. भारती गुप्ता तथा समस्त स्टाफ ने परिनिता को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। परिनिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों, एनसीसी अधिकारियों और महाविद्यालय के सहयोग को दिया।यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान परिनिता को विभिन्न देशों के युवा प्रतिनिधियों के साथ विचारों के आदान-प्रदान का अवसर भी मिला। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विविधता, लोकतांत्रिक मूल्यों, युवाओं की भूमिका तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के तहत आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संवाद सत्रों और नेतृत्व गतिविधियों में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। परिनिता की इस उपलब्धि से न केवल महाविद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इसे युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 जून को सोलन दौरे पर रहेंगे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल

**अनंत ज्ञान,सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 15 जून को सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11 बजे कोठों स्थित जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग सोलन के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उप-प्रधानों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसके उपरांत स्वास्थ्य मंत्री दोपहर 2 बजे सायरीघाट में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### बरसात से निपटने को पीडब्ल्यूडी की तैयारी पूरी, संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मानसून सीजन को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) नाहन मंडल पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। बरसात के दौरान संभावित भूस्खलन, सड़क अवरोध और यातायात बाधित होने जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए विभाग ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में मशीनरी और कर्मचारियों को तैनात कर त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था सुनिश्चित की है। लोक निर्माण विभाग नाहन मंडल के अधिशासी अभियंता आलोक जवनेजा ने बताया कि मानसून के दौरान सड़कों को सुचारू बनाए रखने के लिए 15 से अधिक मशीनों को विभिन्न स्थानों पर तैयार रखा गया है। इसके अलावा विभागीय कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नाहन मंडल के अंतर्गत करीब 500 किलोमीटर सड़क नेटवर्क आता है। बरसात के मौसम में किसी भी सड़क पर यातायात लंबे समय तक बाधित न हो, इसके लिए फील्ड कर्मचारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं।अधिशासी अभियंता ने कहा कि आपदा जैसी स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए विभाग की ओर से मॉक ड्रिल भी आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जल निकासी मार्गों और नालों में अवैध डंपिंग न करें, क्योंकि इससे बरसात के दौरान भारी नुकसान हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति की लापरवाही से सड़क या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चक्की मोड़ के होटल में जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार, नकदी बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई, सोलन की एक टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर चक्की मोड़ के समीप स्थित एक होटल में दबिश दी गई। सूचना प्राप्त हुई थी कि होटल के एक कमरे में कुछ व्यक्ति गैम्बलिंग कॉइन्स/चिप्स के माध्यम से धनराशि दांव पर लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल में छापेमारी की। दबिश के दौरान होटल के एक कमरे में कुल 10 व्यक्तियों, जिनमें 01 महिला एवं 09 पुरुष शामिल थे, को ताश के पत्तों पर नकद राशि दांव पर लगाकर अवैध रूप से जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते, गैम्बलिंग चिप्स/कॉइन्स तथा कुल 78,078/- (अठहत्तर हजार अठहत्तर रुपये) की जुए की राशि बरामद की गई, जिसे नियमानुसार कब्जे में लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान नवीन पुत्र स्वर्गीय अशोक कुमार निवासी डेराबस्सी, जिला मोहाली (पंजाब), अनूप पुत्र अजीत सिंह निवासी पटियाला (पंजाब), मोहन सिंह पुत्र अतर सिंह निवासी जिला सिरमौर (हि.प्र.), विक्रम सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासी देहरादून (उत्तराखण्ड), तायडे गणेश पुत्र बबन निवासी बुलढाणा (महाराष्ट्र), हाल निवासी जिला पंचकूला (हरियाणा), साहिल पुत्र सुरेश कुमार निवासी जीरकपुर (पंजाब), संजू राम पुत्र कन्नू राम निवासी जिला पंचकूला (हरियाणा), मोहित मेहता पुत्र आत्म प्रकाश निवासी जिला करनाल (हरियाणा), करण कुमार पुत्र केवल कृष्ण निवासी मोहाली (पंजाब) तथा कंचन सिंह पुत्री कृष्णा सिंह निवासी रोहिणी, दिल्ली के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना परवाणू में सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से गहन पूछताछ की गई तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के अंतर्गत उन्हें पाबंद किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी गहन पड़ताल की जा रही है। मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

### राजकीय महाविद्यालय सोलन ने सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश कार्यक्रम किया जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संचालित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जानकारी दी कि प्रथम मेरिट सूची 20 जून 2026 को महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट और सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 22 जून से 24 जून 2026 तक अपराह्न 3 बजे तक संबंधित प्रवेश समिति के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा। इस दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन, भौतिक काउंसलिंग तथा निर्धारित शुल्क जमा करवाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्राचार्या ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति, मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अन्य आवश्यक दस्तावेज तथा आरक्षण श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि मूल दस्तावेजों के सत्यापन और शुल्क जमा होने के बाद ही प्रवेश को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# दाड़लाघाट में 21 .50 ग्राम अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार, वाहन किए जब्त

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** जिला सोलन के दाड़लाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को 21.50 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं 18 और 29 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जून 2026 को दाड़लाघाट थाना की पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित यातायात जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में सवार दो व्यक्तियों के कब्जे से 21.50 ग्राम अफीम बरामद हुई, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण कुमार (28) निवासी पारनू, तहसील अर्की, जिला सोलन तथा अजय कुमार (32) निवासी दाडगी, डाकघर सैंज, तहसील सुन्नी, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। इसके अलावा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपियों के तार किसी बड़े नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े हैं या नहीं। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच जारी है और पुलिस नशे के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाल रही है।

### राजगढ़ पंचायत समिति चुनाव टला, कोरम के लिए नहीं पहुंचा एक भी सदस्य

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** एसडीएम कार्यालय राजगढ़ में 15 जून को आयोजित होने वाली आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर मॉक ड्रिल की तैयारियों पर चर्चा की।

एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने बताया कि आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभ्यास के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा तथा आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और राहत कार्यों की कार्यप्रणाली का अभ्यास किया जाएगा।

# एप्पल रीप्लांट डिजीज से निपटने के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया शोध के सहयोग की पहल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में सेब उत्पादन को प्रभावित कर रही एप्पल रीप्लांट डिजीज (एआरडी) की समस्या के समाधान के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने ऑस्ट्रेलिया की ट्राई-नेशंस ऑर्चर्ड सिस्टम होल्डिंग्स लिमिटेड के साथ संभावित शोध सहयोग की दिशा में पहल की है। इसी कड़ी में कंपनी के सीनियर एडवाइजर किम रसेल ने विश्वविद्यालय का दौरा कर संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में विश्वविद्यालय के शोध एवं विस्तार विशेषज्ञों ने भाग लिया और एप्पल रीप्लांट डिजीज से निपटने के लिए वैज्ञानिक उपायों पर विचार-विमर्श किया। चर्चा के दौरान मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार, पुराने बागों के पुनर्जीवन, टॉप-वर्किंग तकनीक तथा फल की गुणवत्ता, रंग और उत्पादन बढ़ाने के लिए लाइट इंटरसेप्शन परीक्षण जैसे विषय प्रमुख रहे।



रीप्लांट डिजीज पर चर्चा करते ऑस्ट्रेलिया और नौणी के विशेषज्ञ अनंत ज्ञान

ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने प्राकृतिक कम्पोस्टिंग, टिकाऊ बाग प्रबंधन और विभिन्न देशों में अपने अनुभव साझा किए। सेब प्रसंस्करण इकाइयों से निकलने वाले पोमेस जैसे बागवानी अपशिष्टों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.एस. बवेजा ने कहा कि एप्पल रीप्लांट डिजीज और पुराने बागों के क्षरण से प्रदेश में सेब उत्पादन तथा किसानों की आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सहयोग के तहत उन्नत मृदा डीएनए निदान तकनीकों, वैज्ञानिकों के आदान-प्रदान कार्यक्रमों, परीक्षण प्रोटोकॉल के विकास तथा बहु-विषयक शोध को बढ़ावा देने पर विचार किया गया है।

# जियो टावर से 75 हजार रुपए का सामान चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना सदर, सोलन ने जियो टावर से हुई चोरी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने 12 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता दीप राम, जो एरियल टेलीकॉम सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में तकनीशियन के पद पर कार्यरत हैं, ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव धुराना, डाकघर दामकड़ी, तहसील एवं जिला सोलन स्थित जियो टावर से अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। 8 जून को शिमला नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर से टावर बंद होने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे, जहां डीजल जनरेटर के ताले और दरवाजे टूटे मिले।



जांच के दौरान डीजी सेट से अल्टरनेटर, सेल्फ स्टार्टर मोटर, डीसी अल्टरनेटर और शेल्टर एसी यूनिट चोरी पाई गई। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 75 हजार रुपये आंकी गई है।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों का विश्लेषण किया। जांच के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों साहिल सिंह, विनोद कुमार और पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा उनके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है ।पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। चोरी से पहले उन्होंने टावर परिसर की रेकी की और फिर मौका पाकर डीजी सेट एवं अन्य उपकरणों को निकाल लिया। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चोरी किए गए उपकरणों को कहां बेचा गया अथवा बेचने की तैयारी की जा रही थी। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों का किसी अन्य चोरी गिरोह से संबंध तो नहीं है।

# 15 जून को होगी आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**नाहन।** राजगढ़ उपमंडल में 15 जून को आयोजित होने वाली आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर शनिवार को एसडीएम कार्यालय राजगढ़ में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, विद्युत बोर्ड, जल शक्ति विभाग, अग्निशमन विभाग, राजस्व विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मॉक ड्रिल की रूपरेखा, विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों तथा आपदा के समय त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदाओं के दौरान समय पर कार्रवाई और विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक होता है। इसी उद्देश्य से 15 जून को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास के माध्यम से आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की वास्तविक परिस्थितियों का अभ्यास किया जाएगा, जिससे संबंधित विभागों की कार्यक्षमता का आकलन भी हो सकेगा। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक संसाधनों के समुचित उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा। एसडीएम ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी संभावित आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारी और नियमित अभ्यास बेहद जरूरी है।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन का मानना है कि इस अभ्यास से आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की क्षमता बढ़ेगी।

# डीएवी क्लस्टर खेल प्रतियोगिता में विद्या निकेतन स्कूल का शानदार प्रदर्शन




अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** डीएवी क्लस्टर लेवल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2026 में डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल, दाड़लाघाट के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने टीम और व्यक्तिगत वर्ग में कई स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यालय की वॉलीबॉल तथा बास्केटबॉल बॉयज़ और गर्ल्स टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। ताएक्वोण्डो प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों में से तीन छात्राओं और एक छात्र ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो खिलाड़ियों ने रजत और एक ने कांस्य पदक हासिल किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चार छात्राओं ने स्वर्ण तथा पांच छात्रों ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 बॉयज़ एवं गर्ल्स तथा अंडर-19 बॉयज़ टीमों ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि अंडर-19 गर्ल्स टीम उपविजेता रही। एकल वर्ग में राधिका शर्मा, महक शर्मा और आदित्य कृष्णा ने अपने-अपने वर्ग में विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

# सेना के सौजन्य से सूर्य ग्रीन-हिमालयन ओडिसी' इलेक्ट्रिक वाहन अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**अश्वनी शर्मा, कसौली।** पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय सेना ने कसौली सैन्य स्टेशन से 'सूर्य ग्रीन-हिमालयन ओडिसी' इलेक्ट्रिक वाहन अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान को सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान भारतीय सेना की हरित ऊर्जा, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभियान के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों का काफिला हिमालयी क्षेत्रों से होकर गुजरेगा और लोगों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने, कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि 'सूर्य ग्रीन-हिमालयन ओडिसी' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगा, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों को जोड़ते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी मजबूत करेगा। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सैन्य अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय सेना की इस पहल को हरित भविष्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो लोगों को स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करेगा।अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र और प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के लाभ, ऊर्जा संरक्षण तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सेना की यह पहल युवाओं में भी हरित भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास है।





### एमसी नाहन में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव की मांग हुई तेज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद नाहन के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हो रही देरी को लेकर भाजपा समर्थित पार्षदों ने उपायुक्त सिरमौर को ज्ञापन सौंपकर जल्द चुनाव करवाने की मांग उठाई है। पार्षदों का कहना है कि नगर निकाय चुनाव संपन्न हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया है, जिससे नगर परिषद के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

मीडिया से बातचीत करते हुए नवनिर्वाचित पार्षद संजय चौहान ने कहा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव लंबित रहने के कारण विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि शहर के हित में जल्द से जल्द चुनाव की तिथि घोषित की जानी चाहिए ताकि नगर परिषद सुचारू रूप से कार्य कर सके और विकास योजनाओं को गति मिल सके।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी पार्षद प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को उठा चुके हैं, लेकिन अब तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### हरोली ब्लॉक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और ट्रक यूनियन भाड़ा दरें 1.5 प्रतिशत बढ़ाने पर सहमत

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाला।** हरोली ब्लॉक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और द बीट एरिया गुड्स कैरियर को-ऑपरेटिव ट्रांसपोर्ट सोसायटी लिमिटेड (ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन) के बीच परिवहन शुल्क को लेकर चल रहा विवाद प्रशासनिक मध्यस्थता और कई दौर की वार्ताओं के बाद सुलझ गया है। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत वर्तमान भाड़ा दरों में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि करने पर सहमति बनी है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अनुसार संशोधित भाड़ा दरें 15 जून 2026 से प्रभावी होंगी। इस निर्णय से क्षेत्र के उद्योगों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है तथा औद्योगिक गतिविधियों के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक के दौरान ट्रक यूनियन ने डीजल, टायर, बीमा प्रीमियम और अन्य परिचालन खर्चों में लगातार हो रही वृद्धि का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। वहीं उद्योग संघ ने उद्योगों के लिए निर्बाध और समयबद्ध परिवहन सेवाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों पक्षों के बीच विस्तृत चर्चा के बाद सहमति का रास्ता निकला। समझौते के तहत दिल्ली जाने वाले माल पर लगने वाले ग्रीन टैक्स का भुगतान संबंधित उद्योग अथवा प्रेषक द्वारा वास्तविक आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा ट्रक यूनियन उद्योगों की मांग के अनुरूप वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी और परिवहन सेवाओं में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नहीं होने देगी।

### रेलवे फाटक पर लाइन की मरम्मत के चलते कल तक बंद रहेगा ऊना-हमीरपुर मार्ग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रेलवे फाटक पर रेल लाइन की मरम्मत के चलते जिले के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल ऊना-हमीरपुर सड़क पर दो दिनों तक यातायात प्रभावित रहेगा। लोगों को असुविधा से बचाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने मार्ग को अस्थायी रूप से बंद करने के साथ वैकल्पिक रूट निर्धारित किए हैं। पुलिस विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, ऊना-हमीरपुर मार्ग 13 जून सुबह 9 बजे से 15 जून रात 9 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान रेलवे फाटक के निकट रेल लाइन की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। प्रशासन ने वाहन चालकों से यात्रा शुरू करने से पहले निर्धारित डायवर्जन की जानकारी लेने तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, हमीरपुर से ऊना आने वाले भारी वाहनों, बसों और ट्रकों को कुठियाला मोड़-रैंसरी-टक्का मार्ग से भेजा जाएगा। वहीं कार, जीप और मोटरसाइकिल जैसे छोटे वाहनों के लिए ट्रक यूनियन ऊना-डंगोली-महादेव मंदिर मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त हमीरपुर, ऊना होते हुए चंडीगढ़ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को पीरनिगाह चौक-थाना कलां मार्ग से होकर गुजरना होगा। जबकि हमीरपुर-खुरवाईं-जोल-अंब मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए सामान्य रूप से खुला रहेगा। जिला पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित डायवर्जन मार्गों का पालन करने, यातायात संकेतों पर ध्यान देने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने का आग्रह किया है।

### भागवत कथा में प्रह्लाद चरित्र और नरसिंह अवतार का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव-विभोर

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** डेरा बाबा रुद्रानंद जी अंबलेहड़ में स्वामी हेमानंद जी महाराज की कृपा से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से पधारे संत श्री गुरदास जी महाराज ने भक्त प्रह्लाद, भगवान नरसिंह और भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने भक्त प्रह्लाद के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब हिरण्यकशिपु ने उन्हें भगवान का नाम लेने से रोकना चाहा, तब प्रह्लाद ने दृढ़ता से उत्तर दिया कि अब भगवान का नाम उन्हें पकड़ चुका है, इसलिए वे उसे नहीं छोड़ सकते। हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को अनेक प्रकार के कष्ट दिए, उन्हें भूखा रखा, पहाड़ों से गिरवाया और समुद्र में फिंकवाया, लेकिन भगवान की कृपा से वे हर बार सुरक्षित रहे। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, लेकिन ईश्वर की लीला से उसका रक्षक वस्त्र उड़ गया और वह स्वयं अग्नि में भस्म हो गई, जबकि भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बच गए। उन्होंने कहा कि इसके बाद नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रह्लाद का स्वागत किया और एक-दूसरे के माथे पर धूल लगाकर गले मिले। यही परंपरा आगे चलकर होली पर्व के रूप में प्रचलित हुई, जो प्रेम, भाईचारे और भक्ति का संदेश देती है। भगवान नरसिंह अवतार का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जब हिरण्यकशिपु ने क्रोध में खंभे पर प्रहार किया तो भगवान नरसिंह उसी खंभे से प्रकट हुए और अपने परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा की।

# सुक्खू सरकार ने बल्क ड्रग पार्क परियोजना को दी नई रफ्तार

## 20 एमवीए बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए 28.50 करोड़ रुपए मंजूर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय महत्व की बल्क ड्रग पार्क परियोजना को नई रफ्तार देते हुए जिला ऊना के हरोली में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क के लिए 20 एमवीए बिजली आपूर्ति व्यवस्था विकसित करने हेतु 28 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से पार्क में स्थापित होने वाले उद्योगों के लिए विश्वसनीय एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री एवं हरोली के विधायक मुकेश अग्निहोत्री के सतत प्रयासों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लगातार नई गति मिल रही है। परियोजना के लिए चरणबद्ध ढंग से सभी आवश्यक सुविधाओं का विकास



### देश के केवल तीन बल्क ड्रग पार्कों में से एक

**हरोली** बल्क ड्रग पार्क परियोजना देशभर में स्थापित किए जा रहे केवल तीन बल्क ड्रग पार्कों में से एक है। इस परियोजना में केंद्र और राज्य सरकार एक-एक हजार करोड़ रुपये का समान निवेश कर रही हैं। यह परियोजना एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने, दवाओं के कच्चे माल के लिए विदेशी निर्भरता कम करने तथा भारत को वैश्विक फार्मा आपूर्ति श्रृंखला में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

किया जा रहा है, ताकि इसे शीघ्र धरातल पर उतारकर हिमाचल प्रदेश को देश के अग्रणी फार्मा एवं औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहले ही परियोजना के तहत 250 करोड़ के साइट विकास एवं अन्य विकास कार्यों का

### हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना हरोली को राष्ट्रीय और वैश्विक औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के साथ-साथ प्रदेश के औद्योगिक भविष्य को भी नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना आने वाले समय में क्षेत्र को आधुनिक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करेगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे।

शिलान्यास कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 66 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 175 करोड़ की नई पेयजल योजना पर भी तेजी से कार्य चल रहा है।

# बचत भवन ऊना में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने दी प्रतियोगी परीक्षा



अनंत ज्ञान

**ऊना।** डॉ. बीआर अंबेडकर जन कल्याण फाउंडेशन द्वारा एडुपेस कोचिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बचत भवन, ऊना में किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता फाउंडेशन के राज्य अध्यक्ष दुर्गा दास हीरा ने की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. बी. पी. अशोक अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए आयोजन की सराहना की तथा युवाओं को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी बी. आर. कमल मुख्यातिथि तथा सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता संदीप कुमार और आलोक महेश्वरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

**◆ मेधावियों को मिले नकद पुरस्कार**

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनिरुद्ध को 21,000 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर टाई रहने के कारण कपिश, ईशांत और ऋषभ को 4,000-4,000 हजार की राशि प्रदान की गई। वहीं पूजा देवी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त परिक्षिता, अनु, पायल, अंबिका, वंश, ईशा, आंचल, नैतिक, प्रदीप, समीक्षा, तान्या, राजवीर और अभिषेक को एक एक हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# नंगल कलां में ग्रिल उखाड़कर घर के अंदर घुसे चोर, जेवरात पर हाथ साफ

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल के अंतर्गत नंगल कलां के वार्ड नंबर-3 में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोर देर रात कमरे की ग्रिल उखाड़कर मकान में दाखिल हुए और दो कमरों की तलाशी लेने के बाद कीमती सामान लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार यह वारदात निर्मल सिंह के घर में हुई। चोरों ने एक कमरे में रखी पेटी का कुंडा तोड़कर उसमें रखा सामान बिखेर दिया और घर में मौजूद सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

चोरी हुए सामान में दो सोने की चेन, दो सोने की नथ, चार सोने की अंगूठियां, एक पायल, 20 चांदी के सिक्के तथा आठ चांदी के कंगन शामिल बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के सदस्य घर के साथ वाले कमरे में सो रहे थे, जिससे उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के लोग उठे तो कमरों में सामान बिखरा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए।

**◆ पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की चोरों की तलाश**

इसके बाद सुबह करीब छह बजे पुलिस थाना टाहलीवाल को घटना की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थाना टाहलीवाल से हेड कांस्टेबल परमजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है।

# विभाग ने भगवान भरोसे छोड़ी 33केवी लाइन

## रक्कड़ से बंगाणा जाने वाली लाइन के कोटला कलां में कभी भी गिर सकते हैं खंभे

अनंत ज्ञान

**ऊना।** रक्कड़ से बंगाणा जाने वाली 33 केवी विद्युत लाइन के पोल इन दिनों गंभीर खतरे की स्थिति में पहुंच चुके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के दौरान पोलों के नीचे की जमीन खिसकने और कटाव की समस्या को लेकर बिजली विभाग को कई बार अवगत करवाया गया था, लेकिन विभाग ने केवल औपचारिकता निभाते हुए करीब पांच फीट का छोटा डंगा लगाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि पोलों को सुरक्षित रखने के लिए कम से कम 20 से 25 फीट लंबी और मजबूत सुरक्षा दीवार (डंगा) की आवश्यकता थी, लेकिन विभाग द्वारा किए गए अधूरे कार्य के कारण आज भी पोल गिरने की कगार पर खड़े हैं। बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्रवासियों की चिंता और बढ़ गई है।



जब इस संबंध में स्थानीय जूनियर इंजीनियर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और विभाग जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करेगा। हालांकि अभी तक मौके पर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

चिंता की बात यह है कि जिस स्थान पर पोल खतरे की स्थिति में हैं, उसके आसपास आबादी बसी हुई है। वहीं पोलों के नीचे से कृष्णा नगर कॉलोनी और बासी क्षेत्र को जोड़ने वाला रास्ता भी गुजरता है, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लगातार दो-तीन दिन भारी बारिश हुई तो मिट्टी का कटाव बढ़ सकता है और पोल गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी पवन कुमार, कुशल राणा, हिमांशु, भारत भूषण, रतन शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि 33 केवी लाइन के पोल किसी भी समय धराशायी हो सकते हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने बिजली विभाग और प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मजबूत सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया जाए और पोलों को सुरक्षित किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते आवश्यक कदम उठाए, ताकि बरसात के मौसम में क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मेडिकल कैंपों के जरिए राजनीतिक लाभ में जुटे भाजपाई जनता को कर रहे हैं परेशान: उपायुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के मेडिकल शिविरों से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जबकि अस्पतालों में मरीज परेशान हो रहे हैं। अपनी मिथ्या वाहवाही के लिए भाजपाइयों का ऐसे स्थानों में मेडिकल कैंप लगाना एक फैशन बन गया है, जहां कुछ ही दूरी पर चिकित्सा संबंधी सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

भाजपा की ओर से विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे स्वास्थ्य, कैंसर एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविरों को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। प्रेस को जारी बयान में घुमारवीं कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राहुल ठाकुर ने कहा कि इन शिविरों में सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों की सेवाएं ली जा रही हैं, जिसके चलते अस्पतालों में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर घुमारवीं अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीज डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण प्रभावित हो रहे हैं। घुमारवीं अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जब चिकित्सक भाजपा और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के बेटे के संरक्षण में आयोजित शिविरों में व्यस्त रहते हैं तो अस्पताल की नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं।

दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। यदि भाजपा वास्तव में जनसेवा करना चाहती है तो उसे अपने स्तर पर निजी चिकित्सकों और विशेषज्ञों की व्यवस्था कर ऐसे शिविर आयोजित करने चाहिए। सरकारी स्वास्थ्य तंत्र का उपयोग राजनीतिक कार्यक्रमों और प्रचार के लिए करना उचित नहीं है।

जनता के टैक्स से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का पहला अधिकार आम मरीजों का है। ऐसे में डॉक्टरों को राजनीतिक आयोजनों में व्यस्त रखना जनता के हितों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि एक ओर मरीज अस्पतालों में उपचार के लिए परेशान हो रहे हैं और दूसरी ओर भाजपा नेता इन शिविरों के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं।

## अमेरिका में भारतीय युवाओं की मौत पर केंद्र सरकार की चुप्पी चिंताजनक : हीरापाल सिंह

**अनंत ज्ञान, सुमन डोगरा, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर हीरापाल सिंह ने अमेरिका में तीन भारतीय युवाओं की मौत पर केंद्र सरकार की चुप्पी की कड़े शब्दों में निंदा की है।



उन्होंने कहा कि यदि भारतीय नागरिक विदेशों में असुरक्षित हैं और उनकी मौत जैसी गंभीर घटनाओं पर सरकार प्रभावी प्रतिक्रिया नहीं देती, तो यह अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के वास्तविक मुद्दों बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा की बजाय राजनीतिक मुद्दों पर अधिक ध्यान दे रही है। जिला पाल सिंह ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों के साथ पहले भी कठोर व्यवहार किए जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन सरकार का रवैया अपेक्षित रूप से दृढ़ नहीं दिखाई देता। उन्होंने कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के इस कथित ढुलमुल रवैये की निंदा करती है और मांग करती है कि विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# बिलासपुर महाविद्यालय की छात्रा शगुन ने हिमाचल में तृतीय स्थान किया हासिल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की स्नातक (बीएससी) डिग्री अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में बिलासपुर महाविद्यालय की छात्रा शगुन ने पूरे हिमाचल प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल करके समस्त जिले व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि बिलासपुर डिग्री कॉलेज की छात्रा ने बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल किया है।

प्राचार्य डॉ. कटवाल ने आज छात्रा को महाविद्यालय में सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी और शगुन के साथ आए उनके माता पिता को बधाई दी और कहा कि इनके परिवार के साथ इनके गुरुजनों को भी इन पर गर्व है और ये इस बेटी की मेहनत और सच्ची लगन का ही परिणाम हैं कि आज समस्त जिले का नाम पूरे प्रदेश में छाया है। उन्होंने कहा कि आज इस बेटी को सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है और हम सब इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। शगुन ने बताया कि वो बीएससी मैथेमेटिक्स की छात्रा है और कहा कि इस उपलब्धि के लिए पहले तो मैं हमारे गुरुजन डॉ रितु, डॉ. श्रवण, डॉ. घनश्याम के साथ महाविद्यालय के अपने समस्त शिक्षकों जिन्होंने मुझे शिक्षा प्रदान की है उन को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और इसके बाद मैं अपने भाई का धन्यवाद करती हूं जिसके बिना ये सफलता हासिल करना संभव नही था और उन्होंने अपने माता पिता का भी धन्यवाद किया जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से वो यहां तक पहुंची। इस अवसर पर प्रो. प्रेमजीत, प्रो. सुरेंद्र, प्रो. सुरजीत, प्रो. श्रवण, डॉ. रितु, डॉ. नवेन्दु, डॉ जय चंद आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की राजनीतिक नग्नता से लोकतंत्र लज्जित : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने को लोकतंत्र पर हमला बताया है। उन्होंने कहा कि एक सामान्य न्यायालयीन नोटिस के आधार पर नामांकन निरस्त करना चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सांख्यान ने आरोप लगाया कि भाजपा विपक्षी नेताओं के मामलों में अलग और अपने नेताओं के मामलों में अलग मानदंड अपनाती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, कैलाश विजयवर्गीय और हेमामालिनी के नामांकन से जुड़े पुराने विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि तकनीकी त्रुटियों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है तो सभी के लिए समान नियम लागू होने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है तथा इस प्रकार की राजनीति लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। सांख्यान ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि देश में वास्तव में 'एक देश-एक कानून' की व्यवस्था लागू है या नहीं।

## डॉ. सुजया मेडिकल ऑफिसर ग्रुप-ए में चयनित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** ग्राम सुंदड़ू, डाकघर गेहड़वी की होनहार बेटी डॉ. सुजया शर्मा ने मेडिकल ऑफिसर (जनरल विंग) ग्रुप-ए पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। डॉ. सुजया शर्मा के पिता अजय कुमार शिक्षा विभाग में लेक्चरर हैं, जबकि माता कुसुम लता टीजीटी के पद पर कार्यरत हैं। परिवार ने उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन को दिया है। डॉ. सुजया शर्मा बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार परिश्रम किया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों, शिक्षकों, रिश्तेदारों और स्थानीय निवासियों ने उन्हें तथा उनके परिवार को बधाई दी है।

## 6 जून से मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में मछलियों के प्रजनन काल को देखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक सभी जलाशयों, नदियों, नालों और सहायक धाराओं में मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में किसी भी प्रकार के मत्स्य आखेट और मछली बिक्री की अनुमति नहीं होगी। यह जानकारी निदेशक एवं प्रधान मुख्य मत्स्य संरक्षक विवेक चंदेल ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतिबंध का उद्देश्य मछली प्रजातियों के प्राकृतिक प्रजनन को सुरक्षित करना और मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। प्रदेश में लगभग 13 हजार मछुआरे इस व्यवसाय से जुड़े हैं। गोबिंदसागर, पोंग, चमेरा, कोलडैम और रणजीत सागर जैसे प्रमुख जलाशयों में हजारों मछुआरे आजीविका के लिए मत्स्य पालन पर निर्भर हैं। विभाग ने बताया कि बंद सीजन के दौरान अवैध मत्स्य आखेट रोकने के लिए विशेष टीमें, कैंप और फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी, जिसमें कारावास और जुर्माने का प्रावधान शामिल है।

## रविदासिया संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मंडी जिले के पंडोह में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन की अध्यक्षता संगठन प्रमुख सुखदेव जी महाराज ने की। इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार और उनके विचारों को आगे बढ़ाना रहा। प्रतिनिधियों ने कहा कि गुरु रविदास जी ने समरसता, मानव सेवा और सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने पाखंड का विरोध करते हुए समाज को कर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जीवन का उद्देश्य सत्कर्म और मानवता की सेवा होना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संगठन से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## 15 जून तक स्वयं-गणना पूरी करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जनगणना-2027 के तहत स्वयं-गणना अभियान को गति देने के लिए बिलासपुर के बचत भवन में उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभी तक स्वयं-गणना नहीं की है, वे इसे शीघ्र पूरा करें और 15 जून की अंतिम तिथि से पहले शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधन प्रबंधन और नीति निर्धारण का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों से अपने-अपने विभागों में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आम जनता को भी स्वयं-गणना के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। बैठक में रिसर्च ऑफिसर ललित शर्मा ने अधिकारियों को स्वयं-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करवाया।

# तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने अडानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सक्षम बरमाणा का किया दौरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सक्षम, बरमाणा का दौरा किया तथा उपलब्ध प्रशिक्षण संबंधी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि निरंतर सीखते रहना और स्वयं को समय की मांग के अनुसार तैयार रखना भी जरूरी है। उन्होंने

**◆ प्रशिक्षणार्थियों से किया संवाद प्रतिस्पर्धी दौर में ज्ञान और कौशल को निरंतर अपग्रेड करने पर दिया जोर**

प्रशिक्षणार्थियों को ज्ञान और कौशल को लगातार उन्नत करने तथा बदलती तकनीकों और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढालने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के युग में तकनीकी दक्षता ही युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करा सकती है।

धर्माणी ने प्रशिक्षणार्थियों से अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, नियमित दिनचर्या अपनाने तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच ही सफलता की मजबूत नींव होती है। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न विषयों पर मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# असम राइफल्स का जवान संजीव पंचतत्व में विलीन

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले की उपतहसील भराड़ी की देहरा हटवाड़ पंचायत के देहरा गांव निवासी तथा असम राइफल्स में तैनात जवान संजीव कुमार (52) का अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी के दौरान बीमारी के चलते निधन हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए क्षेत्र भर से सैकड़ों लोग उमड़ पड़े और पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीव कुमार असम राइफल्स में अपनी सेवाएं दे रहे थे और वर्तमान में उनकी तैनाती अरुणाचल प्रदेश में थी। ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका और 8 जून को उन्होंने अंतिम सांस ली। जवान के निधन की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार सुबह सेना के जवान तिरंगे में लिपटा उनका पार्थिव शरीर लेकर देहरा गांव पहुंचे। जैसे ही वीर जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया और परिजनों सहित उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं।

अपने लाल के अंतिम दर्शन के लिए गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके उपरांत पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। अंतिम यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वीर जवान अमर रहे' के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। देशभक्ति और सम्मान के इस भावुक माहौल ने उपस्थित हर व्यक्ति को भावुक कर दिया।

# घुमारवीं में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र को मिली अंतिम स्वीकृति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी के प्रयासों से घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र को 12 करोड़ 4 लाख 12 हजार रुपए की लागत से बनने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र को अंतिम स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह नया 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र घुमारवीं शहर के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। वर्तमान में घुमारवीं क्षेत्र का अधिकांश विद्युत भार नसवाल उपकेंद्र से संचालित होता है, जो पहले से ही अत्यधिक लोड वहन कर रहा है। नसवाल और घुमारवीं के बीच अधिक दूरी होने के कारण उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली ट्रिपिंग, वोल्टेज की समस्या तथा विद्युत आपूर्ति में व्यवधान का सामना करना पड़ता है।

इस नए उपकेंद्र के स्थापित होने से घुमारवीं शहर तथा आसपास के क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग एवं विद्युत बाधाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। इसके साथ ही बेहतर वोल्टेज एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## कोठीपुरा में शहीद नंतराम समिति ने करवाया दंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** शहीद नन्तराम वेलफेयर मेला व दंगल समिति के तत्वावधान में 12 जून दोपहर 3 बजे कोठीपुरा के गोहण चंगर पलासनी बाड़ी स्थित शिव मंदिर ग्राउंड में दंगल आयोजित हुआ। मुख्यातिथि नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान जगदीश कुमार व उपप्रधान परमदेव पुरी रहे। समिति ने उन्हें तिरंगा टोपी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रधान जगदीश कुमार ने समिति को 14,000 रुपये का दान दिया। बड़ी माली: विजेता गुर्ज चीता (दिल्ली) 9100 रुपए, उपविजेता सुदाम (चंडीगढ़) 8100 रुपए छोटी माली: विजेता गुर्ज अनिल (चिल्ला, बिलासपुर)7100 रुपए, उपविजेता प्रियाशु (चंगर पलासनी कोठीपुरा) 6100रुपए। रेफरी की भूमिका गोल्ड मेडलिस्ट जगदीश कुमार घुमारवीं ने निभाई जबकि एंकर कमल कुमार चिल्ला रहे।

# पशुपालकों को राहत: अब छह साल के लिए रिन्यू होंगे ग्रेजिंग परमिट

## सरकार के फैसले से चरवाहों और गुज्जर समुदाय में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** प्रदेश सरकार ने भेड़-बकरी पालकों और घुमंतू चरवाहों को बड़ी राहत देते हुए ग्रेजिंग (घास चराई) परमिट की अवधि को छह वर्ष तक रिन्यू किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इस फैसले से विशेष रूप से गुज्जर समुदाय और पशुपालन पर निर्भर हजारों परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लंबे समय से इस मांग को उठाया जा रहा था, जिसके पूरा होने पर इसे पशुपालकों के हित में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। जिला गुज्जर कल्याण सभा चंबा के अध्यक्ष हसन दीन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा सदर विधायक नीरज नैय्यर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से पशुपालकों को बार-बार परमिट



◆ गुज्जर कल्याण सभा चंबा ने जताया आभार

नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया से राहत मिलेगी और वे अपने पारंपरिक व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले चरवाहों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की 'पहल' योजना भी पशुपालकों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से भेड़-बकरी पालकों का पंजीकरण, पशुधन की नस्ल सुधार, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, टीकाकरण, बेहतर बीमा सुरक्षा, ऊन, दूध और मांस के उचित विपणन तथा आर्थिक सहायता जैसे कई लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे गुज्जर समुदाय के साथ-साथ अन्य पशुपालकों की आजीविका को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया संबल प्राप्त होगा। गुज्जर कल्याण सभा ने उम्मीद जताई कि सरकार भविष्य में भी पशुपालकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करती रहेगी, जिससे प्रदेश की पारंपरिक पशुपालन संस्कृति और उससे जुड़े परिवारों का जीवन स्तर और अधिक सुदृढ़ हो सके।

### मेडिकल कॉलेज चंबा की बेटियां छाईं

# मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा में डॉ. श्रेया वालिया ने प्रथम और डॉ. श्रेया चंदेल ने झटका द्वितीय स्थान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, चंबा के वर्ष 2019 बैच की दो होनहार छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) द्वारा आयोजित मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर संस्थान और पूरे चंबा जिले को गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित भर्ती परीक्षा में डॉ. श्रेया वालिया ने प्रथम रैंक प्राप्त कर प्रदेशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि डॉ. श्रेया चंदेल ने द्वितीय रैंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ा दी है, बल्कि पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा का मान भी प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है। कॉलेज के शिक्षकों, सहपाठियों और शुभचिंतकों ने दोनों युवा चिकित्सकों की सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताते हुए हार्दिक बधाई दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि वे भविष्य में भी स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज की सेवा करेंगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कॉलेज प्रशासन तथा पूरे चंबा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और दोनों सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की जा रही है।

# भरमौर एंट्री टैक्स पर जताई चिंता

## ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा चंबा की मासिक बैठक शनिवार को परशुराम भवन, मोहल्ला जनसाली में प्रधान अजितेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में विशेष रूप से भरमौर उपमंडल प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रवेश शुल्क (एंट्री टैक्स) के विषय पर चिंता व्यक्त की गई। सभा ने जिला प्रशासन से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि अतिरिक्त शुल्क से क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या प्रभावित हो सकती है, जिसका असर आगामी पवित्र मणिमहेश यात्रा पर भी पड़ने की आशंका है। सभा का मत रहा कि केवल राजस्व बढ़ाने के बजाय प्रशासन को बेहतर सड़क सुविधाएं, स्वच्छ एवं पर्याप्त ठहराव व्यवस्था,



मणिमहेश यात्रा और पर्यटन पर असर की आशंका। अनंत ज्ञान

यात्री सुविधाओं और पर्यटन व धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले आधारभूत ढांचे के विकास पर प्राथमिकता देनी चाहिए। इससे पर्यटन को गति मिलने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। तय किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ब्राह्मण समाज के लोगों से संपर्क स्थापित किया जाएगा तथा विभिन्न स्थानों पर उप-समितियों का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यों को जनसहयोग के माध्यम से आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। सभा ने सभी सदस्यों और समाज के लोगों से प्रत्येक मासिक बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने सुझावों और अनुभवों से संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में प्रधान अजितेश शर्मा ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने की अपील की। बैठक में देवेंद्र कुमार, पवन कुमार वेद, सत्य प्रसाद वेद, इंदु शर्मा, युक्ति शर्मा, धर्मवीर वेद, सुरेश कश्मीरी, हेमंत माड़ियान, पवन भारद्वाज सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# जीरो चौक से करियां तक एनएच-154ए की बदहाल स्थिति, जल निकासी ने बढ़ाई चिंता

अनंत ज्ञान

**चंबा।** मानसून की दस्तक से पहले ही जीरो चौक से करियां तक राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-154ए की बदहाल स्थिति और जल निकासी व्यवस्था की गंभीर खामियों को लेकर क्षेत्रवासियों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इसी मुद्दे को लेकर डीसीसी एससी विभाग चंबा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकरण चंद्रा ने शनिवार को चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर से मुलाकात कर प्रभावित लोगों की समस्याओं से अवगत कराया और तत्काल समाधान की मांग उठाई।

शिवकरण चंद्रा ने विधायक को बताया कि लगभग चार किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में पानी रिहायशी इलाकों और शहरी बस्तियों की ओर रुख कर लेता है। इससे मकानों, निजी संपत्तियों और सार्वजनिक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने का



◆ सदर विधायक नीरज नैय्यर से लगाई त्वरित कार्रवाई की गुहार

खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की कि एनएच-154ए पर आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीके से जल निकासी का चैनलाइजेशन किया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़ी आपदा को रोका जा सके। उन्होंने विशेष रूप से लोअर मुगला और यू-सैप क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जल निकासी की खामियों के कारण यह इलाका लगातार भूस्खलन की जद में है। वर्ष 2025 की आपदा के जख्म अभी भरे भी नहीं हैं कि 11 जून 2026 की प्री-मानसून बारिश ने एक बार फिर लोगों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। क्षेत्र में पैदल श्मशान घाट का मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिवकरण ने जिला आपदा प्रबंधन तंत्र से भी प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्र राहत एवं सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं, सदर विधायक नीरज नैय्यर ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क सुधार, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने और प्रभावित क्षेत्रों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।

# 12 साल में मोदी सरकार ने बदला भारत का विकास और राजनीति का परिदृश्य: जय सिंह



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह की अध्यक्षता में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर जय सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत, बेहतर कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास, ग्रामीण उत्थान और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि एक दशक से अधिक के कार्यकाल में ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिन्होंने भारत की राजनीति, सामाजिक व्यवस्था और आर्थिक विकास की दिशा को व्यापक रूप से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधानों को समाप्त कर राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। वहीं, संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा आने वाले समय में भी देश इसी गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# भटवाड़ा बस अड्डे पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** विकास खंड मैहला के अंतर्गत पड़ती नवगठित भटवाड़ा पंचायत के दायरे में पड़ने वाले बस अड्डे पर सार्वजनिक शौचालय की मांग पिछले लंबे समय से उठ रही थी। सार्वजनिक शौचालय न होने से खासकर रात्रि ठहराव में हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक व परिचालक को भी समस्याएं पेश आ रही थी, न सिर्फ चालक परिचालक बल्कि बहुत सारी महिलाओं बच्चों तथा स्थानीय दुकानदारों को भी सार्वजनिक शौचालय न होने से दिक्कतें पेश आ रही थी।

वहीं, भटवाड़ा बस अड्डे पर शौचालय न होने से कई बार चालक परिचालक भी अपने आला अधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुके थे



जिस कारण बहुत से बस चालक भी इस रूट पर चलने से कतराते थे, भटवाड़ा बस अड्डे पर शौचालय की कमी के चलते चंबा राडी बस रूट भी कई बार बंद हो चुका है। भटवाड़ा बस अड्डे पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होने से न सिर्फ चालक परिचालकों को बल्कि महिलाओं बच्चों के साथ-साथ बहुत से स्थानीय दुकानदारों को भी सुविधा का लाभ मिलेगा।

## महंगाई भत्ते की लंबित किस्त जल्द जारी करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डॉ. बीआर आंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ की मासिक बैठक शनिवार को आंबेडकर भवन स्थित कार्यालय में संघ के प्रधान मनोहर लाल हितेषी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लेते हुए पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कहा गया कि विभिन्न कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों द्वारा लगातार उठाई गई मांगों के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित वित्तीय देनदारियों का भुगतान शुरू कर दिया है, जिसका संघ ने स्वागत किया। जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को उनके लंबित एरियर का 40 प्रतिशत जुलाई 2026 तक देने की घोषणा का भी बैठक में स्वागत किया गया।

# अधिक मासिक शिवरात्रि पर पुरुषोत्तम दास रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया अन्न भंडारा



अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** अधिक मासिक शिवरात्रि के पावन अवसर पर पुरुषोत्तम दास रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फेज-1, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला में अपना 219वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि अधिक मासिक शिवरात्रि का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। सनातन धर्म में अधिक मास को भगवान विष्णु का प्रिय पुरुषोत्तम मास माना जाता है, जबकि शिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है। जब अधिक मास में शिवरात्रि आती है तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर अन्नदान और सेवा कार्यों का विशेष महत्व माना गया है। अन्न भंडारा मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है और ट्रस्ट इसी भावना के साथ निरंतर जनसेवा के कार्यों में जुटा हुआ है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपने अपने स्तर पर अन्न भंडारे आयोजित करने का आह्वान किया। भंडारे के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्यों में योगदान दिया।

# हिसार : एचएयू व जॉन डियर इंडिया के बीच हुआ समझौता

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और जॉन डियर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच कृषि यंत्रीकरण और उन्नत कृषि तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता हुआ है। इस समझौते पर जॉन डियर इंडिया की ओर से सुपरवाइजर आलोक रंजन तथा विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि इस साझेदारी से कृषि अनुसंधान, यंत्रीकरण और प्रायोगिक खेती को नई दिशा मिलेगी। इससे विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को आधुनिक कृषि मशीनों के परीक्षण और प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। समझौते के तहत कंपनी विश्वविद्यालय के रामधन सिंह बीज फार्म में हैरोइंग, कल्टीवेशन, प्लैंकिंग और मेड़ निर्माण जैसे कृषि कार्य करेगी। कंपनी ट्रैक्टर, बैकअप ट्रैक्टर, तकनीकी सहायता, स्पेयर पार्ट्स तथा रखरखाव की जिम्मेदारी निभाएगी, जबकि विश्वविद्यालय आवश्यक ईंधन और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# स्व. नलीन आचार्य की स्मृति में मीडिया हेल्पिंग हैंड्स ने लगाई मीठे पानी की छबील

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए मीडिया हेल्पिंग हैंड्स, चंडीगढ़ द्वारा आज सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बाहर मीठे ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके परिजनों, राहगीरों एवं आमजन को शीतल जल पिलाकर राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर हलवा एवं चने का प्रसाद भी वितरित किया गया।

मीडिया हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष अंकुश महाजन ने बताया कि इस वर्ष की छबील स्वर्गीय नलीन आचार्य जी की पावन स्मृति को समर्पित की गई है। उन्होंने कहा कि नलीन आचार्य जी का जीवन समाज सेवा, सहयोग और मानवीय मूल्यों के लिए समर्पित रहा, जिनकी प्रेरणा आज भी संस्था को जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करती है। अंकुश महाजन ने कहा कि मीडिया हेल्पिंग हैंड्स द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में इस प्रकार के सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं, ताकि जरूरतमंदों और राहगीरों को राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' और समाज के हर वर्ग को मानवता की सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

इस अवसर पर पत्रकारिता जगत से जुड़े बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे और उन्होंने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकार समुदाय की एकजुटता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखने को मिली। अंकुश महाजन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी मीडिया साथियों, समाजसेवियों, सहयोगकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल समाचारों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए ऐसे जनसेवा कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय नलीन आचार्य जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संस्था ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी एवं मानव सेवा से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्राकृतिक हीरों का नया कलेक्शन 'नुवा' किया लॉन्च



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़/लुधियाना।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने प्राकृतिक हीरों से सजे अपने नए एक्सक्लूसिव ज्वेलरी कलेक्शन 'नुवा' का लॉन्च किया। प्रकृति में निहित अद्भुत पैटर्न्स, विशिष्ट टेक्सचर्स और सूक्ष्म बारीकियों से प्रेरित यह कलेक्शन आधुनिक लग्जरी को एक नए दृष्टिकोण से परिभाषित करता है। 'नुवा' प्रकृति की उन अनमोल कलाकृतियों का उत्सव है, जो अपनी खूबसूरती के बावजूद अक्सर हमारी नजरों से अनदेखी रह जाती हैं। इस कलेक्शन की प्रत्येक डिजाइन में प्रकृति की सहज कलात्मकता और उत्कृष्ट शिल्पकला का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

# विश्वास फाउंडेशन ने ट्राइसिटी में लगाए रक्तदान शिविर

अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** विश्व रक्तदाता दिवस के पावन अवसर पर 14 जून 2026 को विश्वास फाउंडेशन द्वारा गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से ट्राइसिटी चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली और जीरकपुर में चार विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत अभियान का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में रक्त की कमी को दूर करना और आपातकालीन स्थिति में मरीजों को जीवनदान देना है।




गर्मी के मौसम में अक्सर ब्लड बैंकों में रक्त की भारी कमी हो जाती है। इसी कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन प्रतिवर्ष स्वास्थ्य विभागों और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जैसी संस्थाओं के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करता है। इस वर्ष ट्राइसिटी और उसके पड़ोसी क्षेत्र जीरकपुर को कवर करते हुए चार अलग-अलग स्थानों पर कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक युवा और नागरिक आसानी से इस महादान का हिस्सा बन सकें। ये रक्तदान शिविर कार्तिक रेस्टोरेंट के सामने सेक्टर-15 चंडीगढ़, बीकेएम विश्वास स्कूल सेक्टर 9 पंचकूला, ऐरो आर्केड के सामने जी ब्लॉक, नजदीक अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट मोहाली और मेट्रो स्टोर के सामने, जीरकपुर में सभी रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे शुरू होकर दोपहर बाद 3 बजे तक चलेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस वर्ष 2026 की थीम मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं तय की गई है। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास के मार्गदर्शन में ये शिविर इसी मानवीय भावना को मजबूत करने के लिए समर्पित हैं।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, दुर्घटनाओं के शिकार मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। विश्वास फाउंडेशन ने अपील की है कि 18 से 65 वर्ष का हर स्वस्थ नागरिक इन चारों में से अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर रक्तदान अवश्य करे।

# कैथल: मुठभेड़ के बाद 3 बदमाश काबू, एक फरार

**अनंत ज्ञान, कैथल।** जिले में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को काबू कर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में कई घंटों तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। डीएसपी सुशील प्रकाश ने शनिवार को बताया कि 12 जून की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि हथियारों से लैस चार युवक कलायत क्षेत्र के एक होटल में लूटपाट का प्रयास कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने कैथल शहर में एक युवक से पिस्तौल की नोक पर स्कूटी और नकदी भी छीन ली। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने विभिन्न टीमों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट, सीआईए-एक, एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ और कलायत पुलिस की संयुक्त टीमों ने भैणी माजरा शुगर मिल के पास स्कूटी सवार चार युवकों को घेर लिया और आत्मसमर्पण करने को कहा। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जींद जिले के गांव खांडा खेड़ी निवासी साहिल और अंकित तथा हिसार जिले के मिरपुर निवासी अशोक उर्फ गोलू के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# फतेहाबाद: अघोषित बिजली कटौती से भड़के ग्रामीणों ने लगाया जाम

अनंत ज्ञान

**फतेहाबाद।** जिले के गांव धारसूल के पास शनिवार सुबह बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने जाखल-कुलां मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया और नहर पुल पर सड़क के बीचो-बीच बैठकर सरकार व बिजली निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब तीन घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में बिजली निगम के एसडीओ और पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिए जाने के बाद ही ग्रामीण शांत हुए और जाम खोला गया।

जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने अपनी परेशानी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। इस भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को बिना बिजली के रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। बिजली न आने के कारण न केवल घरेलू कामकाज ठप हो गए हैं, बल्कि खेतों में फसलों की सिंचाई और अन्य कृषि कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ।

इसी लापरवाही से तंग आकर उन्हें मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। सड़क जाम होने की सूचना मिलते ही कुलां चौकी इंचार्ज एएसआई जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थिति को संभालते हुए उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद बिजली निगम के एसडीओ संजय सिंगला और सदर थाना प्रभारी बीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी बीर सिंह, एसडीओ संजय सिंगला और एएसआई जितेंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों के साथ काफी देर तक बातचीत की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव में बिजली आपूर्ति की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाएगा और अघोषित कटों से राहत दी जाएगी। बिजली निगम के एसडीओ से ठोस आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब 3 घंटे बाद जाम खोलकर रास्ता बहाल किया। पुलिस व बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही बिजली व्यवस्था को सुचारु कर दिया जाएगा।

# यश राज फिल्म्स ने 'अल्फा' के टीजर में खोला असैसिन की कहानी का राज

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** आदित्य चोपड़ा की यश राज फिल्म्स ने आलिया भट्ट अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अल्फा' का टीजर जारी कर दिया है। इस टीजर के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पहली बार एक युवा महिला असैसिन की ओरिजिन स्टोरी को पेश किया गया है, जिसे बचपन से एक घातक हत्यारिन बनने के लिए तैयार किया जाता है।




पहले टीजर में यश राज फिल्म्स ने एक ऐसे किलर की कहानी की झलक दिखाई है, जिसकी भूमिका आलिया भट्ट निभा रही हैं और जिसे बॉबी देओल का किरदार तैयार करता है। फिल्म की दूसरी प्रमुख अभिनेत्री शर्वरी के किरदार का खुलासा जल्द किया जाएगा, क्योंकि मार्केटिंग अभियान के तहत प्रत्येक किरदार को दर्शकों के सामने चरणबद्ध तरीके से पेश किया जाएगा। 'अल्फा' एक विशुद्ध मसाला एंटरटेनर फिल्म है, जिसे भारतीय सिनेमा में पहली बार दो महिला किरदारों के नेतृत्व वाली भव्य एक्शन फिल्म के रूप में पेश किया जा रहा है। यह फिल्म दो लड़कियों के 'अल्फा एटीट्यूड' का जश्न मनाती है।

फिल्म को एक रोमांचक सफर की तरह तैयार किया गया है, जिसमें थ्रिल, इमोशन, हास्य, अप्रत्याशित मोड़ और भरपूर मनोरंजन का समावेश है। शिव रवैल द्वारा निर्देशित 'अल्फा' 3 जुलाई, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम् भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# हिमाचल में 4 रुपए प्रति यूनिट फ्यूल चार्ज लगाने का प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को आने वाले समय में बढ़े हुए बिजली बिलों का सामना करना पड़ सकता है। राज्य में बिजली की बढ़ती मांग और बाहरी राज्यों से महंगी दरों पर बिजली खरीदने की मजबूरी के चलते बिजली बोर्ड ने फ्यूल एंड पावर परचेज कॉस्ट एडजस्टमेंट (एफपीपीसीए) के तहत फ्यूल चार्ज बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। यदि इसे स्वीकृति मिलती है तो प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ना तय माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में उपभोक्ताओं से लगभग 34 पैसे प्रति यूनिट की दर से फ्यूल चार्ज वसूला जा रहा है, जबकि नए प्रस्ताव में इसे बढ़ाकर करीब चार रुपये प्रति यूनिट तक करने की बात कही गई है। बिजली बोर्ड का तर्क है कि प्रदेश सरकार द्वारा सस्ती बिजली उपलब्ध कराना बंद किए जाने और गर्मियों में मांग बढ़ने के कारण अन्य राज्यों से अधिक कीमत पर बिजली खरीदनी पड़ रही है। इसी अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिए फ्यूल चार्ज में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार किया गया है।



◆ बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

उधर, बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने की लागत की किस्तें पहले से ही उनके बिलों में जुड़ रही हैं, जबकि बिजली सब्सिडी भी अब केवल दो मीटरों तक सीमित कर दी गई है। ऐसे में घरेलू उपभोक्ताओं पर आर्थिक दबाव लगातार बढ़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने दावा किया है कि जिन घरों का मासिक बिजली बिल सामान्यत: 500 से 600 रुपए के बीच आता था, उनमें भी हाल के महीनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### शिकायतों के त्वरित हल के लिए नई व्यवस्था

**बिजली** उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निपटारे के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग ने अतिरिक्त उपभोक्ता शिकायत निवारण मंचों में स्वतंत्र सदस्यों की नियुक्ति की है। जारी अधिसूचना के अनुसार ऊना ऑपरेशन सर्किल के लिए इंजीनियर बलराज, रामपुर के लिए अधिवक्ता कमल देव, नाहन के लिए रघुवीर सिंह मेहता तथा रोहड़ू के लिए कमल दिलाइक को स्वतंत्र सदस्य नामित किया गया है। इनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

# हिमाचल को केंद्र से पैसा मिला, पर खर्च नहीं कर पाई सरकार: जेपी नड्डा

## बोले-केंद्र ने हिमाचल को दिया विकास का स्वर्णिम अवसर, कांग्रेस ने गंवाया

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश को केंद्र सरकार से विकास परियोजनाओं और योजनाओं के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल रही है, लेकिन राज्य सरकार इन संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल करने में विफल रही है। शनिवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आपदा राहत, स्वास्थ्य, सड़क, रेल, शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में हिमाचल को रिकॉर्ड वित्तीय सहायता दी है, लेकिन कई योजनाएं जमीन पर अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाईं।

नड्डा के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में हिमाचल को विशेष सहायता योजना के तहत 2,381 करोड़ रुपये, आपदा पुनर्निर्माण के लिए एनडीआरएफ से 2,006 करोड़ रुपये और बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 2,150 करोड़ रुपये दिए गए। उन्होंने कहा कि केंद्र ने संसाधनों की कोई कमी नहीं छोड़ी, लेकिन राज्य सरकार कई मामलों में उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) तक देने में पीछे रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र का जिक्र करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत हिमाचल को 360 करोड़ रुपये मिले थे। इसके तहत 15 क्रिटिकल केयर ब्लॉक, 12 इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 73 सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को विकसित किया जाना था, लेकिन इनमें से अधिकांश परियोजनाएं तय गति से आगे नहीं बढ़ सकीं। उन्होंने यह भी कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए स्वीकृत 521 करोड़ रुपये में से करीब आधी राशि ही खर्च हो पाई।



शिमला में पत्रकार वार्ता में केंद्र से हिमाचल को मिले फंड की जानकारी देते जेपी नड्डा।

नड्डा ने बल्क ड्रग पार्क परियोजना का भी जिक्र किया। उनका कहना था कि केंद्र ने इस परियोजना के लिए 1,000 करोड़ की सहायता मंजूर की और 225 करोड़ जारी भी किए, लेकिन राज्य सरकार केवल 102 करोड़ के आसपास ही खर्च कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक देरी के कारण परियोजना को आगे बढ़ाने में लगभग तीन साल का समय लग गया, जिससे निवेश और रोजगार के अवसर प्रभावित हुए। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क योजना को भी हिमाचल के लिए खोया हुआ अवसर बताया। नड्डा के अनुसार केंद्र से मंजूरी मिलने के बावजूद प्रदेश सरकार 2024 में इस परियोजना से पीछे हट गई, जिसके कारण जारी की गई पहली किस्त भी वापस करनी पड़ी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं, रेणुका बांध, लूहरी जलविद्युत परियोजना, एम्स बिलासपुर, आईआईएम सिरमौर, आईआईआईटी ऊना और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर निवेश किया है।

उनका दावा था कि इन परियोजनाओं से हिमाचल की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है। राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले 'व्यवस्था परिवर्तन' का वादा किया था, लेकिन प्रदेश में प्रशासनिक अव्यवस्था और निर्णय लेने में देरी देखने को मिल रही है। उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अतिरिक्त प्रभार की स्थिति का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार में स्पष्ट दिशा का अभाव दिखाई देता है।

# पीएम मोदी ने स्वच्छता को बनाया जन आंदोलन: नड्डा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को शिमला के चौड़ा मैदान में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई की और उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता को केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रहने दिया गया, बल्कि इसे जन-जन से जुड़ा एक व्यापक जन आंदोलन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने देश में नई सोच, जागरूकता और जनभागीदारी की संस्कृति विकसित की है, जिसके कारण आज नागरिक स्वेच्छा से स्वच्छता गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। नड्डा ने कहा कि पहले स्वच्छता को लेकर समाज में जिस प्रकार की उदासीनता देखने को मिलती थी, उसमें उल्लेखनीय परिवर्तन आया है और आज यह सामाजिक उत्तरदायित्व का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भी स्वच्छता अभियान से जुड़कर समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। चौड़ा मैदान स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा की सफाई को उन्होंने गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि संविधान निर्माता के आदर्शों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप, सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महापौर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्र की मदद के दावों से जनता को भ्रमित कर रही भाजपा: विनय कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा हिमाचल को मिली केंद्रीय सहायता को लेकर दिए गए बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार प्रदेश की जनता को आंकड़ों के जरिए भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य को अब तक कोई विशेष आर्थिक पैकेज या अतिरिक्त सहायता प्राप्त नहीं हुई है, जबकि केंद्र से मिलने वाली राशि केवल विभिन्न केंद्रीय योजनाओं में उसकी निर्धारित हिस्सेदारी के रूप में ही आई है।



◆ विशेष आर्थिक सहायता और जीएसटी घाटे पर केंद्र को घेरा

◆ प्रदेश के हितों से समझौता करने का लगाया आरोप

विनय कुमार ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने विशेष श्रेणी के पर्वतीय राज्य के रूप में हिमाचल को मिलने वाली कई महत्वपूर्ण वित्तीय सुविधाओं और अनुदानों को समाप्त कर प्रदेश के विकास हितों को नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद हिमाचल को लगातार राजस्व हानि का सामना करना पड़ रहा है और पिछले कुछ वर्षों में राज्य को लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार से कोई विशेष राहत नहीं मिली है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पहले कई योजनाओं में 90:10 के अनुपात में केंद्र और राज्य की साझेदारी होती थी, जिसे समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत कर्मचारियों का लगभग 10 हजार करोड़ रुपये केंद्र के पास लंबित है। विनय कुमार ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रदेश के साथ किए जा रहे अन्याय का जवाब जनता आगामी विधानसभा चुनावों में देगी और भाजपा को इसका राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# सिया हत्याकांड: दो माह बाद भी नहीं हुआ चालान

## लोगों में बढ़ता जा रहा आक्रोश, गोपालपुर-नैण की महिलाएं हुईं एकजुट

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** गोपालपुर क्षेत्र के नैण गांव में 13 अप्रैल को सिया गुलेरिया की निर्ममता से की गई हत्या की पुलिस जांच अभी तक भी पूरा न होने और कोर्ट में चालान पेश न होने के कारण स्थानीय लोगों और परिवारजनों में भारी नाराजगी है। इस बारे आज गोपालपुर और नैण गांवों के पंचायत प्रतिनिधयों, महिला मंडलों की बैठकें आयोजित की गई जिनमें राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं एवं पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह, ज्ञान विज्ञान समिति की सचिव सुनीता पटियाल पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर नंद लाल गोपालपुर और ठाना पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और महिला मंडलों की प्रधान, सचिव और सदस्यों के अलावा दिवंगत सिया की माता,बहनों व अन्य परिवारजनों ने भाग लिया।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सिया न्याय एवं यादगार मंच ने मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश शिमला को एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से 4 मई को मांगपत्र भेजे थे और स्थानीय पुलिस से कोर्ट में जल्दी चालान पेश करने की मांग की थी लेकिन वो अभी तक नहीं किया गया है। इसलिए परिवाजनों, पंचायत प्रतिनिधीयों, महिला मण्डलों और स्थानीय लोगों में भारी नाराज़गी है, जिसके लिए जल्दी ही सरकाघाट में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।भूपेंद्र सिंह ने कहा कि इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और परिवार को वित्तिय सहायता प्रदान की जाये या सिया की बहनों को नॉकरी दी जाये। उन्होंने बताया कि दिवंगत सिया बेटी की यादगार में स्टैचू लगाया जाएगा और कॉलेज तथा स्कूल में लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।



एकजुट हुए पंचायत प्रतिनिधि और महिला मंडल। (इनसेट) सिया का फाइल फोटो।

◆ अगले सप्ताह सरकाघाट में प्रदर्शन का ऐलान

◆ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और परिवार को रोजगार देने की उठाई मांग

# कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र के उबादेश में कांग्रेस पार्टी को उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा जब रतनाडी पंचायत से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता प्रमोद भोलटा और विकास भावटा ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन की गरिमामयी उपस्थिति में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रवादी विचारधारा में विश्वास जताया। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा व रतनाडी पंचायत के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में भाजपा का जनाधार और प्रभाव बढ़ेगा। चेतन बरागटा ने कहा कि केंद्र सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों से प्रभावित होकर लगातार लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रमोद भोलटा और विकास भावटा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



### बुजुर्गों की दवाई, बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी के लिए दी मदद

# विवेक शर्मा ने 25 जरूरतमंद परिवारों को बांटे सवा चार लाख रुपए के सहायता चेक

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक बार फिर जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आते हुए जोगी पंगा स्थित अपने कार्यालय में 25 परिवारों को आर्थिक सहायता चेक वितरित किए। इस दौरान कुल 4 लाख 15 हजार रुपए की राशि विभिन्न जरूरतों के लिए प्रदान की गई। सहायता प्राप्त करने वाले परिवारों में ऐसे लोग शामिल रहे जिन्हें बुजुर्गों के इलाज दवाइयों, बच्चों की शिक्षा तथा बेटियों की शादी के लिए आर्थिक सहयोग की आवश्यकता थी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका संकल्प कुटलैहड़ क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों तक हर संभव सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना केवल राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह सेवा और सहायता का क्रम लगातार जारी रहेगा। चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान कई परिवारों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महंगाई और आर्थिक कठिनाइयों के बीच यह सहायता उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।



# सेवा संकल्प समिति ने रोगियों की मदद के लिए दिए ढाई लाख रुपए

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट की मासिक कार्यकारिणी बैठक समिति के अध्यक्ष चन्द्रमणि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्राप्त 30 रोगियों के आवेदनों पर विचार किया गया, जिनमें से 24 आवेदन पात्र पाए गए। समिति के नियमों के अनुसार किसी भी व्यक्ति को दो वर्षों में केवल एक बार ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पात्र रोगियों को कुल 2 लाख 46 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई। समिति वर्ष 2011 से अपने सदस्यों के सहयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य तथा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित जरूरतमंद लोगों को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। बैठक में 17 जून को शिव मंदिर सरकाघाट में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होने वाले समिति के वार्षिक सम्मेलन एवं द्विवर्षीय चुनाव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। समिति के महासचिव राकेश पंकज ने सभी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में कुल 27 सदस्यों ने भाग लिया तथा चुनाव एवं सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

◆ 17 जून को आयोजित होगा समिति का वार्षिक सम्मेलन

# हत्या मामले में चार संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों की मदद से दबोचे सारे आरोपी

अनंत ज्ञान

**बड़ूही, ऊना।** जिला ऊना के चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत भैरा-धुसाड़ा की सीमा पर नालागढ़ पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये आरोपी हत्या, लूटपाट और चोरी जैसे गंभीर मामलों में कथित रूप से संलिप्त बताए जा रहे हैं। थाना नालागढ़ के प्रभारी नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान चार संदिग्ध व्यक्ति एक ढाबे पर रुके हुए पाए गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया, जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। हालांकि पुलिस की तत्परता और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे भी करीब आधे घंटे बाद पकड़ लिया गया। सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में हत्या और लूटपाट के मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि वे उत्तर प्रदेश से एक महिंद्रा पिकअप चोरी कर हिमाचल-पंजाब सीमा क्षेत्र में पहुंचे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बद्दी-नालागढ़ क्षेत्र में भी चोरी की वारदातों में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। नालागढ़ पुलिस को चोरी की शिकायत मिलने के बाद जांच तेज की गई थी। इसी क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर भैरा-धुसाड़ा सीमा क्षेत्र में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों और चोरी की गई पिकअप को पुलिस अपने साथ नालागढ़ ले गई है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी नरेंद्र ने बताया कि पुलिस काफी समय से इन संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को उन्हें पकड़ने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि नालागढ़ क्षेत्र में इनके खिलाफ चोरी के मामले दर्ज हैं, जबकि अन्य स्थानों पर भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता की जानकारी मिली है, जिसकी जांच जारी है। वहीं पंचायत प्रधान एवं नंबरदार बलदेव सिंह ने पुलिस कार्रवाई में सहयोग करने वाले ग्रामीणों और युवाओं की सराहना की।

# संघ ने पीईटी से डीपीई पदोन्नति के लिए बुलंद की अपनी आवाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश शारीरिक शिक्षक संघ ने प्रदेश सरकार से शारीरिक शिक्षकों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित चौहान ने कहा कि पिछले चार वर्षों से पीईटी (फिजिकल एजुकेशन टीचर) से डीपीई (डिस्ट्रिक्ट फिजिकल एजुकेशन) पदों पर पदोन्नति नहीं हुई है, जिससे शारीरिक शिक्षकों में निराशा का माहौल है। उन्होंने बताया कि संघ अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तथा विभागीय अधिकारियों के समक्ष कई बार मामला उठा चुका है। संघ का कहना है कि प्रदेश में डीपीई के 1576 स्वीकृत पदों में से 486 पदों को समाप्त कर लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन कैडर को दे दिया गया, जिससे पदोन्नति की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। संघ का आरोप है कि यह निर्णय शारीरिक शिक्षकों के हितों के विपरीत रहा है। ललित चौहान ने कहा कि प्रदेश के कई वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में आज भी डीपीई के पद सृजित नहीं हुए हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा विषय का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री ने भी इस मांग को उचित मानते हुए विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। संघ के अनुसार अनेक शारीरिक शिक्षक ऐसे हैं जिन्हें नियमित हुए 12 से 13 वर्ष हो चुके हैं और उनके सेवा काल के केवल छह से सात वर्ष ही शेष बचे हैं। इसके बावजूद उन्हें पदोन्नति का अवसर नहीं मिल रहा है। संघ ने सरकार से मांग की है कि लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए।

**आश्वासन** अवकाश दिवस पर भी सचिवालय पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, एचजीटीयू प्रतिनिधिमंडल से की लंबी चर्चा, बोले-

# प्रदेश के शिक्षकों की 39 मांगों पर सरकार गंभीर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार व शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। अवकाश दिवस होने के बावजूद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सचिवालय पहुंचे और हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के राज्याध्यक्ष वीरेंद्र चौहान के नेतृत्व में आए शिक्षक प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत 39 सूत्रीय मांग-पत्र पर गंभीर चर्चा हुई तथा कई विषयों पर सकारात्मक सहमति बनती दिखाई दी।

बैठक के दौरान शिक्षक संघ ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षकों को लगातार बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों से राहत दी जानी चाहिए ताकि वे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। विशेष रूप से जनगणना जैसे बड़े कार्यों के दौरान विद्यालयी समय में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर चिंता व्यक्त की गई। संघ ने स्थानांतरण नीति में संशोधन, एसीपी लाभों की बहाली, लंबित महंगाई भत्ता और वेतन एरियर जारी करने, विभिन्न श्रेणियों की पदोन्नतियों को शीघ्र पूरा करने तथा स्थानांतरणों पर लगे प्रतिबंध हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई।

बैठक में सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या, विद्यालय युक्तिकरण के प्रभाव, सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होने के बाद सामने आई व्यावहारिक चुनौतियों और शिक्षकों की कमी जैसे विषयों पर भी गंभीर मंथन हुआ। संघ ने टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नतियों में तेजी लाने, एम.फिल. एवं पीएच.डी. धारक शिक्षकों को अतिरिक्त वेतनवृद्धियां देने, कॉलेज कैडर में स्कूल कैडर के लिए पदोन्नति कोटा सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा एवं समाज सेवा विषय शुरू करने की मांग भी रखी।



एचजीटीयू की मांगों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर प्रतिनिधिमंडल संग चर्चा करते शिक्षा मंत्री रोहित।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को विस्तार से सुना और अधिकांश मांगों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। उन्होंने जुलाई के प्रथम सप्ताह में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की संयुक्त उच्चस्तरीय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

इस बैठक में मांग-पत्र के प्रत्येक बिंदु का विभागीय स्तर पर परीक्षण किया जाएगा और जिन मामलों में प्रशासनिक अथवा वित्तीय स्वीकृति आवश्यक होगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

### संघ ने संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान पर भी बनाई रणनीति

**बैठक** के उपरांत समग्र शिक्षा परिसर में एचजीटीयू की कार्यकारिणी एवं कार्यपरिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से 70 से अधिक शिक्षक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2026-29 के सदस्यता अभियान, संगठनात्मक चुनावों तथा शिक्षकों से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सदस्यता स्लिपों का वितरण कर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने की रणनीति भी तय की गई।